नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009
वर्ष : 12
अंक : 46
सोमवार, 12 से 18 दिसम्बर 2022
मूल्य : 5 रू प्रति
रू 250 वार्षिक

एनसीआर में फिर बढ़े सीएनजी के दाम, नई दरें लागू 03
बिहार में शराबबंदी के पेंच 08
चीन से निपटने में भारत की मदद करेगा अमेरिका 10
भारत ने जीता तीसरा दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप 11

# NCR समाचार


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

सेल्फी से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक 12

### पीएम मोदी के खिलाफ भुट्टो के बयान पर भारत में बवाल

# देशभर में बीजेपी का धरना-प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ बीजेपी बेहद गुस्से में है। भुट्टो के बयान के बाद से भारत में सियासी बवाल मचा हुआ है। बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे हुए हैं। पाकिस्तानी नेता के घोर निंदनीय बयान के विरूद्ध पूरे उत्तर प्रदेश में आज बीजेपी के कार्यकर्ता धरना पदर्शन करेंगे। विपक्षी नेताओं ने भी भुट्टो के बयान की कड़ी निंदा करते हुए अपने गिरेबां में झांकने की नसीहत दी है।

**यूपी में होगा बड़ा प्रदर्शन**

आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े राज्य यूपी में सत्तारूढ़ बीजेपी जोरदार धरना पदर्शन करने जा रही है। राजधानी लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे, जबकि जिला स्तर पर होने वाले प्रदर्शन में पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

**पाक उच्चायोग के सामने बीजेपी ने किया था प्रदर्शन**

शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के सैंकड़ों कार्यकताओं ने सांसद तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया था। उच्चायोग के बाहर दिल्ली पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड को आक्रोशित कार्यकताओं ने तोड़ दिया था।




इस दौरान दिल्ली पुलिस ने कई बीजेपी कार्यकताओं को हिरासत मंड भी लिया था। भाजयुमो के अध्यक्ष सूर्या ने विदेश मंत्री बिलावट भुट्टो को पाकिस्तान का पप्पु कहा था। उन्होंने कहा, बिलावल की मां बेनजीर भुट्टो की हत्या भी आतंकियों ने की थी। इसके बाद भी वो आतंकियों के साथ खड़े हैं। आज दुनिया पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो रही है।

**कांग्रेस ने भुट्टो को दी नसीहत**

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी पाक विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को आड़े हाथों लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बिलावल भुट्टो ने एक विदेश मंत्री की तरह नहीं बोला। उनको सुनकर ऐसा लगा कि कोई दुष्प्रचार करने वाला बोल रहा हो। सिंघवी ने भुट्टो को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें बेनजीर भुट्टो सहित हजारों पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या के कारणों पर गौर करना चाहिए।

**भारत ने पाकिस्तान को 1971 याद दिलाया**

बिलावल भुट्टो के बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने जोरदार पलटवार किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि शायग भुट्टो 1971 भूल गए हैं जब पाकिस्तानियों ने बंगालियों और हिंदुओं का खून बहाया था। बागची ने कहा कि बिलावल का बयान पाकिस्तान के स्तर को जाहिर करता है। इससे जाहिर होता है कि जहर उगलने के लिए पाकिस्तान किस हद तक जा सकता है। वहीं, विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि बिलावल एक फेल हो चुके देश के प्रतिनिधि हैं और खुद भी फेल हो चुके हैं। आतंकी मानसिकता वाले लोगों से आप और क्या ही उम्मीद कर सकते हैं।

**जानें क्या है पूरा विवाद**

पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र में बैठक के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान द्वारा कश्मीर राग छेड़ने पर जमकर क्लास लगाई गई थी। जयशंकर ने ओसामा बिन लादेन और भारत में हुए आंतकी हमलों में पाकिस्तानी आंतकियों के शामिल होने का जिक्र करते हुए आईना दिखाया था। इसके अलावा प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के सांप वाले बयान का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को आतंकियों का पोषक बताया था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर के इन बयानों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एकबार फिर पाकिस्तान को एक्सपोज कर दिया। तमतमाए पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने इसका जवाब देते हुए कूटनीति की सभी मयार्दाओं को लांघ दिया। उन्होंने कहा था, ओसामा बिल लादेन को मर गया, लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और वह भारत का प्रधानमंत्री है। भुट्टो यहीं नहीं रूके उन्होंने कहा कि मोदी और जयशंकर भारत के नहीं बल्कि आरएसएस के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री हैं। भारत सरकार गांधी के सिद्धातों में नहीं बल्कि उनकी हत्या करने वालों के सिद्धातों पर यकीन रखती है। जो कि हिटलप से प्रभावित है।

## अर्जेंटीना 36 साल बाद बना विश्व चैंपियन

**लुसैल, एजेंसी।** सर्वकालिक महान फुटबॉलर लियोनेल आंद्रेस मेसी की बदौलत अर्जेंटीना ने रविवार को फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक फाइनल में फ्रांस को 3-3 (शूटआउट 4-2) से हराकर 36 साल बाद विश्व विजेता का खिताब हासिल कर लिया।



लुसैल स्टेडियम पर आयोजित खिताबी मुकाबले में लियोनेल मेसी ने 23वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना का खाता खोला, जबकि एंजल डी मारिया ने 36वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया। अर्जेंटीना एकतरफा जीत की ओर बढ़ रही थी लेकिन कीलियन एमबापे ने 80वें और 81वें मिनट में गोल जमाकर गत चैंपियन फ्रांस की मैच में वापसी करवाई। मेसी ने 109वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को एक बार फिर बढ़त दिला दी, लेकिन एमबापे 118वें मिनट में गोल जमाकर मैच को पेनल्टी शूटआउट में ले गये।

एमबापे ने शूटआउट में गोल करके फ्रांस का खाता खोला, लेकिन उनके अलावा कोलो मुआनी ही फ्रांस के लिये गोल कर सके। दूसरी ओर मेसी, डाइबाला, पारेडेस और मोंटियेल ने शूटआउट में गोल करके चार दशक बाद अर्जेंटीना को विश्व विजेता बनाया। अर्जेंटीना पिछले 20 साल में खिताब जीतने वाली पहली गैर-यूरोपीय टीम है। अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे मेसी ने भी इस जीत के साथ विश्व विजेता का ताज अपने सिर सजाने का सपना पूरा कर लिया।

## चीन कर रहा है युद्ध की तैयारी मगर सरकार सो रही है : राहुल गांधी

**जयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर चीन सीमा मामले में अनदेखी करने एवं रणनीतिक रुप से काम नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है लेकिन सरकार सोई हुई हैं और इसे छुपा रही है।



कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे श्री राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा के आज सौ दिन पूरे होने के अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में यह बात कही। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा ह्लमुझे जो दिख रहा है कि जो चीन का थ्रेट हैं, मैं दो-तीन सालो से कहा रहा हूं और स्पष्ट है कि सरकार उसे छुपाने की कोशिश कर रही है। सरकार चीन की इस थ्रेट को अनदेखी कर रही है लेकिन इसे न छिपाया जा सकता है और न नहीं इसे अनदेखा किया जा सकता है ह्व

उन्होंने कहा कि चीन की पूरी तैयारी लद्दाख एवं अरुणाचल प्रदेश की तरफ है और तैयारी युद्ध की है। लेकिन सरकार सोई हुई हैं और वह सनुना नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी युद्ध की चल रही है। अगर कोई इन बातों को समझता हैं, उनके हथियार का पैटर्न देखे तो वह क्या कर रहे वहां पर, युद्ध की तैयारी कर रहे है और केन्द्र सरकार इस बात को छुपाती है और इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रही है।

श्री राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान की सरकार इवेंट बेस काम करती है और रणनीतिक रुप से काम नहीं करती है, जहां इंटरनेशनल रिलेशनशीप की बात आती है वहां इवेंट काम नहीं आते, वहां ताकत काम आती है।

### नोएडा में फिर ध्वस्त किए जाएंगे अवैध फार्महाउस

**नोएडा, एजेंसी।** यमुना के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउसों पर नोएडा प्राधिकरण बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। दो दिन बाद सेक्टर-150, 160, 168 और 135 बने अवैध फार्म हाउसों को बुलडोजर से ढहाया जाएगा। इसके बाद इसे मास्टर प्लान के अनुरूप बनाया जाएगा। ध्वस्तीकरण में जो भी खर्चा आएगा, उसकी भरपाई फार्म हाउस संचालकों से कराई जाएगी। इसके लिए फाइनल अप्रूवल मिल गया है। फार्म हाउस के मालिकों को सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया जा चुका है। हाल ही में डूब क्षेत्र के इन्हीं फार्म हाउसों में एक कैसिनो पकड़ा गया था। इसके बाद कार्रवाई की गतिविधि को तेज किया गया है। 30 नवंबर को प्राधिकरण ने यमुना के डूब क्षेत्र में अभियान चलाकर 30 फार्म हाउसों को ध्वस्त किए थे। अब तक कुल 150 फार्म हाउस तोड़े जा चुके है। वहीं शिकायत मिल रही है कि जिन फार्म हाउसों को तोड़ा गया वहां दोबारा से निर्माण किया जा रहा है।

## बीएसएनएल शीघ्र 4 जी और 5 जी सेवाएं शुरू करेगी : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संचार, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत ब्राडबैंड नेटवर्क लिमिटेड(बीबीएनएल) के अपने लक्ष्यों को हासिल करने में असफल रहने के आरोपों को खारिज करते हुये शुक्रवार को कहा कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) में इसके विलय से लक्ष्यों को हासिल करने में तेजी आयी है और बीएसएनएल शीघ्र ही स्वदेशी तकनीक के माध्यम से 4 जी और 5 जी सेवायें शुरू करने जा रही है।



श्री वैष्णव ने आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि बीबीएनएल का परिणाम बहुत अच्छा रहा है और अब बीबीएनएल तथा बीएसएनएल के विलय का लाभ मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि अभी हर महीने ग्रामीण क्षेत्रों में एक लाख से अधिक ब्राडबैंड कनेक्शन दिये जा रहे हैं और इसमें स्थानीय स्तर पर छोटे उद्यमियों का पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके कारण डेटा खपत भी 120 जीबी प्रति महीने पर पहुंच गयी है।

उन्होंने कांग्रेस पर 2004 से 2014 के दौरान बीएसएनएल और महानगर टेलीफोन नगर लिमिटेड (एमटीएनएल) के साथ अत्याचार करने का आरोप लगाते हुये कहा कि इन दोनों कंपनियों को सोच समझ कर बर्वाद किया गया। मोदी सरकार ने इन कंपनियों को पटरी पर लाने की पहल की है और वर्ष 2019 में बीएसएनएल को 70 हजार करोड़ रुपये का पैकज दिया गया। इसके बल पर वह अब परिचालन लाभ की स्थिति में है और अभी चालू वर्ष में भी 1.64 लाख करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया है।

श्री वैष्णव ने कहा कि बीएसएनएल और एमटीएनएल बहुत जल्द 4 जी और 5 जी सेवायें शुरू करने वाले हैं जो स्वदेशी तकनीक पर आधारित होगी।

### बिहार जहरीली शराब कांड

## एनएचआरसी का बिहार सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने शुक्रवार को बिहार सरकार को जहरीली शराब त्रासदी के कारण राज्य में हुई कई मौतों को लेकर नोटिस जारी किया।




बिहार के सारण जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब के सेवन से कई लोगों की मौत होने की मीडिया में आई खबरों का स्वतः संज्ञान लेते हुए एनएचआरसी ने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर मामले की स्थिति सहित विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी, अस्पताल में भर्ती पीड़ितों का चिकित्सा उपचार, और पीड़ित परिवारों को मुआवजा, यदि दिया गया हो, आदि का भी विवरण मांगा है।

आयोग ने कहा कि उसने इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में भी पूछा है।

एनएचआरसी ने कहा है कि राज्य के अधिकारियों से जल्द से जल्द प्रतिक्रिया की उम्मीद है, लेकिन इन आदेशों के जारी होने के चार सप्ताह के भीतर होना चाहिए। एनएचआरसी ने कहा, मीडिया रिपोर्टों की सामग्री, अगर सच है, तो मानवाधिकारों के लिए चिंता पैदा करती है। यह घटना राज्य सरकार की अवैध/नकली शराब की बिक्री और खपत पर प्रतिबंध लगाने की अपनी नीति को लागू करने में विफलता का संकेत देती है।

गौरतलब है कि 15 दिसंबर की मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक बिहार के सारण जिले के महरौरा अनुमंडल के मशरख, ईशुआपुर और अमनौर थाना क्षेत्र के तीन गांवों में जहरीली शराब पीने के कारण कई मौतों की सूचना मिली है। पुलिस को शक है कि ग्रामीणों ने आसपास के इलाकों में एक आम दुकान से शराब खरीदी होगी। मृतक के परिजनों ने कथित तौर पर बताया है कि 50 से अधिक लोगों ने देशी शराब का सेवन किया था।

इसबीच उच्चतम न्यायालय में एक गैर सरकारी संगठन की ओर से आज दायर याचिका में कहा गया है कि गत 14 दिसंबर को बिहार के सारण जिले में हाल ही में हुई जहरीली शराब त्रासदी से देश में कोहराम मचा है।

जहरीली शराब के सेवन से अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है , जबकि अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और इस घटना की कोई आधिकारिक रिपोर्ट नहीं है।

## रक्षा मंत्रालय के लिए क्रांतिकारी सुधारों का साल रहा 2022

- कई देशों ने भारतीय प्लेटफार्मों में गहरी रुचि दिखाई, रक्षा निर्यात का रिकॉर्ड बना
- 'मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के अनुरूप रक्षा निर्यात बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्रालय के लिए 2022 क्रांतिकारी सुधारों का साल साबित हुआ। इस साल सेना को युवा, आधुनिक और 'आत्मनिर्भर' बनाने के लिए कई बड़े कदम उठाए गए। 'मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के अनुरूप वैश्विक शांति और समृद्धि के सामूहिक लक्ष्य हासिल करने के लिए रक्षा निर्यात बढ़ाने के निरंतर प्रयास किये गए। कई देशों ने भारतीय प्लेटफार्मों में गहरी रुचि दिखाई, जिससे रक्षा निर्यात का रिकॉर्ड बना। सीमा क्षेत्र विकास, नारी शक्ति, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का विस्तार और युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए नए सैनिक स्कूलों की स्थापना नए सिरे से आगे बढ़ी।

**सेना को युवा बनाने के लिए अग्निपथ योजना**

सरकार ने सशस्त्र बलों में युवाओं की भर्ती के लिए जून में अग्निपथ योजना शुरू की, जिससे अग्नि वीरों को चार साल की अवधि के लिए देश की सेवा करने की अनुमति मिली। इस योजना के तहत तीनों सेनाओं में होने वाली भर्ती के लिए आकर्षक मासिक पैकेज और एक बार 'सेवा निधि' पैकेज शामिल है। अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में 37.09 लाख, भारतीय नौसेना में 9.55 लाख और भारतीय वायु सेना में 7.69 लाख पंजीकरण किये गए हैं। अग्नि वीरों को बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ शीघ्र प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी है।

**'आत्मनिर्भर भारत' की मिसाल आईएनएस विक्रांत**

इसी साल सितंबर में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत नौसेना के बेड़े में कमीशन किया। 76 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ, 262.5 मीटर लंबा और 61.6 मीटर चौड़ा जहाज अत्याधुनिक उपकरणों/प्रणालियों से लैस है, जिसे लगभग 1,600 अधिकारियों और नाविकों के चालक दल के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिग-29के फाइटर जेट्स, कामोव-31, एमएच-60आर मल्टी-रोल हेलीकॉप्टरों से युक्त 30 विमानों से युक्त एयर विंग को संचालित करने में सक्षम है।



**लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड'**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अक्टूबर में लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' को औपचारिक रूप से भारतीय वायु सेना में शामिल किया। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है। यह देश का पहला स्वदेशी मल्टी रोल हेलीकॉप्टर है, जिसमें शक्तिशाली ग्राउंड अटैक और हवाई युद्ध क्षमता है। ऑनबोर्ड एडवांस्ड नेविगेशन सिस्टम, नजदीकी मुकाबले के लिए बनाई गई बंदूकें और शक्तिशाली हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें एलसीएच को आधुनिक युद्ध के मैदान के लिए विशेष रूप से अनुकूल बनाती हैं। यह उच्च ऊंचाई वाले इलाकों से संचालित करने और उच्च ऊंचाई वाले लक्ष्यों पर सटीक प्रहार करने में सक्षम है।

**इंडियन नेवल एयर स्क्वाड्रन**

स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-क्क्क का संचालन करने के लिए इंडियन नेवल एयर स्क्वाड्रन 325 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया है। भारतीय नौसेना में स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) मार्क-क्क्क के लिए कमीशन की गई यह दूसरी स्क्वाड्रन है। अत्याधुनिक मल्टी रोल हेलीकॉप्टर का विकास और निर्माण एचएएल ने किया है। यह हेलीकॉप्टर उन्नत राडार के साथ-साथ इलेक्ट्रो ऑप्टिकल सेंसर, शक्ति इंजन, फुल ग्लास कॉकपिट, हाई-इंटेंसिटी सर्च लाइट, उन्नत संचार प्रणाली, स्वचालित पहचान प्रणाली के साथ-साथ खोज-उपकरण सहित अत्याधुनिक उपकरण से लैस हैं।

**मिसाइल डेस्ट्रॉयर, फ्रिगेट्स**

रक्षा मंत्री ने मई में मझगांव डॉक्स लिमिटेड, मुंबई में भारतीय नौसेना के दो फ्रंटलाइन युद्धपोत 'सूरत' और 'उदयगिरि' लॉन्च किए। 'सूरत' प्रोजेक्ट 15-बी वर्ग का चौथा स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जबकि 'उदयगिरि' प्रोजेक्ट 17-ए वर्ग का दूसरा स्टील्थ फ्रिगेट है। प्रोजेक्ट 15 बी वर्ग के जहाज भारतीय नौसेना की अगली पीढ़ी के स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक हैं।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोन:
8888883968,
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में
### आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**शिमला/ एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के साथ-साथ भारत-तिब्बत अंतरराष्ट्रीय सीमा के गांवों में बीती रात 3.40 तीव्रता का भूकंप आया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक रात करीब 10 बजकर 2 मिनट पर तीन से चार झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र 5 किलोमीटर गहराई पर किन्नौर का नाको था। भूकंप के झटके नाको के अलावा चीन सीमा से सटे चांगो, समदो, पूह, खाब, रिकांग पियो में भी महसूस किए गए। चंद सेकेंड तक आए भूकंप के झटकों ने लोगों को अपने घरों से बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया। जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

## तालिबान से जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों की निगरानी करने वाली टीम के कार्यकाल बढ़ा

**न्यूयॉर्क/ एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अफगानिस्तान में तालिबान से जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों की निगरानी करने वाली टीम का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया है। सर्वसम्मति से प्रस्ताव 2665 को अपनाते हुए परिषद ने शुक्रवार को तालिबान से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के साथ-साथ तालिबान से जुड़े अन्य व्यक्तियों, समूहों, उपक्रमों और संस्थाओं के खिलाफ जो अफगानिस्तान की शांति, स्थिरता और सुरक्षा खतरे प्रतिबंधों की निगरानी करने वाली टीम के जनादेश को 12 महीने तक बढ़ाने का फैसला किया। परिषद ने निगरानी दल को निर्देशित किया कि संकल्प 2255 में लगाए गए उपायों के अनुपालन न करने की घटनाओं पर जानकारी एकत्र करे। इस टीम का वर्तमान शासनादेश 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

## राहुल देश के लिए शर्मिंदगी का बड़ा कारण बन गए हैं : रीजीजू

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने चीन और सेना पर टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि वह न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि भी बिगाड़ रहे हैं।

राहुल ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है, जबकि भारत सरकार सोई हुई है और खतरे को नजरअंदाज करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि चीन ने 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र छीन लिया है, 20 भारतीय सैनिकों की हत्या कर दी है और ''अरुणाचल प्रदेश में हमारे जवानों को पीट रहा है।''

रीजीजू ने ट्वीट किया, ''राहुल गांधी न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि भी बिगाड़ रहे हैं। वह न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए समस्या हैं, बल्कि देश के लिए शर्मिंदगी का बड़ा कारण भी बन गए हैं।'' अरुणाचल प्रदेश से सांसद रीजीजू ने कहा कि लोगों को भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है।

## सूफी सज्जादानशीन काउंसिल ने मोदी के खिलाफ भुट्टो की अभद्र टिप्पणी की निंदा की

**जयपुर/ एजेंसी।** ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के अध्यक्ष सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की अमर्यादित टिप्पणी की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया उससे न केवल उनके मंत्रालय बल्कि उनके पूरे देश की छवि खराब हुई है। उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान के विदेश मंत्री द्वारा हमारे प्रधानमंत्री और हमारी मातृभूमि के खिलाफ इस्तेमाल की गई द्वेषपूर्ण भाषा की मैं कड़ी निंदा करता हूं।''

चिश्ती ने कहा, ''बिलावल भुट्टो भूल गए हैं कि आतंकवादी ओसामा बिन लादेन मरा नहीं था, बल्कि पाकिस्तानी सरकार की नाक के नीचे अमेरिकी सेना द्वारा पाकिस्तान में मार गिराया गया था।'' चिश्ती ने कहा कि पाकिस्तान को यह ध्यान रखना चाहिए कि भारतीय मुसलमान, पाकिस्तानी मुसलमानों की तुलना में कहीं अधिक सुरक्षित और बेहतर स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि भुट्टो को भारत की तुलना अपने 'अस्थिर' देश से नहीं करनी चाहिए क्योंकि भारतीय संविधान सभी को धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

# जैव विविधता संरक्षण के लिए क्षेत्र आधारित लक्ष्य स्वीकार्य नहीं : भारत




**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कनाडा के मॉन्ट्रियल में जैव विविधता पर संयुक्त राष्ट्र के शिखर सम्मेलन में भारत ने कहा है कि जैव विविधता संरक्षण के लिए क्षेत्र आधारित लक्ष्य तय करना ''किसी एक कदम को सभी के लिए उपयुक्त'' मान लेने की तरह है, जो स्वीकार्य नहीं है। भारत ने कहा कि कृषि जैसे कमजोर क्षेत्रों के लिए आवश्यक सहायता को सब्सिडी नहीं कहा जा सकता और इसे समाप्त करने का लक्ष्य नहीं रखा जा सकता।

भारत सहित 196 देशों के प्रतिनिधि सात दिसंबर से शुरू हुए संयुक्त राष्ट्र के जैवविविधता शिखर सम्मेलन (सीओपी15) में नई वैश्विक जैवविविधता रूपरेखा (जीबीएफ) पर वार्ता को अंतिम रूप देने की उम्मीद से एकत्रित हुए हैं। जीबीएफ उन नए लक्ष्यों को निर्धारित करेगी, जो 2030 तक प्रकृति के संरक्षण के लिए वैश्विक कार्यों का मार्गदर्शन करेंगे।

सीओपी-15 में जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना करके और अन्य क्षेत्र आधारित संरक्षण के लिए कदम उठाकर पृथ्वी की 30 प्रतिशत भूमि एवं सागर को संरक्षित करना शामिल है, जिसे ''30 गुणा 30'' संरक्षण लक्ष्य नाम दिया गया है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को सीओपी15 में कहा, ''हमारा अनुभव कहता है कि क्षेत्र-आधारित लक्ष्य निर्धारित करना 'किसी एक कदम को सभी के लिए उपयुक्त मानने' के दृष्टिकरण की तरह है, जो स्वीकार्य नहीं है।''

पक्षकार जीवाश्म ईंधन उत्पादन, कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन के लिए सब्सिडी समेत पर्यावरण के लिए हानिकारक अन्य सब्सिडी को खत्म करने और इस धन का इस्तेमाल जैव विविधता संरक्षण के लिए करने पर आम सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत ने कहा कि ''कमजोर क्षेत्रों के लिए आवश्यक समर्थन को सब्सिडी नहीं कहा जा सकता है और उन्हें उन्मूलन के लिए लक्षित नहीं किया जा सकता'', लेकिन उन्हें तर्कसंगत बनाया जा सकता है। भारत ने सकारात्मक निवेश के माध्यम से जैव विविधता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

यादव ने कहा, ''अन्य विकासशील देशों की तरह हमारी कृषि करोड़ों लोगों के जीवन, आजीविका और संस्कृति का स्रोत है। उनकी गतिविधियों के आधुनिकीकरण में मदद करते हुए उनकी खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।'' यादव शुक्रवार को मॉन्ट्रियल पहुंचे और वह अगले सप्ताह वार्ता के अंतिम चरण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## उच्चतम न्यायालय ने बिल्कीस बानो की पुनरीक्षण याचिका खारिज की

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बिल्कीस बानो की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की सजा माफ करने की याचिका पर गुजरात सरकार से विचार करने के लिए कहने संबंधी शीर्ष अदालत के आदेश की समीक्षा का अनुरोध किया गया था। बानो 2002 में गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार की शिकार हुई थीं और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी।

प्रक्रिया के अनुसार, शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका पर फैसला संबंधित निर्णय सुनाने वाले न्यायाधीश अपने कक्ष में करते हैं। कक्ष में विचार करने के लिए यह याचिका 13 दिसंबर को न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ के समक्ष आई थी।

शीर्ष अदालत के सहायक पंजीयक द्वारा बानो की वकील शोभा गुप्ता को भेजे गए संदेश में कहा गया है, ''मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि उच्चतम न्यायालय में दायर उक्त पुनरीक्षण याचिका 13 दिसंबर 2022 को खारिज कर दी गई।'' बानो ने एक दोषी की याचिका पर शीर्ष अदालत द्वारा 13 मई को सुनाए गए आदेश की समीक्षा किए जाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष अदालत ने गुजरात सरकार से नौ जुलाई 1992 की नीति के तहत दोषियों की समय से पूर्व रिहाई की मांग वाली याचिका पर दो महीने के भीतर विचार करने को कहा था। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों की सजा माफ करते हुए उन्हें 15 अगस्त को रिहा कर दिया था।

## वर्जीनिया में सरकारी उपकरणों में टिकटॉक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

**रिचमंड (अमेरिका)/ एजेंसी।** अमेरिकी राज्य वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने शुक्रवार को 'टिकटॉक' और 'वीचैट' सहित कई चीनी ऐप को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए राज्य सरकार के उपकरणों और वायरलेस नेटवर्क पर इनके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यंगकिन के शासकीय आदेश में 'बाइटडांस' और 'टेनसेंट' द्वारा विकसित ऐप का भी जिक्र है। जिन कंपनियों का वर्जीनिया से अनुबंध है उन्हें भी राज्य के स्वामित्व वाले उपकरणों या सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचों में इन ऐप का इस्तेमाल नहीं करना होगा।

आदेश में कहा गया है, '''टिकटॉक' और 'वीचैट' के डाटा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के लिए सूचना प्राप्त करने का एक माध्यम हैं और उनकी निरंतर उपस्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा, खुफिया समुदाय और हर एक अमेरिकी नागरिक की व्यक्तिगत गोपनीयता के लिए खतरा है।''

## गलवान, तवांग में भारतीय सेना ने जो बहादुरी और साहस दिखाया, वह सराहनीय है : राजनाथ

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि गलवान घाटी संघर्ष और अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हालिया गतिरोध के दौरान भारतीय सैनिकों ने जो बहादुरी और साहस का प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है और इसके लिए उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम है।

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) में अपने संबोधन में राजनाथ ने चीन के साथ सीमा विवाद से निपटने की सरकार की रणनीति पर ''संदेह'' करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''चाहे वह गलवान हो या तवांग, सशस्त्र बलों ने जिस तरह से बहादुरी और वीरता का प्रदर्शन किया, उसके लिए उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है।''

राजनाथ ने कहा, ''हमने विपक्ष के किसी भी नेता की मंशा पर कभी सवाल नहीं उठाया, हमने केवल नीतियों के आधार पर बहस की है। राजनीति सच्चाई पर आधारित होनी चाहिए। लंबे समय तक झूठ के आधार पर राजनीति नहीं की जा सकती है।'' उन्होंने



कहा, ''समाज को सही रास्ते की ओर ले जाने की प्रक्रिया को 'राजनीति' कहा जाता है। हमेशा किसी की मंशा पर संदेह करना, इसका कारण मेरी समझ में नहीं आता।'' राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत का कद काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अब भारत विश्व मंच पर एजेंडा सेट करने की दिशा में काम कर रहा है।

## मलेशिया में भूस्खलन में मरने वालों की संख्या हुई 21

**कुआलालंपुर/ एजेंसी।** मलेशिया के सेलांगोर राज्य में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है, जबकि 12 अन्य अभी भी लापता हैं। यह जानकारी एक मलेशियाई अधिकारी ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार उप प्रधान मंत्री अहमद जाहिद हमीदी ने कहा कि खोज और बचाव अभियान अभी भी जारी है और एजेंसियां पीड़ितों की तलाश कर रही हैं। इसके लिए मशीनरी और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

क्षेत्र का दौरा करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, इस त्रासदी में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। अहमद जाहिद ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में विशेष रूप से पूर्वी तट पर भारी बारिश की उम्मीद के साथ ढलानों और पहाड़ियों पर पानी की तेज धाराएं बहेंगी, जिससे आगे भूस्खलन हो सकता है, ऐसे सभी शिविर स्थलों को खाली करने की सलाह दी जा सकती है।

## यूक्रेन को कृषि, तेल आयात कारोबार में मदद के लिए दो अरब डॉलर की सहायता मिलेगी

**वाशिंगटन/ एजेंसी।** यूक्रेन में युद्ध के कारण तबाह हो चुके कृषि एवं तेल आयात उद्योगों के पुनर्निर्माण एवं अन्य कंपनियों की मदद के लिए निजी कारोबारों को अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) से दो अरब डॉलर की वित्तीय सहायता मिलेगी।



आईएफसी विश्व बैंक समूह का एक सदस्य है, जो विकासशील देशों में निजी क्षेत्र को वित्तीय मदद देता है। यह कर्ज अरबों डॉलर के उन अनुदान से अलग है, जो यूक्रेन को दानदाता देशों से मिले हैं। यूक्रेन को कर्ज की इस राशि को निश्चित रूप से चुकाना होगा।

यूक्रेन के वित्त मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से देश में कम से कम 50 लाख लोग रोजगार गंवा चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रीय बैंक का अनुमान है कि इस साल सितंबर तक 11 प्रतिशत कारोबार बंद हो गए और आधे से अधिक कारोबार क्षमता से कम कार्य कर रहे हैं।

देश के निजी क्षेत्र को ऋण आगामी वर्षों के लिए अहम होगा, क्योंकि यूक्रेन का वित्त मंत्रालय बजटीय घाटे से जूझ रहा है। इसके अलावा, अनुदान और अन्य विदेशी मदद की गारंटी नहीं है, क्योंकि अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी ने जनवरी में सदन का नियंत्रण अपने हाथ में आने पर इस तरह की मदद को लेकर अनिश्चितता का संकेत दिया है।

# पेरू की कांग्रेस ने समय पूर्व चुनाव कराने वाले विधेयक को किया खारिज

**लीमा/ एजेंसी।** पेरू की कांग्रेस ने दिसंबर 2023 तक आम चुनाव कराने के विधेयक को खारिज कर दिया है। चुनाव 2026 में होने हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार शुक्रवार को विधायी संविधान आयोग के अध्यक्ष हर्नांडो गुएरा ने बिल पेश किया और बताया कि यह चुनावी सुधारों को करने के लिए पर्याप्त समय देगा, लेकिन व्यापक रूप से कांग्रेस की आम सहमति हासिल करने में विफल रहा।

एक प्रस्ताव को पारित करने के लिए आवश्यक 87 मत प्राप्त करने में विफल रहने पर, विधेयक के पक्ष में 49 मत प्राप्त हुए, जिसमें 33 विरोध और 25 मतदान से अनुपस्थित रहे। कथित स्थायी नैतिक अक्षमता और कैस्टिलो को बदलने के लिए उपराष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे के शपथ ग्रहण पर 7 दिसंबर को कास्टिलो की गिरफ्तारी



और गिरफ्तारी के बाद एक राष्ट्रव्यापी राजनीतिक अशांति के बीच बिल पेश किया गया था।

2026 तक राष्ट्रपति पद पर रहने के लिए बोलुआर्टे का विरोध करते हुए, बिल का उद्देश्य 30 अप्रैल, 2024 को उनके कार्यालय का कार्यकाल और उसी वर्ष 28 अप्रैल को कांग्रेस का कार्यकाल कम करना है। आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार बोलुआर्टे के इस्तीफे, कांग्रेस के बंद, कैस्टिलो की रिहाई और समय से पहले चुनाव की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों में रविवार से अब तक कम से कम 19 प्रदर्शनकारी मारे जा चुके हैं।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस स्टेशनों को आग लगा दी, पेरू के मुख्य राजमार्ग को बाधित कर दिया और हवाई अड्डों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया, जिससे सैकड़ों विदेशी पर्यटक फंसे हुए हैं। साथ ही शुक्रवार को पेरू के शिक्षा और संस्कृति मंत्रियों ने प्रदर्शनकारियों की मौत के विरोध में बोलुआर्टे को अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफा सौंप दिया।

छोड़ने वाले पहले शिक्षा मंत्री पेट्रीसिया कोरिया थे, जिनके त्याग पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था, जिसमें कहा गया था कि हमवतन लोगों की मौत का कोई औचित्य नहीं है और राज्य हिंसा असंतुलित नहीं हो सकती है और मौत का कारण बन सकती है।

कोर्रिया ने कहा कि पेरू बड़े पैमाने पर राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है जो लोकतांत्रिक दृढ़ विश्वास और आदेश के साथ-साथ पेरू के प्रत्येक नागरिक के जीवन के लिए सम्मान की मांग करता है।

संस्कृति मंत्री जायर पेरेज ने अपने पत्र में उस भावना को प्रतिध्वनित करते हुए कहा कि पेरू को शांति और प्रभावी संवाद की आवश्यकता है, अधिक हिंसा की नहीं। उन्होंने अधिकारियों से उच्चतम स्तर पर और सभी शाखाओं में पेरू के लोगों में शांति लाने के लिए प्रतिबिंबित करने और कार्रवाई करने का आह्वान किया।

बोलुआर्टे ने शुक्रवार को कहा कि वह उनकी मांगों को पूरा करने के लिए और देश में सामाजिक शांति हासिल करने के लिए व्यक्तिगत रूप से विरोध स्थलों का दौरा करने की योजना बना रही हैं। उसने कुछ कट्टरपंथियों की कड़ी निंदा की, यह कहते हुए कि वे पुलिस, सेना, नागरिकों, सार्वजनिक और निजी संस्थानों पर हमला करने के लिए लामबंद होने के अपने अधिकार का उपयोग कर रहे थे।

# सीबीआई, दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय घोटाले का पर्दाफाश करने में एफबीआई की मदद की

**वाशिंगटन/ एजेंसी।** दिल्ली पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तकनीकी सहयोग मुहैया कराने के बहाने करीब 10 साल में हजारों अमेरिकियों, विशेषकर बुजुर्गों को ठगने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करने में अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की मदद की है।

सीबीआई और दिल्ली पुलिस ने इस सप्ताह नयी दिल्ली के हर्षद मदान (34) और फरीदाबाद निवासी विकास गुप्ता (33) को गिरफ्तार किया। नयी दिल्ली निवासी तीसरा आरोपी गगन लांबा (41) अभी फरार है। जगन का भाई जतिन लांबा भी पुलिस की हिरासत में है। इन सभी पर दूरसंचार या इंटरनेट सेवा (वायर) और कंप्यूटर का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने का आरोप है।




अमेरिका के अटॉर्नी फिलप आर सेलिंगर ने एक बयान जारी कर इस घोटाले का भंडाफोड़ करने में उनकी सहायता करने के लिए सीबीआई और दिल्ली पुलिस को धन्यवाद दिया। भारतीय-अमेरिकी मेघना कुमार (50) ने इस मामले में इस सप्ताह अपने आरोप स्वीकार किए थे।

ओंटारियो निवासी 33 वर्षीय जयंत भाटिया को कनाडा के प्राधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। न्यूयॉर्क में रिचमंड हिल के निवासी 34 वर्षीय कुलविंदर सिंह पर धनधोशन और निर्दिष्ट गैरकानूनी गतिविधि से प्राप्त संपत्ति से जुड़े मौद्रिक लेन-देन में शामिल होने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

इन सभी भारतीय और भारतीय मूल के लोगों पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने वैश्विक स्तर पर एक हाई-टेक जबरन वसूली योजना चलाने के लिए लोगों के निजी कंप्यूटर तक पहुंच का इस्तेमाल किया।

## नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की जांच शुरू

**वाशिंगटन/ एजेंसी।** अमेरिका का एक विश्वविद्यालय नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री फिलिप डायबविग के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामलों की जांच कर रहा है। हालांकि, डायबविग के वकील ने इन आरोपों को ''पेशेवर प्रतिद्वंद्वता'' बताकर खारिज किया है।

डायबविग के वकील एंड्रयू मिलटनबर्ग ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी का कार्यालय पिछले कुछ सप्ताह से उनके मुवक्किल से पूछताछ कर रहा है। मिलटनबर्ग ने इन आरोपों को ''तथ्यात्मक रूप से झूठे'' बताया। विश्वविद्यालय में लंबे समय से बैंकिंग एवं वित्त संबंधी विषयों के प्रोफेसर डायबविग ने इस संबंध में उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया है।



डायबविग, अमेरिकी अर्थशास्त्री डगलस डब्ल्यू डायमंड और फेडरल रिजर्व के पूर्व अध्यक्ष बेन एस बर्नान्के को बैंकों की असफलता पर शोध के लिए इस साल अक्टूबर में अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' ने बताया कि उसने उन ईमेल की समीक्षा की है, जो दिखाते हैं कि विश्वविद्यालय परिसर में यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने वाले कार्यालय ने डायबविग के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए अक्टूबर से कम से कम तीन पूर्व छात्राओं से पूछताछ की है।

ब्लूमबर्ग ने बताया कि उसने डायबविग पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली सात पूर्व छात्राओं से बात की है, जिनमें से तीन से विश्वविद्यालय के कार्यालय ने पूछताछ की। इन पीड़िताओं में से अधिकतर ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की खर्त पर ब्लूमबर्ग से बात की।

नोबेल पुरस्कार की आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के अध्यक्ष टोरे एलिंगसन ने ब्लूमबर्ग को बताया कि 'रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंस' ने यह सुनिश्चित करने के लिए विश्वविद्यालय से संपर्क किया है कि वे आरोपों की जांच के लिए उचित एवं निष्पक्ष प्रक्रिया अपनाएं।

मिलटनबर्ग ने कहा कि आरोप जिस समय में लगाए हैं, उसे लेकर उनके मन में संदेह है। उन्होंने कहा कि आरोप ऐसे समय में लगाए गए हैं, जब पुरस्कारों को घोषणा की जा चुकी है, लेकिन पुरस्कार वितरण समारोह नहीं हुआ है।

# तेदेपा और वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं में झड़प, माचेर्ला में निषेधाज्ञा लागू

**अमरावती/ एजेंसी।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस (वाईएसआरसीपी) और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद पलनाडु जिले के माचेर्ला शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। विपक्षी दल तेदेपा द्वारा एक कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई रैली के दौरान यह झड़प हुई।

तेदेपा ने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी के कार्यकर्ताओं ने उसके नेताओं के वाहनों और मकानों में आग लगा दी। भीड़ द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

पलनाडु के पुलिस अधीक्षक वाई रवि शंकर रेड्डी ने कहा कि



पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और उग्र भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस ने हत्या के एक मामले में शामिल कुछ लोगों के माचेर्ला शहर में पनाह लेने की सूचना मिलने के बाद शनिवार सुबह तलाश अभियान चलाया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा, ''इस झड़प के पीछे गुटबाजी से जुड़े मुद्दे हैं। ये गुट किसी एक दल या अन्य दल में शामिल होते हैं और समर्थन लेते हैं। इदम खरमा राष्ट्रनीकी कार्यक्रम के दौरान एक दल के लोगों ने दूसरे दल के सदस्यों को उकसाने की कोशिश की। पथराव भी हुआ। दूसरे दल ने जवाबी कदम उठाया। किसी भी पहलू से ये झड़पें राजनीतिक मतभेदों से जुड़ी नहीं थीं, बल्कि इनके पीछे गुटबाजी थी।'' उन्होंने बताया, ÷शहर में अतिरिक्त बलों को तैनात किया गया है और धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। स्थिति नियंत्रण में है। सभी दोषियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे और जांच चल रही है।

इस बीच, तेदेपा सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर कथित हमलों की निंदा की। उन्होंने शुक्रवार रात ट्वीट किया, ''मैं माचेर्ला में तेदेपा कार्यकर्ताओं पर वाईएसआरसीपी के गुंडों के हमले, पार्टी नेताओं के मकानों में आग लगाने और पार्टी कार्यालयों में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करता हूं।

एक नजर

## सागर हत्या मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजने से इनकार, अदालत ने की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सागर धनखड़ हत्या मामले को फास्ट ट्रैक अदालत में स्थानांतरित करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने निचली अदालत को मामले की जल्द सुनवाई करने का निर्देश दिया है। इस मामले में पूर्व ओलंपियन सुशील कुमार सहित कई अन्य आरोपी हैं। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने शुक्रवार को सागर धनखड़ के पिता की ओर से दायर याचिका का निपटारा कर दिया। याची ने निर्भया सामूहिक दुष्कर्म मामले की तरह समयबद्ध निपटान के लिए मामले को फास्ट ट्रैक अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी। अदालत ने कहा, मामले में 18 के खिलाफ आरोप पत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और बाद में 2 और गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि इनके खिलाफ जल्द ही एक पूरक आरोपपत्र दायर किया जाएगा। मुकदमा साक्ष्य स्तर पर है और किसी भी हिस्से में कोई देरी नहीं हुई है। कोर्ट ने मौखिक रूप से यह भी कहा कि हर प्रतिष्ठित मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में नहीं भेजा जा सकता। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता जोगिंदर तुल्ली ने कहा कि वर्तमान मामले में आरोपी व्यक्ति अच्छी तरह से जुड़े हुए और प्रभावशाली हैं। उनमें से कुछ सरकारी कर्मचारी हैं और कुख्यात कला असोधा गिरोह के भी हैं और मुख्य साजिशकर्ता सुशील कुमार एक विश्व प्रसिद्ध हस्ती और ओलंपियन हैं।

## दिल्ली के फीनिक्स अस्पताल के बेसमेंट में लगी आग, मौके पर पहुंची दमकल की पांच गाड़ियां



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के फीनिक्स अस्पताल में भीषण आग लग गई है। ग्रेटर कैलाश पार्ट 1 में स्थित फीनिक्स अस्पताल के बेसमेंट में यह आग लगी है। आग लगने के बाद दमकल कर्मचारियों को सूचित किया गया है। इसके बाद आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची है। मरीजों को लेकर लोग चिंतित : अस्पताल में लगी आग पर जल्दी काबू नहीं पाया गया तो यह फैल सकती है। अस्पताल होने के कारण वहां भर्ती मरीजों को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

## कोठी बेचने के नाम पर 90 लाख रुपये हड़पे

**गाजियाबाद।** कोठी बेचने के नाम पर नईम इकबाल से 90 लाख रुपये हड़प लिए। इकबाल का आरोप है कि बिरजीस ने अपने परिवार के साथ मिलकर पहले कोठी का सौदा कर रुपये ले लिए। इसके बाद बैनामा करने से इनकार कर दिया जबकि किसी दूसरे व्यक्ति से उसका सौदा कर दिया। न्यू आर्यनगर निवासी नईम इकबाल का कहना है कि बिरजीस जबी, उसकी पत्नी जमीरुल्लाह खां और बेटी इजरा खां व हाजिया खां ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। इन लोगों ने मार्च 2017 में भट्टाजाट हबीबी कंपाउंड जस्सीपुरा में अपनी 749.40 वर्ग गज कोठी बेचने की बात बताई। उन्होंने 75 लाख रुपये में कोठी खरीदने का सौदा कर लिया। उन्होंने नौ मार्च 2017 को उन्हें 50 लाख रुपये और 24 मई को 25 लाख रुपये दे दिए। रुपये लेने के बाद बिरजीस जबी ने जून 2017 में कोठी का बैनामा करने की बात कही लेकिन कुछ समय बाद उनकी बेटी आई और उन्होंने कोठी ज्यादा कीमत में बेचने की बात कहने लगी।

## मतांतरण नहीं करने पर तीन सगे भाइयों ने की बहन की सास की हत्या, हिंदू युवक से किया था प्रेम विवाह





नई दिल्ली। अमन विहार इलाके में गुरुवार रात को तीन भाइयों ने दोस्त के साथ मिलकर बहन की सास को गोली मारकर हत्या कर दी। महिला की पहचान गीता शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में गाजियाबाद से तीन भाइयों आमिर, नावेद, सलमान व उनके साथी अमन भल्ला को गिरफ्तार कर लिया है।

**स्वजन के आरोप :** स्वजन का आरोप है कि मतांतरण न करने को लेकर हत्या की गई है। पुलिस ने मतांतरण की बात से इन्कार किया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। धर्मेंद्र ने बताया कि उनके भाई दीपक ने मुस्लिम युवती सितारा के साथ प्रेम विवाह किया था। धर्मेंद्र ने आरोप लगाया कि वह शादी के बाद से ही दीपक पर मतांतरण करने का दबाव बना रही थी, लेकिन दीपक ने मना कर दिया था। मतांतरण न करने पर मिली धमकी : मतांतरण न करने पर सितारा के परिवार के लोग जान से मारने की धमकी दे रहे थे। गुरुवार रात को कुछ लोग आए व दरवाजा खोलते ही आरोपितों ने मां गीता पर गोली चला दी। जब उन्हें संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## एनसीआर में फिर बढ़े सीएनजी के दाम, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमतों में 95 पैसे का इजाफा हुआ है। दिल्ली में अब यह 79.56 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगी जबकि नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम में भी कीमतों में बदलाव हुआ है। नई दरें शनिवार सुबह 6 बजे से प्रभावी होंगी। आईजीएल का कहना है कि इसके पीछे सबसे बड़ा कारण प्राकृतिक गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है जबकि गुरुग्राम में यह 87.89 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। दिल्ली और गुरुग्राम में सीएनजी की कीमतों में लगभग आठ रुपये का अंतर है।



इससे पहले 8 अक्टूबर को सीएनजी की कीमतों में बदलाव किया गया था। आईजीएल के अनुसार 8 अक्टूबर को सीएनजी की कीमतों में 3 रुपये का इजाफा किया गया था। इसके बाद सीएनजी की कीमत 78.61 रुपये किलोग्राम हो गई थी जो पहले 75.61 रुपये किलोग्राम थी।

यह कदम तब उठाया गया था जब केंद्र सरकार द्वारा 1 अक्टूबर से प्राकृतिक गैस की कीमतों में 40 फीसदी का इजाफा किया जाना था। साल के अंत में अब एक बार फिर सीएनजी के दाम में बढ़ोतरी की गई है।

अब फिर सीएनजी के दाम के बढ़ने ही इसका असर आम लोगों की जेब पर तुरंत पड़ सकता है। ओला-उबर जैसी सर्विस भी ज्यादा चार्ज कर सकती हैं। वहीं जो लोग रोज ऑटो से सफर करते हैं उन्हें भी अब जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी।

# प्राइवेट स्कूलों को 25 फीसदी सीटों पर एहर बच्चों को देना होगा दाखिला : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि निजी स्कूलों को 25 फीसदी सीटों पर कम आय वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और वंचित समूह के बच्चों को दाखिला देना होगा। इन सीटों की गणना सामान्य श्रेणी में कितने छात्रों का दाखिला हुआ है, इस पर निर्भर नहीं करेगा, बल्कि इस बात पर तय होगा कि शैक्षणिक सत्र में कक्षा की कुल घोषित क्षमता कितने सीटों की है। उच्च न्यायालय के इस फैसले का प्रभाव न सिर्फ दिल्ली, बल्कि देश के अन्य राज्यों के निजी स्कूलों पर भी होगा। जस्टिस चंद्रधारी सिंह ने 85 पन्नों के फैसले में दिल्ली सरकार को गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों में समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

**कार्रवाई करने में संकोच नहीं करे**

अदालत ने कहा कि यदि कोई स्कूल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का पालन नहीं करता है तो सरकार व शिक्षा निदेशालय कार्रवाई करने में संकोच नहीं करे। बच्चों को अपने मौलिक अधिकारों के लिए कोर्ट आने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। सबसे पहले यह तय करना जरूरी है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्रों को कितनी फीसदी सीटों पर दाखिला दिया जाए। कक्षा में दाखिल बच्चों की वास्तविक क्षमता के आधार पर या फिर शैक्षिक वर्ष में कक्षा के लिए मंजूर की गई सीटों के आधार पर।



**कानून में कम से कम 25 फीसदी की बात :** न्यायालय ने कहा है कि आरटीई अधिनियम के प्रावधानों से साफ है कि कक्षा में घोषित कुल सीटों के 25 फीसदी सीटों पर ईडब्ल्यूएस व वंचित समूह के बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए। जस्टिस सिंह ने कहा है कि कानून में कम से कम 25 फीसदी की बात की गई है। इससे कम सीटों पर दाखिला नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह देश की संसद ने तय किए हैं। स्पष्ट कर दिया है कि ईडब्ल्यूएस कोटे में 25 फीसदी से अधिक सीटों पर दाखिला हो जाए तो कोई परेशानी की बात नहीं, बल्कि कानून के हिसाब से इससे कम सीटों पर दाखिला नहीं हो सकता है।

**सभी छात्रों का दाखिला हो :** उच्च न्यायालय ने सरकार के शिक्षा निदेशालय को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्रों के चयनित छात्रों को उसके घर के पास के स्कूल में दाखिला हो। दाखिला सक्षम प्राधिकार द्वारा तय समय एक माह के भीतर होने चाहिए।

**मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई करें :** उच्च न्यायालय ने सरकार और शिक्षा निदेशालय को आदेश दिया है कि यदि कोई स्कूल आरटीई अधिनियम के प्रावधानों का पालन नहीं करता है तो उसकी मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई करने में संकोच नहीं करें। साथ ही, अन्य तरह की कार्रवाई भी समय सीमा के भीतर करने के कहा है।

कुछ बच्चों की ओर से अधिवक्ता खगेश झा और शिखा बग्गा ने बताया कि शिक्षा निदेशालय की सिफारिश के बाद भी स्कूल किसी न किसी बहाने दाखिला देने से इनकार कर रहे थे। कुछ स्कूल इस आधार पर दाखिला देने से इनकार कर रहे थे कि उनके यहां सामान्य श्रेणी में कम दाखिला हुए हैं। स्कूल बच्चों को कभी दस्तावेज के नाम पर तो कभी सत्यापन के नाम पर दाखिला देने से इनकार कर देते थे।

**स्थिति भयावह और पीड़ादायक**

न्यायालय ने निजी स्कूलों में कम आय वर्ग व वंचित समूह के बच्चों को निशुल्क कोटे में दाखिला नहीं मिलने पर चिंता जताते हुए कहा कि स्थिति भयावह और पीड़ादायक है। इन बच्चों ने गरीबी में पैदा होने के अलावा कोई अपराध नहीं किया है। जस्टिस चंद्रधारी सिंह ने अपने फैसले में कहा, 'इस अदालत की अंतरात्मा गरीब बच्चों और उनके माता-पिता के दुखों से भरी हुई है।

यह सरकार का अपने कर्तव्यों में का पालन करने में विफलता है।' न्यायालय ने निजी स्कूलों में दाखिले की मांग को लेकर बच्चे और उनके अभिभावकों की ओर से दाखिल 39 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला किया है।

**स्कूल दाखिला देने से इनकार नहीं करेगा :** उच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि कोई भी स्कूल किसी भी ईडब्ल्यूएस छात्र-छात्रा को दाखिला देने से इनकार नहीं करेगा। शिक्षा निदेशालय द्वारा सिफारिश व लिस्ट भेजे जाने के बाद कोई भी स्कूल दाखिला देने से किसी भी आधार पर इनकार नहीं करेगा।...

## तिहाड़ में विचाराधीन कैदी की संदिग्ध हालत में मौत, अपनी सेल में पाया गया था बेसुध

**नई दिल्ली:** तिहाड़ जेल संख्या तीन में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक टिंकू के शव को सूचना के बाद पहुंची हरिनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है। जेल प्रशासन की ओर बताया गया कि टिंकू शुक्रवार सुबह अपने सेल में बेसुध मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने टिंकू को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। फिलहाल हरिनगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**मंगोलपुरी इलाके का निवासी था टिंकू:** पुलिस अधिकारी का कहना है कि टिंकू की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा। जेल अधिकारियों ने बताया कि टिंकू एम ब्लाक मंगोलपुरी इलाके का निवासी था। मंगोलपुरी आदि थानों में उसके खिलाफ कई मामले दर्ज थे। मंगोलपुरी पुलिस ने उसको एक मामले में पकड़ा था। जिसके बाद से वह तिहाड़ जेल नंबर तीन में बंद था। सुबह उसको सेल में मृत पाया गया। जेल प्रशासन ने मंगोलपुरी पुलिस को मामले की जानकारी दी थी। जिन्होंने टिंकू के परिजनों को उसकी मौत के बारे में जानकारी दी गई।

**विवाहिता की मौत पर केस दर्ज :** सोनिया विहार थाने में एक विवाहिता की मौत पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी की रहने वाली वंदना की शादी साल 2016 में सोनिया विहार के अनिल से हुई थी। तीन दिसंबर को वंदना का शव फंदे से लटका मिला था। वंदना की मां उर्मिला देवी ने पति, सास व तीन देवरों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**घोषित बदमाश को पांच वाहनों के साथ दबोचा:** उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने भजनपुरा थाने के घोषित बदमाश सुभ उर्फ अशीष को वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से पांच दोपहिया वाहन, जिसमें तीन बाइक व दो स्कूटी हैं। आरोपी पर 16 अपराधिक मामले दर्ज हैं। वह चोरी के वाहनों को अंबेडकर कॉलेज के पीछे खाली जगह पर पार्क करता था।

## प्रेमिका संग विदेश में बसने को ली थी रिश्तेदार की जान महिला की हत्या और करोड़ों की लूट में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग में 56 वर्षीय महिला की हत्या करने और एक करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और आभूषण लूटने के आरोप में 31 वर्षीय मधुर कुंद्रा और उसकी साथी अमरजोत कौर संधू (28) को पंजाब के अमृतसर के एक होटल से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी एक-दूसरे से शादी करके विदेश में बसना चाहते थे।

पुलिस ने कहा कि मृतक रजनी का रिश्तेदार मधुर कुंद्रा जानता था कि महिला अमीर है, इसलिए, उसने उसे लूटने का फैसला किया। 13 दिसंबर को रजनी को बेहोश पाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। स्पेशल कमिश्नर (क्राइम) रविंद्र यादव ने कहा कि आसपास पूछताछ करने और तकनीकी सहायता के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान की गई। उन्होंने कहा कि एक टीम ने अमृतसर पहुंचकर एक होटल पर छापा मारा और मधुर कुंद्रा व



अमरजोत कौर संधू को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने कहा पूछताछ में पुलिस को पता चला कि मधुर कुंद्रा मृतका की भाभी का बेटा था। वह शादीशुदा है और उसका सात साल का एक बच्चा भी है। उसने मेरठ से एमबीए किया है और वर्तमान में एक चिकित्सा उत्पाद वितरक है।


सह-आरोपी अमरजोत कौर संधू जो अमृतसर के एक अस्पताल में नर्स है, उसने जनवरी 2021 में शादी की थी। शादी के तुरंत बाद ही उसका पति उसे छोड़कर दुबई चला गया। इस दौरान वह मधुर कुंद्रा के संपर्क में आई और दोनों में प्यार हो गया।

दोनों आरोपियों ने एक-दूसरे से शादी करने और विदेश में शिफ्ट होने की योजना बनाई थी, लेकिन उन्हें अपनी योजना को अंजाम देने के लिए पैसों की जरूरत थी। चूंकि मधुर कुंद्रा मृतका का रिश्तेदार था, इसलिए, उनके रजनी के बेटे चेतन के साथ भी अच्छे संबंध थे।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 27 नवंबर को चेतन उससे मिलने आया और बातचीत के दौरान मधुर कुंद्रा को पता चला कि रजनी एक अमीर महिला है। अपनी योजना को अंजाम देने के लिए मधुर कुंद्रा ने चेतन के बैग से रजनी के घर की चाबियां चुरा लीं। 13 दिसंबर को वे उसके घर पहुंचे और तकिए से गला दबा कर उनकी हत्या कर दी और जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के पास से लूटे गए जेवरात व 14,40,400 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

## सर्द हवाओं की चपेट में राष्ट्रीय राजधानी, शुक्रवार रहा सीजन का सबसे ठंडा दिन

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिम की तरफ से आने वाली ठंडी हवा के कारण दिल्ली में ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। इसके अलावा सोमवार से सुबह के वक्त कोहरा बढ़ सकता है।



**शुक्रवार रहा सीजन का सबसे सर्द दिन :** ठंडी हवा के कारण शुक्रवार की सुबह इस सीजन में अब तक सबसे अधिक ठंड रही। लेकिन दिन में तेज धूप निकलने के कारण पिछले दिन के मुकाबले अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस वजह से दिन के वक्त ठंड से राहत रही।

**शुक्रवार को दर्ज हुआ अब तक सबसे कम न्यूनतम तापमान :** मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम है। यह इस सीजन में अब तक सबसे कम न्यूनतम तापमान है।

आया नगर में भी न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहां अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बृहस्पतिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

## युवक को बंधक बनाकर, खाते में लिए 2.65 लाख

**गाजियाबाद।** कविनगर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पति के साथ मिलकर राजस्थान निवासी लवप्रीत को होटल में बुलाकर बंधक बना लिया और जान से मारने की धमकी देकर 10 लाख की रंगदारी मांगी। रुपये देने से मना करने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की और 2.65 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। मामले में लवप्रीत ने कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



*ऐसे में सौरभ ने पत्नी के फोन से बात कर लवप्रीत को होटल में बुलाया और रुपये लेने का प्रयास किया। लवप्रीत, सृष्टि त्यागी, सौरभ त्यागी और उसके साथियों गिरफ्तार कर लिया।*

राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी लवप्रीत का कहना है कि 13 दिसंबर को उनकी परिचित सृष्टि त्यागी ने फोन करके कविनगर के रतन होटल में बुलाया। वह होटल के कमरे में आकर रुके। यहां सृष्टि उनसे मिलने आई और उसने अपने पति सौरभ त्यागी को बुला लिया। सौरभ त्यागी अपने साथ अपने तीन दोस्तों को लेकर आया।

जो आर्यन शर्मा, साहिल कपूर और कुनाल बटराई थे। उन्होंने मारने का डर दिखाकर उनसे रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराए। किसी तरह वह वहां से भागकर निकले और पुलिस को इसकी सूचना दी।

**नामजद समेत वादी भी गिरफ्तार :** कविनगर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि लवप्रीत और सौरभ त्यागी लूडो का सट्टा खेलते हैं। दोनों के बीच लूडो खेलने के दौरान दोस्ती हुई। पहले तो दोनों ने सट्टे में मोटी रकम जीती बाद में सौरभ को करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया। पूछताछ में पता चला कि सौरभ ने लवप्रीत नुकसान को आधा-आधा करने के लिए कहा लेकिन लवप्रीत ने उसके फोन उठाने बंद कर दिए।

पहली मंजिल से बच्ची को फेंकने के मामले में नया मोड़

# बच्चों के बैग और जूते में कैमरा ढूंढ रही थी टीचर

**नई दिल्ली।** स्कूल की बालकनी से बच्ची को नीचे फेंकने वाली शिक्षिका को लेकर कई बातों का खुलासा हुआ है। पता चला है कि बच्ची को फेंकने के बाद उसने स्कूल प्रभारी को भी घायल किया था। पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों के परिजनों ने बताया कि शिक्षिका बच्चों के बैग और जूते में कैमरे की तलाश कर रही थी। वह कह रही थी कि उनलोगों ने अपने बैग और जूते में कैमरा छिपा रखा है। वह बच्चों को कैमरा दिखाने के लिए कह रही थी। वह सारे बच्चों के बैग खोलकर और जूते उतरवाकर कैमरा ढूंढ रही थी। परिजनों ने बताया कि जिस बच्ची को शिक्षिका ने पहली मंजिल से फेंका, उस बच्ची ने शिक्षिका को बैग खोलकर नहीं दिखा



रही थी। जिससे वह गुस्से में आ गई और उसपर हमला कर दिया।

स्कूल प्रभारी को भी घायल किया छात्रा को फेंके जाने की जानकारी मिलते ही स्कूल इंचार्ज वर्षा कक्षा के पास पहुंचीं। कक्षा का दरवाजा बंद था। वर्षा ने उसे खुलवाया तो गीता ने उनपर भी हमला कर दिया और उन्हें मारना शुरू कर दिया। मारपीट में वर्षा के सिर, गर्दन और पेट में चोटें आई हैं। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया, जहां गर्भवती होने के कारण उनका अल्ट्रासाउंड भी किया गया। कक्षा में चारों तरफ बोतलें और किताब कॉपी बिखरा पड़ा था।

**परिवार ने कहा डिप्रेशन में शिक्षिका :** हिरासत में लिए जाने के बाद शिक्षिका काफी उत्तेजित थी और थाने में वह नारेबाजी कर रही थी। पुलिस ने शिक्षिका के परिवार वालों से संपर्क किया। जिसमें परिवार वालों ने बताया कि शिक्षिका डिप्रेशन में है। गीता मूलतः हरियाणा की रहने वाली है। करीब डेढ़ साल पहले झज्जर निवासी रूपेश से प्रेम विवाह हुआ था। अपनी मर्जी से शादी करने की वजह से परिवार वालों ने उससे नाता तोड़ लिया था। इस बीच उसका पति और ससुराल वालों से मनमुटाव हो गया। उसके बाद से वह कमला नगर स्थित पीजी में रह रही थी।

जांच में पता चला कि छह महीना पहले गीता के पिता का देहांत हो गया था। गीता अपने पिता से काफी लगाव था। पिता की मौत के बाद से वह डिप्रेशन में है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिक्षिका जिस तरह से हरकत कर रही है, उससे लगता है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। शिक्षिका की मेडिकल जांच करवाई जा रही है।

देशबंधु गुप्ता रोड थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षिका गीता देसवाल को हिरासत में ले लिया है। शुरुआती पूछताछ में शिक्षिका ने बच्ची को फेंकने की बात कबूल कर ली है। शिक्षिका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिससे हमला करने के स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस शिक्षिका से लगातार पूछताछ कर रही है।

स्कूल कर्मचारियों ने बताया कि लंच के समय कक्षा पांच के छात्र अपने कक्षा में मौजूद थे।...

## एक नजर

### निर्भया कांड की 10वीं बरसी, स्वाति मालीवाल ने लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखा है। अपने पत्र में मालीवाल ने निर्भया सामूहिक बलात्कार की 10वीं बरसी पर महिला सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए आज के संसदीय कार्य को स्थगित करने का आग्रह किया है। स्वाति मालीवाल ने अपने पत्र में कहा कि आज निर्भया गैंगरेप केस को 10 साल पूरे हो रहे हैं। दुख की बात है कि आजतक कुछ नहीं बदला। लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर आज की सदन की कार्यवाही स्थगित कर संसद में महिला सुरक्षा में मुद्दों पर चर्चा करने की मांग की है। जानकारी के लिए बता दें कि 16 दिसंबर 2012 की रात दिल्ली की सड़कों पर चलती बस में निर्भया (बदला हुआ नाम) नाम की लड़की के साथ गैंगरेप की वारदात हुई थी। इस दौरान उस पर जानलेवा हमला भी किया था। निर्भया के साथ मौजूद उसके दोस्त पर भी हमला किया गया था। इस सनसनीखेज घटना ने पूरे देश को हिला दिया था और देशभर में प्रदर्शन हुए थे। इलाज के दौरान निर्भया की मौत हो गई थी।

### सर नहीं बोलने पर जूनियर छात्र की रैगिंग, सीनियर ने कंधे की हड्डी तोड़ दी

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 58 थाना इलाके में जेएसएस जैसे नामी कॉलेज में रैगिंग का एक मामला सामने आया है। जिसमें जूनियर छात्र को सीनियर छात्रों ने इस बेरहमी से पीटा कि वह अस्पताल में भर्ती हो गया। कॉलेज में एक जूनियर छात्र की रैगिंग उसके सीनियर छात्रों ने कुछ इस तरीके से कि कि उसके कंधे की हड्डी टूट गई। उसका जुर्म बस इतना था कि उसने सीनियर छात्रों को सर नहीं बोला था और असाइनमेंट नहीं बनाया था। मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला नोएडा के सेक्टर 58 थाना इलाके के जेएसएस कॉलेज का है। बताया जा रहा है कि यहां पर एक जूनियर छात्र को उसके सीनियर छात्रों ने बुरी तरीके से मारा पीटा है उसकी रैगिंग की और उसके कंधे की हड्डी तोड़ दी। जिसके चलते हैं वह अस्पताल में भर्ती है। मामले की शिकायत जब पुलिस से की गई तो पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को जांच में पता चला की जूनियर छात्र के साथ थर्ड ईयर के सीनियर छात्रों ने की रैगिंग। असाइनमेंट नहीं बनाने और 'सर' नहीं बोलने पर की गई रैगिंग। छात्र को इस कदर पीटा गया कि उसके कंधे की हड्डी के 5 टुकड़े हो गए। इस मामले में थाना सेक्टर-58 नोएडा पर मुकदमा पंजीकृत है एवं पुलिस रिपोर्ट के आधार पर कालेज प्रबंधन द्वारा चारों लड़को को ससपेंड कर दिया गया है ।

### केंद्र ने राज्यों की सूची में अनुसूचित जनजाति समुदायों को शामिल करने के दो विधेयकों पर संसद की मंजूरी मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार शुक्रवार को लोकसभा में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022 और संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022 पर चर्चा कराने और उसे पारित कराने का प्रयास करेगी. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (तीसरा संशोधन) विधेयक, 2022 हिमाचल प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों की सूची में कुछ समुदायों को शामिल करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन करना चाहता है। इसी तरह, संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022 कर्नाटक की अनुसूचित जनजाति सूची में कुछ समुदायों को शामिल करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन करना चाहता है।

दिल्ली सरकार की योजनाः नवनिर्वाचित पार्षदों को पढ़ाया समय का पाठ

# एमसीडी को मिलेगा विशेष बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में बीते 15 साल में फंड की कमी के कारण कर्मचारियों को वेतन के लाले रहे और अन्य कार्य पेंडिंग में रहे, लेकिन अब एमसीडी में फंड की कमी नहीं होगी। दिल्ली सरकार निगम की माली हालत को सुधारने के लिए विशेष बजट अलॉट करने की योजना बना रही है। इस तरह 15 साल से फंड का दंश झेल रहे दिल्ली नगर निगम के अब अच्छे दिन आने वाले हैं। यहां के कर्मचारियों को न सिर्फ समय पर वेतन मिलेगा, बल्कि पूरी दिल्ली में विकास की बयार भी बहेगी। ये बातें आम आदमी पार्टी के वरिष्ट नेताओं ने नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक के दूसरे दिन कहीं। मालूम हो कि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अपने नवनिर्वाचित पार्षदों को विशेष ट्रेनिंग दे रहे हैं कि कैसे वह निगम से मिलने वाले फंड का सदुपयोग कर क्षेत्र का विकास करें। इस बैठक में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दुर्गेश पाठक, सौरभ भारद्वाज, आतिशी व आदिल खान उपस्थित रहे।



**क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए मिला मंत्र :** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक दुर्गेश पाठक ने 64 नवनिर्वाचित पार्षदों को ट्रेनिंग देते हुए क्षेत्र में काम करने के गुर भी सिखाए। पाठक ने कहा कि आपको दिल्ली की जनता ने अपना बहुमुल्य वोट देकर सिर माथे लगाया है। इसलिए आपका भी यह कर्तव्य बनता है कि जनता से किए गए हर वादे को ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को साफ-सुथरा रखना हमारी प्रथम प्राथमिकता है। क्षेत्र में वर्षों से वीरान पड़े एमसीडी के पार्कों को सुंदर बनाना है। कॉलोनियों की उबड़-खाबड़ सड़कों को दिल्ली सरकार की पीडब्ल्यूडी की सड़कों की तरह निर्माण कराना है। पाठक ने इस मौके पर कहा कि अब फंड के आभाव में दिल्ली नगर निगम कभी दम नहीं तोड़ेगा। आपकी कार्य योजना अगर सही रही तो दिल्ली सरकार आपको कभी भी फंड की कमी नहीं होने देगी।

**सदन में उपस्थिति दर्ज कराएंगे पार्षद :** पार्टी सूत्रों का कहना है कि पार्षदों की बैठक के बाद आम आदमी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने नवनिर्वाचित पार्षदों से कहा कि निगम में सदन की बैठक सबसे अहम होती है। इस बैठक में पार्षद अपने क्षेत्र में होने वाले समस्याओं को लेकर गंभीरता से बात रखते हैं। इसलिए आपलोग भी सदन की बैठक को गंभीरता से लें और हमेशा सदन की बैठक शुरू होने से पहले पहुंचे। पार्षद हमेशा सफाई कर्मचारियों का सम्मान करें। भारद्वाज ने पार्षदों को कौन-कौन सा फंड कैसे और कहां से मिलता है, इसके बारे में भी बताया।

**मेयर के लिए नाम मांगे :** दिल्ली में अगला मेयर जनवरी में मिलेगा। आम आदमी पार्टी अपना मेयर बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आप ने अपने सभी 134 पार्षदों से मेयर के नाम के लिए राय ली है। जिसके बाद पार्टी की मीटिंग में मेयर के नाम पर आखिर मुहर लगेगी। अगला मेयर दिल्ली की कोई महिला ही होने वाली है।

## डीसीपी के रिपोर्ट के बाद भी शिकायतकर्ता को गवाह नहीं बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर सिख समुदाय के बारे में आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल करने के मामले में अदालत में दाखिल आरोपपत्र में दिल्ली पुलिस ने शिकायतर्ता को गवाहों की सूची से गायब कर दिया, जबकि स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त ने अदालत में रिपोर्ट पेश की थी कि शिकायतकर्ता को गवाह बनाकर उनका बयान दर्ज किया गया है। मामले की जांच स्पेशल सेल कर रही है। इसमें आरोपी भी दिल्ली पुलिस का सिपाही है।

पटियाला हाउस कोर्ट स्थित मुख्य महानगर दंडाधिकारी स्निग्धा सरवरिया ने पुलिस की ओर से दाखिल आरोपपत्र में शिकायतकर्ता मंजीत सिंह चुग का नाम गवाहों की सूची में नहीं होने पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने जांच अधिकारी के खिलाफ समन जारी कर उन्हें अगली सुनवाई पर पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने आदेश में कहा, ह्य23 सितंबर, 2019 को पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) ने रिपोर्ट पेश कर कहा था कि शिकायतकर्ता मंजीत सिंह चुग का बयान दर्ज कर उन्हें गवाह बनाया गया है, लेकिन चुग का नाम गवाहों की सूची में नहीं है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 17 मई तय की है। कहा है कि जांच अधिकारी पेश होकर यह बताएं कि शिकायतकर्ता को गवाहों की सूची में शामिल क्यों नहीं किया गया। अदालत ने यह आदेश तब दिया, जब शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता जगमोहन सिंह और एच.सोढ़ी ने कहा कि पुलिस द्वारा दाखिल आरोपपत्र में शिकायतकर्ता को गवाह नहीं बनाया है। इस मामले में दिल्ली पुलिस का सिपाही सचिन भाटी आरोपी है।

**यह मामला है :** वर्ष 2019 में मुखर्जी नगर इलाके में आटो चालक सरबजीत सिंह के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट की गई थी। घटना के अगले दिन सिपाही सचिन भाटी पर आरोप लगा कि उसने सोशल मीडिया पर सिख समुदाय के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

## दिल्ली के समवेत ऑडिटोरियम में लोगों को दिखाई गई शॉर्ट फिल्म 'देव नदी नर्मदा'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नदियों के किनारे कई सभ्यताएं विकसित हुई हैं। चाहे सिन्धु घाटी की सभ्यता हो या हड़प्पा मोहनजोदाड़ो की सभ्यता हो या फिर मिश्र की सभ्याता। भारत में भी सभ्यता का विकास नदियों के किनारे हुआ है। यही कारण है कि भारतीय परम्परा में नदियों को मां माना गया है। हमारे यहां नदियों को इतना पवित्र माना जाता है कि स्नान करते समय हम पवित्र नदियों का आह्वान करते हैं। भारत में नदियों को वेदों का प्रतीक भी माना गया है। गंगा को ऋग्वेद, यमुना को यजुर्वेद, सरस्वती को अथर्ववेद और नर्मदा को सामवेद का प्रतीक माना गया है।

अमरकंटक में मैकाल पर्वत के एक कुंड से निकली मां नर्मदा भारत की सबसे पवित्र और महत्त्वपूर्ण नदियों में से एक हैं। इन्हें रेवा के नाम से भी जाना जाता है। शिवपुत्री मां नर्मदा मध्य प्रदेश की जीवनरेखा तो हैं ही, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के भी लाखों लोगों के जीवन को सुगम बनाती हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के मीडिया सेंटर ने अपने मासिक आयोजन 'फ्राइडे फिल्म क्लब' के तहत नर्मदा नदी पर आधारित फिल्म ₹देव नदी नर्मदा₹ का प्रदर्शन केंद्र के समवेत ऑडिटोरियम में किया। फिल्म का निर्माण इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और निर्देशक और फिल्मकार पंकज पराशर ने किया है। 53 मिनट की इस फिल्म में उद्गम स्थल से लेकर खंभात की खाड़ी में समुद्र में मिलने तक, नर्मदा नदी की 1312 किलोमीटर यात्रा को सुंदर तरीके से दिखाया गया है। नर्मदा के उद्गम स्थल, उसकी उत्पत्ति के पौराणिक आख्यानों और नर्मदा से जुड़े विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक तथ्यों के बारे में यह फिल्म बताती है। ₹देव नदी नर्मदा₹ फिल्म की खासियत यह है कि यह नर्मदा नदी के बारे में विस्तृत जानकारी तो देती ही है, इसके मार्ग में पड़ने वाले ढेरों स्थानों के बारे में भी रोचक जानकारियां देती है। नर्मदा की यात्रा के बहाने यह फिल्म हमें कई अद्भुत तथ्यों से परिचित कराती है। उदाहरण के लिए, यह मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में होने वाले बैगा जनजाति के भगोरिया मेले के बारे में दिलचस्प जानकारी देती है।

## सागर हत्याकांड का मामला निचली अदालत में ही चलेगा

- उच्च न्यायालय ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग ठुकराई
- ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार मुख्य आरोपी है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निर्भया सामूहिक दुष्कर्म कांड की तरह की पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग को ठुकरा दिया। हालांकि, न्यायालय ने निचली अदालत को निर्देश दिया है कि वह मामले में तेजी से सुनवाई पूरी करे। इसमें ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार को दिल्ली पुलिस ने मुख्य आरोपी बनाया है।

जस्टिस अनीश दयाल ने मृतक पहलवान सागर धनखड़ के पिता अशोक की ओर से दाखिल याचिका का निपटारा करते हुए ?निचली अदालत को मामले में तेजी से सुनवाई के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालय से अपने ?बेटे की हत्या मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की थी, ताकि निर्भया सामूहिक दुष्कर्म मामले की तरह समयबद्ध सुनवाई पूरी हो। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने न्यायालय को बताया कि 18 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जा चुका है और हाल ही में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में जल्द ही एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। दिल्ली पुलिस की ओर से अधिवक्ता ने न्यायालय में दावा किया कि मामले में किसी तरह की देरी नहीं हुई है।

**मामले की संवेदनशीलता का दिया था हवाला**

अशोक की ओर से अधिवक्ता जोगिंदर तुली ने न्यायालय से कहा था कि मामले की संवेदनशीलता और सुशील पहलवान जैसे प्रभावशाली आरोपियों के प्रभाव को देखते हुए सुनवाई जल्द पूरी होनी चाहिए। याचिका में गवाहों को प्रभावित करने की भी आशंका जताई गई थी। मामले में सुशील कुमार व अन्य पर मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए जा चुके हैं और अभियोजन पक्ष की गवाही के स्तर पर यह मामला है।

**गवाहों और साक्ष्यों को प्रभावित करने की आशंका**

याचिकाकर्ता ने कहा था कि कुछ आरोपी कुख्यात काला असोधा गिरोह के भी हैं और मुख्य साजिशकर्ता सुशील कुमार एक विश्व प्रसिद्ध हस्ती और ओलंपियन हैं। अशोक ने अंदेशा जताया था कि यदि समय रहते मामले की सुनवाई पूरी नहीं हुई तो गवाहों और साक्ष्यों को प्रभावित किया जा सकता है, क्योंकि मामले में अभियोजन पक्ष के गवाह 200 से अधिक हैं। कहा कि एक साल पांच माह बीतने के बाद भी अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू नहीं हुई है।

## जेएनयू का मेन गेट बंद कर सुरक्षा कर्मियों का हंगामा, आश्वासन मिलने के बाद देर रात खत्म हुआ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जेएनयू रात साढ़े नौ बजे सुरक्षाकर्मियों द्वारा मुख्य गेट को बंद कर दिए जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया। गेट बंद होने की जानकारी मिलते ही कुछ छात्र भी गेट पर पहुंच गए, जिससे हंगामे की स्थिति बन गई। इसके बाद सिक्योरिटी एजेंसी के अधिकारी द्वारा दो महीने के वेतन का भुगतान करने और एक महीने के वेतन का भुगतान 20 दिसंबर को करने का आश्वासन मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने रात 12 बजे प्रदर्शन खत्म कर मुख्य गेट को खोल दिया।



जेएनयू छात्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जेएनयू में तैनात सिक्योरिटी एजेंसी के सुरक्षाकर्मियों को तीन महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके विरोध स्वरूप उन्होंने गेट बंद कर दिया। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाकर्मियों द्वारा गेट को नहीं खोला गया था। साथ ही रात के समय ड्यूटी पर तैनात सभी सुरक्षाकर्मी गेट पर इकट्ठे होकर प्रदर्शन कर रहे थे।

**निजी सुरक्षा कंपनी के पास है सुरक्षा का अनुबंधः** उल्लेखनीय है कि जेएनयू की सुरक्षा का अनुबंध साइक्लोप्स सिक्योरिटी एंड एलाइड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास है, जो एक निजी सिक्योरिटी एजेंसी है। जेएनयू में एक समय में 50 सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। तीन शिफ्ट में कुल 150 गार्ड की ड्यूटी जेएनयू में लगती है। आठ-आठ घंटे में शिफ्ट के अनुसार इनकी ड्यूटी बदलती है।

**तीन महीने से नहीं मिला है वेतनः** इनको तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। यहां तैनात सभी सुरक्षाकर्मी सेना से सेवानिवृत्त हैं। जेएनयू सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फंड की कमी की वजह से जेएनयू प्रशासन की ओर से सिक्योरिटी एजेंसी को भी भुगतान नहीं किया गया है, जिस वजह से सिक्योरिटी एजेंसी ने सुरक्षा कर्मियों का वेतन रोक दिया है।

छात्रों ने जेएनयू प्रशासन से जल्द से जल्द सुरक्षाकर्मियों के वेतन का मुद्दा सुलझाने की मांग की है, जिससे जेएनयू में फिर से इस तरह की घटना न हो और फिर गेट बंद होने से समस्या पैदा न हो।

## मां के सामने छोटे भाई की गला रेतकर हत्या फिर 2 दिन तक शव के साथ सोता रहा परिवार

**नई दिल्लीः** दिल्ली के मंगोलपुरी ई-ब्लॉक में बीते रविवार देर रात एक युवक ने मां के सामने ही अपने छोटे भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव को कंबल में लपेटकर चारपाई के नीचे रख दिया और आरोपी और उसके माता-पिता दो दिन तक शव के साथ घर में ही रहे। पुलिस ने मृतक के भाई और पिता को गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक 23 वर्षीय जयकिशन अपने भाई ललित और माता-पिता के साथ मंगोलपुरी के ई-ब्लॉक में स्थित एक मकान में किराये पर रहता था। जयकिशन और उसके पिता मजदूरी करते हैं, जबकि आरोपी ललित निजी कंपनी में काम करता था। जयकिशन शराब पीने का आदि था और अक्सर पैसों के लिए परिजनों से झगड़ा करता था। रविवार रात जयकिशन शराब के नशे में घर आया और उसका पहले अपनी मां से झगड़ा हुआ। जब ललित ने बीच-बचाव किया तो आरोपी उससे भी झगड़ा करने लगा। इस दौरान ललित ने जयकिशन के सिर पर डंडे से वार कर रसोई में रखे चाकू से उसका गला रेत दिया।

**हत्या के बाद सभी ने साथ बैठकर खाना खाया :** जयकिशन की हत्या के बाद सभी ने साथ बैठकर खाना खाया और सो गए। सोमवार और मंगलवार को भी शव घर में ही रखा था। पूरा परिवार दो दिन तक अपने सभी दैनिक काम करता रहा। घर में ही खाना बनाया और खाकर अपने-अपने काम पर चले गए। काम से लौटने के बाद फिर वहीं कमरे में ही सो गए। मंगलवार रात करीब 2:30 बजे जब जयकिशन का शव साइकिल पर रखकर बुजुर्ग पिता मंगोलपुरी स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम के पास पहुंचा तो शव साइकिल से गिर गया, जिसे वहां मौजूद लोगों ने देख लिया। इसके बाद आरोपी बुजुर्ग शव वहीं छोड़कर घर लौट आया।...

## दूध की कीमतों में फिर बढ़ोतरी करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** दूध की कीमतों में जल्द ही एक बार फिर वृद्धि हो सकती है। देशभर में थोक दूध की कीमत लगातार बढ़ने के साथ डेयरी कंपनियां दाम में एक बार फिर वृद्धि कर सकती हैं। इस साल नवंबर तक कंपनियां चार बार दूध के दाम बढ़ा चुकी हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि दूध खरीद कीमतों में लगातार वृद्धि के कारण डेयरी कंपनियों ने भी पिछले दस महीनों में दूध की कीमतों में आठ से 10 फीसदी तक की वृद्धि की है। जबकि वैश्विक स्तर पर दूध से बने पावडर की कीमतें सालाना आधार पर कम होती जा रही हैं। इसमें कहा गया है कि मवेशियों के चारे की कीमतों में महंगाई दूध की कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण है। इससे कंपनियां अगले साल की दूसरी छमाही में दाम में फिर इजाफा कर सकती हैं। नवंबर में दूध के दाम में वृद्धि पर मदर डेयरी और अमूल ने कहा था कि लागत में इजाफा होने की वजह से वह दाम बढ़ाने पर मजबूर हुई हैं।

**पशु आहार के दाम में तेज उछाल ने मुश्किल बढ़ाईः** रिपोर्ट में कहा गया है कि मक्का की कीमत नवंबर 2022 में सालाना आधार पर 27.4 फीसदी अधिक और गेहूं की 31 फीसदी अधिक थी जिससे पशु आहार महंगा होता जा रहा है। इसमें कहा गया है कि ऐसी उम्मीद है कि किसान दूध की ऊंची लागत को कीमतों के वृद्धि से भरपाई करेंगे जिससे कंपनियां फिर दाम बढ़ाने को मजबूर हो सकती हैं।

**कंपनियों की कमाई घटने की आशंकारू** रिपोर्ट में कहा गया है कि अस्थिर कच्चे माल की कीमतों ने कंपनियों को दूध का दाम बढ़ाने के लिए मजबूर किया है। इसके बावजूद कंपनियों की कमाई ज्यादा नहीं बढ़ी है। आईसीआईसीआई के विश्लेषकों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023 की दूसरी छमाही में डेयरी कंपनियों की लाभप्रदता सालाना आधार पर कम होगी।

केंद्र सरकार के अंदर आती है एमसीडी

## चुनाव हारने के बाद दिल्ली बीजेपी का दावा; LG से की अपील

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से दिल्ली नगर निगम का चुनाव हारने के कुछ दिनों बाद,दिल्ली बीजेपी ने दावा किया है कि संशोधित दिल्ली नगर निगम अधिनियम के अनुसार, यह नागरिक निकाय अब केंद्र सरकार के अधीन आता है और अब एमसीडी दिल्ली सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं है।

4 दिसंबर को हुए एमसीडी चुनावों में आप ने बड़ी जीत दर्ज कर नगर निगम में चल रहे बीजेपी के 15 साल के शासन को खत्म कर दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने 250 वार्डों में से 134 पर जीत हासिल की है, जबकि बीजेपी केवल 104 वार्ड ही जीत सकी।



दिल्ली बीजेपी के एक प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर कहा कि दिल्ली नगर निगम दिल्ली विधानसभा या दिल्ली सरकार के प्रति उत्तरदायी नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, दिल्ली नगर निगम अधिनियम में संशोधन के बाद एमसीडी अब केंद्र सरकार या उसके प्रतिनिधि उपराज्यपाल के अधीन है। नागरिक निकाय दिल्ली सरकार या विधान सभा के प्रति जवाबदेह नहीं है।

दिल्ली बीजेपी की तरफ से यह बयान आप विधायक सौरभ भारद्वाज के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि एमसीडी पर दिल्ली विधानसभा समिति के सदस्यों का एक पैनल जल्द ही देश के कुछ सबसे स्वच्छ शहरों का दौरा करेंगे और उनके ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पृथक्करण और स्वच्छता मॉडल का अध्ययन करेंगे। सौरभ भारद्वाज विधानसभा की इस समिति के अध्यक्ष हैं।

इसके जवाब में कपूर ने कहा, उपराज्यपाल को एमसीडी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देना चाहिए कि वे अब दिल्ली सरकार या विधानसभा की किसी समिति के प्रति जवाबदेह नहीं हैं।

कपूर ने कहा कि सौरभ भारद्वाज की यह घोषणा स्पष्ट रूप से दिखाती है कि भारद्वाज और उनके साथी विधायकों की मंशा निगम के काम में हस्तक्षेप करने की है और वे अपने ही चुने पार्षदों से भी भिड़ेंगे, जिनके पास नवगठित नगर निगम में बहुमत है।

उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि आप विधायक केजरीवाल सरकार के विभागों जैसे पीडब्ल्यूडी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति और दिल्ली जल बोर्ड के माध्यम से सार्वजनिक कार्यों को करवाने पर ध्यान दें।

# कृषि के विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर अनेक प्रयास कर रही : मुख्यमंत्री

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि हम एक कृषि प्रधान देश के सबसे बड़े कृषि प्रधान प्रदेश में निवास कर रहे हैं। प्रदेश में आज भी बड़ी आबादी की आजीविका का माध्यम कृषि है। प्रदेश की उर्वरा भूमि तथा पर्याप्त जल संसाधन खेती की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाते हैं। कृषि के विकास के लिए केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर अनेक प्रयास कर रही है, इनमें अन्नदाता किसानों को समय पर अच्छी तकनीक, अच्छी गुणवत्ता के बीज दिलाने तथा समय के अनुरूप उन्हें अपडेट करना सम्मिलित हैं।




मुख्यमंत्री जी आज यहां लोक भवन सभागार में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-1) के लिए चयनित 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने 11 नवचयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को इस चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर नवचयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों ने निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश में मिशन रोजगार के अन्तर्गत नव चयनित वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि आपके पास अच्छी डिग्री के साथ-साथ अच्छा अनुभव भी है। उनकी प्रतिभा व अनुभव का लाभ राज्य के अन्नदाता किसानों को दिलाने के लिए आज 431 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्य हो रहा है। प्रदेश में 06 कृषि विश्वविद्यालय स्थित हैं। इनके माध्यम से देश व प्रदेश को अच्छे कृषि स्नातक मिल रहे हैं। यह संस्थान अन्नदाता किसानों के सहयोग के लिए अच्छी प्रशिक्षित टीम को उन तक पहुंचा रहे हैं। प्रदेश में भारत सरकार के सहयोग से 89 कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित हैं। किसानों के प्रशिक्षण, उन्हें नई तकनीक के बारे में जानकारी देने तथा समय पर प्रमाणित बीज की उपलब्धता की दिशा में कृषि विज्ञान केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित किया जाना है। इसके लिए हमें उन सेक्टर्स को चिन्हित करना होगा, जहां सबसे अच्छी सम्भावनाएं हैं। प्रदेश में सबसे अधिक सम्भावना का क्षेत्र स्वाभाविक रूप से कृषि है। अगर हम थोड़ा प्रयास कर लें, तो आगामी कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र की क्षमता को तीन गुना बढ़ा सकते हैं। उत्तर प्रदेश देश ही नहीं, बल्कि दुनिया का पेट भरने की क्षमता रखता है। इन सम्भावनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में देश की बागडोर सम्भालने के बाद कृषि के विकास के लिए अनेक प्रयास किये। इनमें स्वायल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा किसानों के कल्याण के लिए दुनिया की सबसे बड़ी योजना पी0एम0 किसान सम्मान निधि शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में 02 करोड़ 54 लाख से अधिक किसान पी0एम0 किसान योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इन्हें हर वर्ष 06 हजार रुपये भारत सरकार के माध्यम से प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत विगत साढ़े पांच वर्षों में 22 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में सरफेस वॉटर की कमी नहीं है, लेकिन पहले उसका उचित नियोजन नहीं होता था। खेतों में उस जल को पहुंचाने के लिए सुविधाएं नहीं थी। राज्य में वर्षों से लम्बित सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण कराया गया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सन् 1972 में सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना बनी थी। उस समय योजना की लागत 100 करोड़ रुपये थी। समय पर कार्य पूरा न होने के कारण उसकी लागत बढ़ती गई। विगत वर्ष केन्द्र व राज्य सरकार ने मिलकर यह परियोजना पूर्ण की है। इसके माध्यम से 14 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा मिली है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में अर्जुन सहायक, विन्ध्य क्षेत्र में बाण सागर परियोजना, पश्चिम में मध्य गंगा नहर परियोजना जैसी दशकों से लम्बित अनेक परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य किया गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज पद्म पुरस्कारों में उत्तर प्रदेश के प्रगतिशील किसान भी स्थान प्राप्त करते हैं। विगत 08 वर्षों में जनपद बाराबंकी, वाराणसी, बुलन्दशहर तथा सहारनपुर के किसान इन पुरस्कारों का हिस्सा बने हैं। इन प्रगतिशील किसानों में बहुत पोटेंशियल है। उन्होंने अपनी मेहनत से बेहतरीन करके दिखाया है। इस दिशा में हम भी प्रयास कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों द्वारा लिये गये निजी नलकूप कनेक्शनों के लिए सब्सिडी दी। अब सरकार सोलर पैनल के माध्यम से किसानों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करने की व्यवस्था से जोड़ रही है। अन्नदाता किसान इसके माध्यम से अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। राज्य सरकार ने अपनी नीति के अन्तर्गत नेट बिलिंग और नेट मीटरिंग की कार्यवाही को आगे बढ़ाया है। अन्नदाता किसान पी0एम0 कुसुम योजना के माध्यम से इसका लाभ ले सकते हैं। वर्तमान में 30 हजार किसानों को सोलर पैनल उपलब्ध कराने की व्यवस्था डबल इंजन की सरकार कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्रता के अनुसार प्रदेश के विभिन्न किसानों को मिले, इसमें वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों की बड़ी भूमिका हो सकती है। उन्हें तकनीक उपलब्ध कराने में आप सहायक हो सकते हैं। हमें समय के अनुरूप चलना होगा। कोरोना महामारी का सामना दुनिया ने किया। भारत का कोविड प्रबन्धन सबसे बेहतरीन था। कोरोना के समय भी कृषि क्षेत्र की उत्पादकता पर कोई असर नहीं पड़ा था। ऐसे समय में दुनिया को भुखमरी से बचाने के लिए हमारे अन्नदाता किसानों तथा कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी भूमिका निभाई। जिन देशों की फर्टिलाइजर, केमिकल तथा पेस्टीसाइड पर ज्यादा निर्भरता थी, वहां खेती अच्छी स्थिति में नहीं थी, क्योंकि इन सभी का उत्पादन कोविड काल में रुक गया था। प्रधानमंत्री जी ने इसका बेहतरीन विकल्प नेचुरल फार्मिंग मिशन के रूप में दिया। यह केन्द्रीय बजट का हिस्सा बना।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग के अन्तर्गत जीवामृत तथा घनामृत का प्रयोग करते हुए पैदावार को बढ़ाया जा सकता है। इसकी लागत भी कम आती है। इसके माध्यम से प्रति एकड़ 12 से 14 हजार रुपये की बचत देखने को मिली है। राज्य सरकार ने गंगा के तटवर्ती 27 जनपदों तथा बुन्देलखण्ड के 07 जनपदों को नेचुरल फार्मिंग के साथ जोड़ा है। सरकार इन सभी जनपदों में टेस्टिंग लैब, मास्टर ट्रेनर आदि की उपलब्धता की कार्यवाही कर रही है। बहुत से किसानों ने इसमें अच्छे प्रयास किये हैं।

## एक नजर

### यूपी के अस्पतालों में अराजकता का बोलबाला : अखिलेश यादव

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बदहाली का आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अस्पतालों में अराजकता की स्थिति है। श्री यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। न इलाज मिल रहा है और न दवा। मरीजों और तीमारदारों के साथ अभद्रता आम बात हो गई है। सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों पर मंत्रीजी की छापेमारी का कहीं कोई असर पड़ना ही नहीं था। आम आदमी अब सरकारी अस्पतालों में जाने से डरने लगा है। उन्होने कहा कि महसी विधायक अपनी भाभी को दिल का दौरा पड़ने पर बहराइच मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए गए थे। वहां एक घंटे तक स्वास्थ्य कर्मी इंजेक्शन तक नहीं लगा सके। काफी मशक्कत के बाद बाहर से किसी को बुलाकर इंजेक्शन लगवाया गया, तब जाकर इलाज करवाया जा सका। जब सत्ता दल के विधायक की सुनवाई नहीं हो रही है तो आम आदमी का क्या होगा। बलरामपुर के जिला महिला अस्पताल में स्टाफ नर्स और डॉक्टरों की लापरवाही से एक नवजात की जान चली गई। कारण सिर्फ इतना था कि नवजात का पिता स्टाफ नर्स को प्रसव के नाम पर 2600 रुपये नहीं दे सका था।

### महिला ने खुद के बारे में सुना कुछ ऐसा, पैरों तले खिसक गई जमीन, राज्यपाल ने छात्रों को दिए मेडल

**मेरठ/ एजेंसी।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दौरे का आज मेरठ में दूसरा दिन है। राज्यपाल आज कृषि विवि में छात्र-छात्राओं को डिग्रियां और मेडल देने पहुंचीं हैं। उधर, बागपत में एक मासूम बच्चा लापता हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस अफसर जुटे हैं।

चीनी मिल के विस्तारीकरण को लेकर किसानों ने दिया धरना

किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद के विस्तारीकरण की मांग को लेकर किसानों ने मेल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने पूर्व में प्रशासन को धरना-प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया था।

भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष कुलबीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और किसानों ने नजीबाबाद चीनी मिल परिसर में धरना प्रदर्शन किया। बलराम सिंह का कहना था कि पांच वर्ष पूर्व नजीबाबाद दौरे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्य योगी आदित्य नाथ ने नजीबाबाद चीनी मिल के विस्तारीकरण का आश्वासन किसानों को दिया था, लेकिन अपना वादा पूरा नहीं किया।

भाजपा के जिलाध्यक्ष, बिजनौर विधायक भी किसानों को चीनी मिल के विस्तारीकरण का कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मिल की पेराई क्षमता कम होने के कारण किसानों के खेतों में गन्ना खड़ा रहता है और किसानों को मजबूरन कोल्हुओं पर गन्ना बेचना पड़ता है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### पुलिस हिरासत में युवक ने आत्महत्या का प्रयास, अस्पताल में भर्ती

**शाहजहांपुर/ एजेंसी।** जिले में राजकीय रेलवे पुलिस की हिरासत में एक मोबाइल चोर ने आग लगाकर कथित रूप से आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

गंभीर हालत में युवक को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि रहमान (25) को मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह वह शौच के लिए गया और शौचालय के भीतर जाकर खुद को आग लगा ली। उन्होंने बताया कि हादसे में रहमान गंभीर रूप से झुलस गया है।

उसकी चीख सुनकर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने तत्काल आग बुझाई और उसे अस्पताल लेकर गए।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रामसेवक द्विवेदी ने बताया कि रहमान को मोबाइल चोरी के आरोप में राजकीय रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह पुलिस के डर से उसने खुद को आग लगा ली जिसके बाद उसे तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार तथा रेलवे पुलिस के पुलिस क्षेत्राधिकारी अस्पताल में मौजूद हैं।

### प्रतापगढ़ में बलात्कार के तीन आरोपियों को उम्रकैद

**प्रतापगढ़/ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक अदालत ने नाबालिग के साथ सामूहिक बलात्कार के तीन अभियुक्तों को उम्रकैद और 35-35 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कोतवाली लाल गंज के एक गांव में 14 अप्रैल 2020 को 17 वर्ष की किशोरी का दो लोगो ने अपहरण कर लिया था। परिजनों ने तिलौरी के अब्दुल रब,अब्दुल हसान और नागापुर के अब्दुल एजाज पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पीड़ित किशोरी ने पुलिस को बताया कि तीनों ने उसके साथ रेप किया है। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने तीनों पर दोष सिद्ध पाया। सभी को शेष जीवन काल के लिये कैद की सजा सुनायी और 35, 35 हजार रुपये का अर्थ दण्ड लगाया।

### हमीरपुर में जलस्तर गिरने से नलकूप ठप, सिंचाई का संकट

**हमीरपुर/ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले में लगातार घट रहे जल स्तर के बीच तीन ब्लाकों के 55 सरकारी नलकूपों ने पानी उगलना बंद कर दिया है जिससे क्षेत्र में सिंचाई का संकट गहरा गया है। राजकीय नलकूप के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि पिछले मानसून में जिले में व्यापक वर्षा हुयी थी मगर गिरते जलस्तर में कोई सुधार नहीं दिखा है। हालात अब इस कदर बिगड़ चुके हैं कि दिसम्बर में सुमेरपुर,मौदाहा और कुरारा ब्लाक मे जलस्तर पिछले साल की तुलना में एक मीटर से अधिक नीचे चला गया है,नतीजन 55 सरकारी नलकूप ठप हो गये हैं।

### उत्तर प्रदेश के अमेठी में दलित व्यक्ति का शव मिला

**अमेठी (उप्र)/ एजेंसी।** अमेठी जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के पूरब विसारा गांव में घर के नजदीक संदिग्ध परिस्थितियों में 50 वर्षीय दलित व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुसाफिरखाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि पूरब विसारा गांव निवासी अयोध्या प्रसाद पासी दो दिन से लापता थे।

सिंह ने बताया कि वह काम के सिलसिले में घर से बाहर निकले थे। बाद में शुक्रवार सुबह पासी के घर के निकट ही उनका शव मिला।

एसएचओ ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### बरेली में किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 16 साल की जेल

**बरेली (उत्तर प्रदेश)/ एजेंसी।** बरेली की एक अदालत ने 15 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के दोषी 22 वर्षीय युवक को 16 साल जेल की सजा सुनाई है। सरकारी वकील ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषी राजेंद्र पटेल को बृहस्पतिवार को सजा सुनाई और उस पर 45,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। घटना बरेली शहर के थाना बारादरी क्षेत्र की है।

## शादी में गए युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या, बीच बचाव में तीन दोस्त भी घायल

**बुलंदशहर/ एजेंसी।** जहांगीराबाद नगर के एक फार्म हाउस में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आए एक युवक को चार युवकों ने चाकुओं से गोद डाला। बीच बचाव में आये युवक के तीन दोस्तों पर भी हमलावर झपटे जिसमें उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घबराकर मृतक के दोस्त पीछे हट गए। घटनाक्रम के पीछे के कारणों का पता लगाने में पुलिस जुट गई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक अनूपशहर थाना क्षेत्र के गांव बिरौली निवासी महेंद्र उर्फ रिंकू (34) पुत्र अजयपाल अपने दोस्त अमित, सुमित और मनु के साथ जहांगीराबाद में अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में मनाया गया विजय दिवस

**मेरठ / एजेंसी।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विजय दिवस मनाया गया। जिसमे 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के वीर सैनिकों की फोटो पर पुष्प अर्पित किये गये। इस कार्यक्रम में भारतीय नौ सैना के श्री एस0पी0सिंह भी शामिल हुए। श्री एस0पी0सिंह इस युद्ध में मिशाइल बोट पर तैनात थे। आई0एन0एस0विधुत उन चार पोतो में एक था जिसने कराची पर हमला किया और तबाही मचाई। जिसकी वजह से पाकिस्तान का कराची बन्दरगाह 07 दिनों तक भीषण आग की चपेट में रहा। बहुत गर्व की बात है कि श्री एस0पी0सिंह आज हमारे समक्ष इस कार्यक्रम में शामिल रहे।



इसके अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण बात यह भी रही कि माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने इस कार्यालय में 03 नये शहीद आश्रितो को नौकरी दी। जिनमें तीनो आश्रित ने आज इस कार्यालय में कार्यभार सभाल लिया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन(आई0एन) राकेश शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए अवगत कराया कि अब से 51 वर्ष पूर्व यह युद्ध वीरता एक मिसाल बना। जिसमें पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों आत्मसर्पण किया था। कैप्टन शुक्ला ने प्रशासन कि प्रशंसा करते हुए निवेदन किया कि भूतपूर्व सैनिको के कल्याणार्थ कार्य एवॅ पुलिस की और से सहायता दी जायेगी। इस कार्यक्रम में जन-जागरूकता फाउन्डेशन भी शामिल रहा।

## रालोद के पूर्व विधायक समेत पांच ने किया सरेंडर, 2007 का है मामला

**बागपत/ एजेंसी।** बागपत में विधानसभा चुनाव 2007 में बिनौली थाने में दर्ज हुए आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे में रालोद के पूर्व विधायक समेत पांच आरोपियों ने शुक्रवार को न्यायालय में सरेंडर कर दिया। जिन्हें न्यायालय से जमानत मिल गई।



अधिवक्ता जयवीर सिंह ने बताया कि बरनावा विधानसभा सीट से रालोद प्रत्याशी सतेंद्र सोलंकी के कार्यालय का 29 मार्च 2007 को जिवाना गुलियान गांव में उद्घाटन किया गया था। जहां बिना अनुमति भीड़ इकट्ठा होने पर पुलिस ने प्रत्याशी सतेंद्र सोलंकी, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, राजू सिरसली, विधायक योगेश धामा, पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित, हरेंद्र सोलंकी, रामपाल सिंह यादव, अप्पू प्रधान समेत कई नामजद व सैकड़ों अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

वहीं शुक्रवार को पूर्व विधायक वीरपाल राठी, विवेक चौधरी, राजू सिरसली, अखिलेश प्रधान, मनोज यादव ने कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया। जिसमें सुनवाई के बाद न्यायालय ने जमानत मिल गई।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि0वि0 का पंचदश दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक सपंन्न

**मेरठ/ एजेंसी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि0वि0 परिसर के गांधी हॉल में सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि0वि0 का पंचदश दीक्षांत समारोह भव्य रूप से मनाया गया। समारोह में कुल 07 छात्र-छात्राओ को मेडल तथा 353 छात्र-छात्राओ को विभिन्न संकायो में उपाधि दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर व मटकी में जलधारा अर्पित कर जल संचयन के संदेश के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मा0 राज्यपाल महोदया द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा वार्षिक कृषि तकनीकी दर्शिका-2023 व आर्टिफीशियल इंटेलिजेन्स इन एग्रीकल्चर नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।

दीक्षांत समारोह में 07 में से 05 मेडल लडकियो को मिलने पर मा0 राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि यह कृषि क्षेत्र में बदलाव को इंगित करता है। हमारी बेटियां कृषि क्षेत्र में भी आ रही है। उन्होने कहा कि लोगो के समझ में आ रहा है कि बच्चो को उनकी रूचि के अनुसार पढाया जाये जब हमारे स्टूडेंट अपनी रूचि के अनुसार आगे बढते है तो मुझे लगता है कि भारत आत्मनिर्भर अवश्य बनेगा। उन्होने विश्वविद्यालय को प्रतिवर्ष पासआउट होने वाले स्टूडेंट का मोबाइल नंबर, उनकी सफलता आदि के बारे में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए कहा। देश विदेश से आने वाले छात्रो की डिटेल भी वेबसाइट पर अपलोड करें ताकि लोग इसे देखकर प्रेरित हो सके।

भारत को वैश्विक जी-20 समूह की मिली अध्यक्षता पर हर्ष व्यक्त करते हुये उन्होने कहा कि देश के भिन्न-भिन्न शहरों में जी-20 समूह का अगले वर्ष आयोजन किया जायेगा, जिसमें उ0प्र0 के चार शहर शामिल है। कुलपति एवं छात्र समूह इसमें हिस्सा लें, अपने विश्वविद्यालय की उपलब्धियो यथा जलवायु परिवर्तन से कृषि सुरक्षा और विपरीत जलवायु परिस्थितियो से मुकाबला कर सकने वाले फसल की किस्मो के विकास पर किये गये कार्यो के बारे में जानकारी साझा करें। साथ ही उन्होने कहा कि वर्ष 2023 को मिलेट अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जी-20 सम्मेलन में आने वाले मेहमानो को मिलेट से बने नये-नये व्यंजन खिला सकते है। उन्होने किसानो को भी मोटे अनाज बोने तथा खाने के लिए प्रेरित करने की सलाह दी।

भूगर्भ जल के अत्यधिक दोहन तथा जल प्रबंधन की चर्चा करते हुये उन्होने कहा कि कई क्षेत्रो में शुद्ध जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके समाधान के लिए भारत सरकार ने हर घर नल से जल योजना प्रारंभ की है। भोजन, पानी शुद्ध होगा तो बीमारियां भी कम होगी। उन्होने विश्वविद्यालय के विकास के लिए सुझाव देते हुये कहा कि एम्बेसडर के माध्यम से विदेशी विश्वविद्यालयो से संपर्क कर सकते है। अपने छात्र-छात्राओ को विदेशी विश्वविद्यालय में भेज सकते है तथा वहां के छात्र-छात्राओ को अपने यहां बुला सकते है तथा अपने ज्ञान को साझा कर सकते है।

उन्होने विश्वविद्यालय द्वारा फसलों की नई प्रजातियों के विकास, नवीन शोध कार्यो के संचालन, विविध अग्रणी शैक्षिक संस्थाओं से अनुबंध करके शोध कार्यो के प्रचार-प्रसार, अपने विद्यार्थियों को बेहतर रोजगारों में चयन और इस दिशा में नवीन सम्भावनाओं के विकास, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की दिशा में किए गए कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थियों में भविष्य की चुनौतियों के लिए पहले से ही कार्य-प्रबन्ध करना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने कृषि कार्य में पानी के उपयोग और पानी की समस्या पर भी चर्चा की और भूजल संरक्षण की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया।

## पांच वर्ष पहले यूपी लोकसेवा आयोग के नाम से चिढ़ते थे युवा : योगी

**लखनऊ/ एजेंसी।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी लोकसेवा आयोग पांच वर्ष पहले बदनाम केंद्र बन गया था। नियुक्ति पत्र दिया। कहा कि पांच साल पहले स्थिति चिंताजनक थी, युवा आंदोलनरत था। सीबीआई जांच करानी पड़ी थी। वहां



उसके नाम से युवाओं को चिढ़ होती थी, लगता था कि कहीं न कहीं यह प्रदेश के युवाओं से धोखा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-1) के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। शुक्रवार को मिशन रोजगार के तहत 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। सीएम ने कहा कि अभी कुछ चयनित अभ्यर्थियों को भेदभाव, भ्रष्टाचार की शिकायतें आ रही थीं। अयोग्य को चेयरमैन बना दिया गया था, जो चयन प्रक्रिया को भ्रष्टाचार की गर्त में भेजता था। अब चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हुई, इसलिए आप भी अपने क्षेत्र में ईमानदारी से प्रदेश के विकास में सहयोग दें और कृषि क्षेत्र में विकास की रफ्तार को डबल डिजिट में पहुंचाने में योगदान दें।

सीएम ने कहा कि कृषि प्रधान देश में हम सबसे बड़े कृषि प्रधान प्रदेश में निवास कर रहे हैं।

## अंकित के खाते से रकम निकाल आरोपी ने खरीदा दुल्हन का लहंगा

**गाजियाबाद/ एजेंसी।** के मोदीनगर में पीएचडी छात्र अंकित खोखर की हत्या के बाद प्रवेश ने उसके बैंक खाते से एटीएम कार्ड के जरिए 1.20 लाख रुपये निकालकर अपनी शादी के लिए खरीदारी की। इसी रकम से दुल्हन के लिए लहंगा खरीदा। बाद में अपना सूट भी इसी रकम से लिया। उसकी शादी छह दिसंबर को हुई है। वह खाते से और रकम निकाल हनीमून पर जाने की तैयारी कर रहा था। इससे पहले ही पकड़ा गया। प्रवेश गौतमबुद्धनगर के बिसरख थाना क्षेत्र के चिपयाना का रहने वाला है। अंकित की हत्या के बाद उमेश ने प्रवेश को पूरी वारदात के बारे में बताया। उसे अंकित की बाइक और डेबिट कार्ड दिए। उससे कहा कि खाते में 40 लाख रुपये हैं। वह जितने चाहे निकाल सकता है।

प्रवेश ने कहा कि उसे पैसे की सख्त जरूरत है। शादी तय हो चुकी है, काफी खरीदारी करनी है। पुलिस ने बताया कि उमेश ने प्रवेश से कहा कि वह एटीएम बूथ में अपना नहीं, अंकित का मोबाइल फोन लेकर जाए ताकि पुलिस लोकेशन देखे तो उसी की आए।

अंकित के दोस्त रूपेश ने बताया कि अंकित होनहार छात्र था। उसे पेन संग्रह करने का शौक था। वह महंगे-महंगे पेन खरीदता था। उसके कमरे से एक हजार से ज्यादा पेन मिले हैं।

# उत्तर प्रदेश के गोंडा में एटीएम से छेड़छाड़ कर पैसा चुराने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश, 3 गिरफ्तार, 1 बोलेरो कार बरामद

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश गोंडा पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के कुशल पर्यवेक्षण में नगर पुलिस टीम द्वारा एटीएम से छेड़छाड़ कर पैसा चुराने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों क्रमशः 01. राजेश श्रीवास्तव पुत्र अमरेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम अगरवा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर, 02. धनेश्वर शुक्ला उर्फ मिथुन पुत्र सतीश चन्द्र शुक्ल निवासी ग्राम जमुनहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर, 03. मन्टू पासवान पुत्र बच्चाराम निवासी ग्राम लखना गंगापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के रुपए व एटीएम मे लगाने वाले उपकरण, 01 अदद पुलिस पीकैप, 01 अदद कूटरचित पुलिस परिचय पत्र



घटना में प्रयुक्त 01 अदद ब्लोरो कार व जामातलाशी के दौरान अभियुक्त राजेश श्रीवास्तव के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस व अभियुक्त धनेश्वर शुक्ला के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। उक्त अभियुक्तों ने दिनांक 06.11.2022 को केनरा बैंक शाखा में लगे ए0टी0एम0 मशीन में घुसकर ए0टी0एम0 मशीन में पत्तीनुमा चीज फंसाकर ग्राहक के 9500 रुपए चुराये थे। जिसके सम्बन्ध में वादी मो0 शहनवाज पुत्र शौकत अली द्वारा थाना को0 नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

अपराध करने का तरीका

एटीएम मशीन के डिस्पेंसर शटर मे लोहे की पत्ती को फंसा देते थे और जब कोई व्यक्ति रूपया निकालने के लिए एटीएम का प्रयोग करता था तो रुपए एटीएम के डिस्पेंसर शटर के अन्दर ही फंसा रह जाता था, जिसे व्यक्ति मशीन को खराब जानकर चला जाता था और उक्त अभियुक्तगण डिस्पेंसर शटर को उठाकर पत्ती सहित रुपए अन्दर से खीच कर निकाल लेते थे और उपरोक्त अभियुक्तगण अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास यूपी पुलिस का परिचय पत्र, पीकैप रखते थे और गाड़ी पर पुलिस का लोगो लगाकर भ्रमणशील रहते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

1. राजेश श्रीवास्तव पुत्र अमरेश श्रीवास्तव निवासी ग्राम अगरवा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर।

02. धनेश्वर शुक्ला उर्फ मिथुन पुत्र सतीश चन्द्र शुक्ल निवासी ग्राम जमुनहा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर।

03. मन्टू पासवान पुत्र बच्चाराम निवासी ग्राम लखना गंगापुर थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर।

पंजीकृत अभियोग

01. मु0अ0सं0-928/22, धारा-457,380,427,411,419,420,467, 468,471,171 भादवि व 3/25 व 4/25 आर्मस एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

बरामदगी

01. 01 अदद देशी तमन्चा 12 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस।

02. 01 अदद नाजायज चाकू।

03. 01 अदद लोहे की पत्ती ए0टी0एम से पैसा निकलने के लिए प्रयोग की जाने वाली।

04 01 अदद कूटरचित पुलिस परिचय पत्र।

05. 01 अदद पी-कैप पुलिस।

06. 01 अदद वाहन ब्लोरो यूपी 47 आर 9509 पुलिस का लोगो लगी

07. 1500 रूपय नगद।

08. 03 अदद मोबाइल।

गिरफ्तारकर्ता टीम

01. उ0नि0 रणजीत यादव

02. उ0नि0 प्रतीक पाण्डेय

03. उ0नि0 जितेन्द्र वर्मा

04. उ0नि0 अंकुर वर्मा

05. उ0नि0 नागेश्वरनाथ पटेल मय हमराह थाना कोतवाली नगर गोण्डा।

# साधन सहकारी समिति कानापार में औचक निरीक्षण एस.डी.एम फरेंदा ने किया



एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश धानीबाजार महराजगंज ब्लाक धानी के ग्रामसभा कानापार में स्थित साधन सहकारी समिति का औचक निरीक्षण एस डीयम फरेन्दा ने किया। शुक्रवार को दोपहर में फरेन्दा के एस डीयम ने ब्लाक धानी के साधन सहकारी समिति कानापार जो धानी ब्लाक के प्रांगण में चलता है। उसका अचानक जांच करने के लिए पहुचे। उन्होंने सचिव के प्रतिनिधि से स्टाक के बारे में कहा कि स्टॉक में 2000बोरी धान हैं लेकिन मौके पर 1600 धान की बोरी स्टॉक में हैं बिधिवत जानकारी लिया।

स्टाक में दो हजार वोरी धान बताया गया, लेकिन स्टाक में एक हजार छः सौ बोरी धान मिली। 53 किसानो से धान की 450 कुन्तल धान खरीददारी की गयी है स्टाक में 2 हजार, 500 सौ कुंतल धान होना चाहिए। जिसमें गड़बड़ी रहने पर प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगायी तथा एस डी एम फरेंदा के नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 6250 बोरी हुआ और शेष 2600 बोरी होना चाहिए। तथा प्रतिनिधि ने बताया कि 1 हजार 400 सौ कुंतल धान खरदारी कर दिलवरी कर भेज दिया गया है।

# जानिए क्या है क्रिसमस के रंग, इन रंगों का क्या है महत्व

एनसीआर समाचार

क्रिसमस सभी उज्ज्वल चमकीले रंगों के बारे में है जो लंबी सर्दियों की रातों को रोशन करते हैं। लाल और हरा रंग विशेष रूप से, दो क्रिसमस का प्रतीक हैं जो तुरंत योग्य हैं और आपको तुरंत छुट्टी की भावना में डाल सकते है, लेकिन अमेरिका के नंबर 1 पसंदीदा अवकाश का प्रतिनिधित्व करने के लिए हम लाल और हरे रंग पर कैसे उतरे है।

हमारे पास क्रिसमस के रंग क्यों हैं:

कई छुट्टियों में हस्ताक्षर रंग होते हैं। एक कारण यह है कि लोग कुछ रंगों में अर्थ ढूंढते हैं, उस बिंदु तक जहां अकेले रंग विशेष भावनाओं या यादों को जगा सकते हैं, एक बागवानी विशेषज्ञ और



पौधों के रंगों के प्रतीकवाद के विशेषज्ञ एंजेलो रांडासी कहते हैं। उदाहरण के लिए, केवल एक लाल और हरे रंग के पॉइन्सेटिया को देखने से आपकी दादी के घर पर क्रिसमस की पूर्व संध्या और वहां की सभी सुखद भावनाएं वापस आ सकती हैं।

क्रिसमस के रंग क्या हैं और उनका क्या मतलब है:

लाल और हरे रंग क्लासिक क्रिसमस रंग हैं, लेकिन वे छुट्टियों से जुड़े एकमात्र रंग नहीं है और प्रत्येक का अपना विशेष अर्थ होता है। क्रिसमस के गहने और अन्य मिश्रित अवकाश सजावट चुनते समय यह निश्चित रूप से ध्यान में रखना चाहिए।

लाल रंग का महत्वः

यह गहरा रंग यीशु मसीह के रक्त का प्रतीक है, वह व्यक्ति जिसका जन्म अवकाश मनाता है। यह सांता क्लॉज और उनकी विशिष्ट पोशाक से भी जुड़ा हुआ है। आम तौर पर, लाल रंग अक्सर प्यार, साहस और रोमांस, अन्य लोकप्रिय छुट्टी विषयों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

हरे रंग का महत्वः

यीशु मसीह के जीवन और अनन्त प्रकृति का प्रतिनिधित्व करने के लिए क्रिसमस के समय हॉली और मिस्टलेटो जैसे सदाबहार पौधों का उपयोग किया जाता है। बुतपरस्त समय में, वे एक शक्तिशाली अनुस्मारक थे कि ठंड के समय में भी प्रकृति बढ़ती रहती है। हरा अक्सर छुट्टियों और नए साल में धन, सौभाग्य और स्वास्थ्य का प्रतीक होता है।

# अखिल भारतीय पत्रकार महासभा की अजमेर जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

एनसीआर समाचार

अजमेर अखिल भारतीय पत्रकार महासभा की ओर से बैठक आयोजित कर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पत्रकार बालकिशन शर्मा ने कहा कि पत्रकार हितों पर चर्चा तो सभी संगठन करते हैं, लेकिन संगठन संगठित नहीं हो पाते और संगठन को बल नहीं मिल पाता वर्तमान स्थितियां पत्रकार के लिए घातक साबित हो रही है पत्रकार रेखा जैन ने बताया कि, पत्रकारों का और पत्रकार संगठनों का संगठित होना अति आवश्यक है क्योंकि जब तक हम संगठित नहीं हो पाएंगे अपनी लड़ाई नहीं लड़ पाएंगे अखिल भारतीय पत्रकार महासभा का उद्देश्य भी बिना भेदभाव के एक साथ संगठित होकर पत्रकार हित की लड़ाई लड़ना है।

पत्रकार पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने



कहा कि मीडिया कर्मियों के ऊपर बढ़ते अत्याचार, शोषण, हत्या, फर्जी मुकदमे, अपरहण, फिरौती इत्यादि की घटनाओं को देखते हुए अखिल भारतीय पत्रकार महासभा की औ से पत्रकार कानून बनाने की मांग की जाएगी।

अखिल भारतीय पत्रकार महासभा के जिलाध्यक्ष शमशुद दुहा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन एकजुट होकर निरंतर कार्य करेगा और पत्रकारों के हक के लिए आवाज उठाएगा।

महासचिव नजीर कादरी ने बताया आज के इस आयोजन में पत्रकारों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया के पत्रकार साथी मौजूद थे अखिल भारतीय पत्रकार महासभा हमेशा एकजुटता के साथ कार्य करेगा और पत्रकारों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार के खिलाफ एकजुटता के साथ आवाज उठाएगा।

बैठक में पत्रकार मुबारक खान ने पत्रकारों को होने वाली परेशानियों को लेकर अपने विचार भी सामने रखें। महासचिव मोहम्मद नजीर कादरी, सचिव रेखा जैन, अशोक बंजारा, दिनेश गोस्वामी, शाहिद हुसैन, पूनम राठौड़, कोषाध्यक्ष सैयद हामिद अली, सदस्य अब्दुल कादिर मुलतानी, सलमान खान, तनवीर, नफीस, रिजवान, नासीर अली, तौसीफ, फय्याज, आफाक, पुष्पा, गीतांजलि, आशा, सैयद मुजम्मिल, गुफरान, आसिफ, शम्सुल कमर, उदय प्रताप सिंह आदि उपस्तिथ रहे।

# राजस्थान में सीएचओ ब्रीज कोर्स के दौरान नर्सिंग कॉलेज ने विद्यार्थियों के फर्जी साइन करके हडपे लाखों रुपए

एनसीआर समाचार

राजस्थान के जयपुर में सेंट थॉमस कॉलेज ऑफ नर्सिंग फागी जयपुर का मामला सामने आया है जिसमें कॉलेज की प्रिंसिपल और सहयोगी द्वारा विद्यार्थियों के लाखों रुपए फर्जी साइन करके हड़प लिए गए विद्यार्थियों की मांग है कि उच्च स्तरीय जांच की जाए अगर कॉलेज फर्जी पाया जाता है तो उसकी मान्यता रद्द की जाए।

पीड़ित विद्यार्थी रामकेश मीणा और राम रूप बेरवा ने बताया कि, हमारा 2021 में कम्युनिटी हेल्थ



ऑफिसर के पद पर चयन हुआ था जिसमें एक ब्रिज कोर्स करना था 6 महीने का तो वह ब्रिज कोर्स आर यू जेएसएच के अंडर करवाना था, तो सबको कॉलेज अलॉट किए थे, जिसमें आर यू जेएफएच में आर्डर दिया था कि जो कॉलेज जिस कॉलेज में हॉस्टल है उस कॉलेज के ही बच्चे रहते हैं तो 10000 प्रतिमाह विद्यार्थियों को दिए जाएंगे और जो लड़के कॉलेज के बाहर रहते हैं। उनको 10000 विद्यार्थियों के खाते में डाले जाएंगे।

हमें कॉलेज मिला था सेंट थॉमस कॉलेज ऑफ नर्सिंग फागी जयपुर में उसमें हम 55 विद्यार्थियों का चयन हुआ था जिसमें से 38 विद्यार्थी कॉलेज के बाहर रहे थे, तो उसमें से कॉलेज वालों ने हमारे फर्जी साइन करके पूरा 55 ही विद्यार्थियों का पेशा उनके खाते में डलवा लिया है, जिसमें कॉलेज की प्रिंसिपल रितु पानेरी ने बड़ा घोटाला किया है मैनेजर डायरेक्टर कंगना इन दोनों ने विद्यार्थियों के लाखों रुपए अपने खाते में डाल लिए हम प्रशासन से चाहते हैं कि, जो सी एच को का पेमेंट 10000 प्रति माह के हिसाब से हमारा पैसा हमारे खाते में डाला जाए और इन पर जांच कमेटी बिठाकर उच्च स्तरीय जांच की जाए अगर यह कॉलेज फर्जी पाया फर्जी पाया जाता है तो उसकी मान्यता रद्द की जाए।

# सी.एम.एच.ओ. ने किया अस्पताल का औचक निरिक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

एनसीआर समाचार

राजस्थान बांडनवाड़ा में शुक्रवार को सी.एम.एच.ओ. अजमेर डॉ अनुज कुमार पिंगोलिया ने बान्दनवाड़ा अस्पताल का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। निरिक्षण के दौरान 5 से 3 चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए डॉ पिंगोलिया ने अस्पताल प्रभारी डॉ रामराज मीणा को फटकार लगाई एवं सभी डॉक्टर एवं नर्सिंग कर्मियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, चिकित्सा सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध करवाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही राजश्री योजना, जेएसवाई, लेप्रोसी सर्वे, परिवार कल्याण कार्यक्रम आदि की



समीक्षा भी की।

डॉ पिंगोलिया अस्पताल की साफ सफाई एवं लेखा संधारण से खफा दिखाई दिए सी.एम.एच.ओ. डॉ पिंगोलिया ने अस्पताल के लेबर रूम, वार्ड, प्रयोगशाला, एक्सरे रूम, टॉयलेटस का निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किये। डॉ पिंगोलिया ने सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने, मरीजों को निशुल्क जाँच व उपचार से लाभान्वित करने एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों मे शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने पर जोर दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र कीटाप का निरीक्षण करने पर वहाँ की सेवाओं पर संतोष प्रकट किया, निरीक्षण के दौरान बि.सी.एम.ओ डॉ राकेश कुमावत भी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश के हरदोई में सपा राष्ट्रीय सचिव आदर्श दीपक मिश्रा ने शाहाबाद में की बैठक

एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश शाहाबाद नगर निकाय चुनावों को लेकर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अभी से सक्रिय हो गए है। शाहाबाद नगर निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी से सम्भावित प्रत्याशी नईम अन्सारी के लिए माहौल तैयार करने में जुट गए है।

समाजवादी पार्टी अपने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए पूरी ताकत और जोश के साथ कार्यकताओं की दूसरी मीटिंग स्टार मैरिज लॉन मोहल्ला मीरावस्ती में की, जिसमें मुख्य अतिथि आदर्श दीपक मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव, आलोक वर्मा प्रदेश सचिव और पूर्व पदअधिकारी शोऐब खान सहित सभी समाजवादी विचार धारा के लोग मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए आदर्श दीपक



मिश्रा ने कहा कि, हम समाजवादी विचारधारा के लोग जुल्म के खिलाफ हमेशा आवाज बुलन्द करते रहेंगे। भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे। अन्याय का हम लोग हमेशा विरोध करेंगे स्वर्गीय मुलायम सिंह के बताए हुए मार्ग से हम समाजवादी लोग हमेशा गरीब मजदूर महिलाओ एवं किसानों की स्मस्याओ को अपने मंच के माध्यम से मौजूदा सरकार से सवाल करते रहेंगे।

# मध्य प्रदेश शाजापुर जिला प्रभारी मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव ने किया सड़क मार्ग का भूमि पूजन

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्यमंत्री एवं शाजापुर जिला प्रभारी बृजेंद्र सिंह यादव ने केथलाय से धतुरिया सड़क मार्ग का भूमि पूजन का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य के स्कूल शिक्षा स्वतंत्र प्रभार एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार भी उपस्थित थे। उक्त सड़क 4.40 किलोमीटर लंबी होकर 5 करोड़ 19 लाख रुपए लागत से निर्मित होगी।



# हरियाणा महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गढ़ी गांव में बहुत सी समस्याओं से ग्रामीणों को जल्द मिलेगी राहत

एनसीआर समाचार

हरियाणा महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गढ़ी गांव में बहुत सी समस्याओं से ग्रामीणों को जल्द मिलेगी राहत गांव घड़ी के सरपंच कर्मवीर ने बताया कि मेरे गांव के अंदर अनेकों समस्याएं है पीने के पानी की सबसे भारी समस्या है। मैं मेरे गांव के अंदर बरात रुकने की कोई चौपाल है नए आंगनवाड़ी केंद्र है, नए गंदे पानी का निकास है, अनेकों समस्याओं से मेरा गांव गिरा हुआ है, नौजवानों के लिए कोई भी खेल स्टेडियम नहीं है, कोई लाइब्रेरी नहीं है, मैं मेरे गांव



के लिए सरकार से मांग करता हूं मेरे गांव की हर समस्या का समाधान किया जाए।

जो भी सहायता मेरे गांव को चाहिए वह सरकार लागू करवाया ताकि मेरे गांव के नागरिक भी अच्छे से अपना जीवन व्यतीत कर सकें मेरी 5 साल की योजना में मेरे गांव के अंदर जो भी समस्याएं है, मैं सरकार द्वारा वह पंचायत के द्वारा उन सभी समस्याओं को पूरी करने की कोशिश करूंगा और मेरे गांव को सुंदर व स्वस्थ और खुशहाल काम बनाऊंगा।

## एक नजर

### राजस्थान के कोटपुतली में लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन



एनसीआर समाचार

राजस्थान के कोटपुतली लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में आज 17 दिसंबर को मतदाता साक्षरता क्लब (एछउ) राष्ट्रीय सेवा योजना व युवा विकास केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. उर्मिल महलावत ने उपस्थित विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र के लिए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. सुरेश कुमार यादव विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए प्रेरित किया। उपखण्ड कार्यालय कोटपूतली के जगदीश तथा नरेन्द्र चौधरी ने विद्यार्थियों को "वोटर हैल्प लाईन एप के माध्यम से मतदाता सूची में ऑन-लाईन नाम जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान डॉ.मधु नागर, डॉ. राकेश कुमार लाटा, प्रो. सज्जन सिंह यादव, बी.एल.ओ. नरेश, पवन शर्मा, विपिन कुमार, प्यारे लाल, बाबूलाल तथा बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संदीप आर्य ने किया।


### उत्तर प्रदेश के मेरठ में जिला अधिकारी कार्यालय पर भाजपा नेताओं का धरना प्रदर्शन




एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश के मेरठ में 17 दिसंबर को जिला अधिकारी के कार्यालय पर सभी भाजपा नेताओं ने धरना प्रदर्शन दिया और जमकर नारेबाजी की प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा। हिंदुस्तान आतंकवाद की जननी पाकिस्तान होश में आओ होश में आओ देश का अपमान नहीं चाहेगा। हिंदुस्तान बिलावल भुट्टो मुदार्बाद मुदार्बाद, बिलावल भुट्टो हिंदुस्तान से माफी मांगो पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा भारत को लेकर दिए तर्कहीन घटिया शर्मनाक बयान के विरोध में।

### राजस्थान अजमेर के मशहूर शाही कव्वाल असरार हुसैन का हुआ निधन



एनसीआर समाचार

अजमेर महान सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह की शाही चौकी कव्वाल पार्टी के कव्वाल असरार हुसैन का हुआ निधन। असरार हुसैन लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार को असरार हुसैन ने ली अंतिम सांस। शाही चौकी के असरार हुसैन के निधन की सूचना मिलते ही परिजन व उनके चाहने वालो ने शोक व्याप्त हो गया। असरार हुसैन ने फिल्मी दुनिया में भी सूफियाना कलामों से अपना किरदार निभाया है। असरार हुसैन अजमेर विश्व प्रसिद्ध महान सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की पहली शाही चौकी के लीडर थे। शनिवार शाम पांच बजे अजमेर में ही सुपुर्द ए खाक किया गया।

### मध्य प्रदेश में जिला पुलिस लाइन मंदसौर में जनरल परेड का आयोजन किया



एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश में 16 दिसंबर को जिला पुलिस लाइन मंदसौर में जनरल परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के समस्त थानों के पुलिस बल के अधिकारी कर्मचारी के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौतम सोलंकी एवम अअपु ग्रामीण नरेन्द्र सोलंकी भी उपस्थित रहे। परेड की सलामी अनुराग सुजानिया, पुलिस अधीक्षक मंदसौर के द्वारा ली गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा परेड के लिए उपस्थित पुलिस बल के टर्नआउट के निरीक्षण करने के साथ परेड में सुधार हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश भी प्रदाय किया गया। इसके साथ ही पुलिस बल को टुकड़ियों में विभाजित कर परेड के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा डॉग स्क्वायड का भी निरीक्षण किया गया।

### अजमेर जिला कांग्रेस मंत्री ने सरकारी डिस्पेंसरी में कई महीनों से चिकित्सक ना होने पर लगाई गुहार

एनसीआर समाचार

राजस्थान सरकार के चिकित्सक स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के उपरोक्त विषय में निवेदन है कि विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के नजदीक राजकीय शहरी डिस्पेन्सरी स्थित है जहा पर आस पास की घनी आबादी वाले क्षेत्र में रहने वाले लोगों तथा दरगाह में आने वाले जायरीनों के द्वारा स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु उक्त डिस्पेन्सरी पर दिखाया जाता है। पिछले 6 महीने से एक भी डॉक्टर की मौजूदगी नहीं है। 6माह पूर्व यहां जो डॉक्टर नियुक्त था उसका स्थानान्तरण हो जाने के बाद से ही उक्त डिपेन्सरी चिकित्सक रहित हो गई है जिसकी वजह से अनेक मरीज इलाज से वंचित हो रहे है। वर्तमान में मौसमी बिमारी के चलते मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है लेकिन डिस्पेंसरी में उचित चिकित्सा नहीं होने के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# उत्तर प्रदेश क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष सुरौली भू-माफियाओं को दे रहे संरक्षण

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश जनपद देवरिया के निवासी हैं तो जरा सावधान हो जाइए, क्योंकि देवरिया पुलिस महकमे में बिना एसडीएम रिपोर्ट के एफ आई आर दर्ज नहीं होगी कोई कार्यवाही नहीं होगी। उक्त घटना को चरितार्थ किया है सुरौली के थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी बरहज ने पिछले 5 दिनों से सोशल मीडिया पर ग्राम कतरारी (नगर अंदर) के कई वीडियो सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर दिखने के बाद भी क्षेत्राधिकारी बरहज का कथन है कि, जब तक सदर एसडीएम राजस्व से जुड़े मामले का निपटारा नहीं कर देते और तब तक वह कोई कार्यवाही/ऋक्षक्रनहीं करेंगे। यानी कल को आपके घर में डकैती हो जाए और डकैती के स्थान का मामला एसडीएम कोर्ट में हो तो पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज करेगी पल्ला झाड़ती रहेगी अपनी नाकामी छुपाती रहेगी।

अब क्योंकि मामला बहुत हाई प्रोफाइल है भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्रा बार संघ के पूर्व अध्यक्ष सिंहासन गिरी बार संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय और बार संघ के वर्तमान मंत्री शक्तिधर पांडे उर्फ रोशन कि पूरे मामले में महत्वपूर्ण भूमिका है और इनके इशारे पर 50 के करीब असामाजिक तत्वों का गोल बनाकर, रामनाथ देवरिया निवासी दुर्गा मणि के गाटा संख्या 1018 कतरारी ग्राम नगर अंदर में सुबह के वक्त पहुंचता है और जबरन उनके कृषि भूमि में मिट्टी गिराता है, जिसका वीडियो अब सामने आ रहा, जिसमें बाहर के पूर्व अध्यक्ष कृषक के परिजनों से धक्का-मुक्की की गई है और जबरन मिट्टी डलवाने का कार्य किया गया है, बावजूद इसके ना तो सदर एसडीएम ने मिट्टी हटाने हेतु कोई आदेश दिया और ना ही पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर रही है पुलिस को इंतजार है सदर एसडीएम की सदर एसडीएम को इंतजार है तारीख की जो हर बार आगे बढ़ जाती है और कल भी आगे बढ़ गई।

अब सवाल यह उठता है कि, सदर एसडीएम कोर्ट में मामला महीनों पुराना है। हर बार तारीख पड़ जाती है परंतु वर्तमान में दुर्गा मणि और उनके परिजनों के साथ धक्का-मुक्की की गई है वीडियो साक्ष्य मौजूद है जबरन उनके खेत में मिट्टी डाला गया है। उक्त बातों का ज्ञान सुरौली थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी बरहज को नहीं है जिस कारण वह मुकदमा नहीं दर्ज कर रहे हैं या फिर पुलिस प्रशासन मिलकर एक कृषक के खेत को जबरन हड़पवाना चाहता है। कृषक की भूमि पर हुए एक नाजायज कृकृत्य में अपनी भूमिका निभा रहा है और पुलिस एसडीएम की तरफ देख रही एसडीएम सदर पुलिस की तरफ देखकर इन सत्ताधारी भू-माफियाओं और अधिवक्ताओं को बचाने का कार्य कर रहे हैं।

वर्तमान सरकार में जनता के लिए सीधा संदेश है वर्तमान की घटना को देखते हुए आपकी भूमि अगर विवादित है और वहां लूट हो जाती है, हत्या हो जाती है, डकैती हो जाती है, तो मौके पर पुलिस से इंसाफ की उम्मीद ना करें। अगर आप की पकड़ अच्छी है आप सत्ताधारी नेताओं की पोतांजलि करने में सक्षम है, तो संबंधित राजस्व विभाग से मिले तभी आपका एफ आई आर दर्ज होगा, तभी दोषियों पर कार्रवाई होगी वर्तमान पुलिस के रवैया से बयान से यह स्पष्ट होता है। वह बयान ट्विटर पर दिया गया है। व्यक्तिगत दिया गया है या फिर जैसे भी आप तक पहुंचाई जा रही है। संदेश सीधा है कि, देवरिया पुलिस उन मामलों में हाथ नहीं डालेगी/पार्टी नहीं बनेगी जहां थोड़ी भी राजस्व विभाग की भूमिका है।

पुलिस प्रशासन को समझना चाहिए कि, इससे पहले काले कोर्ट की आड़ में जमीनों का दलाल अजय उपाध्याय पुत्र दिनेश उपाध्याय सार्वजनिक तौर पर एक पूर्व अध्यक्ष की उपस्थिति में कई अधिवक्ताओं की मौजूदगी में माफी मांग चुका है दलाल किस्म के कालाकोर्ट और भाजपाई गुंडों का संरक्षण पुलिस के लिए निंदाजनक है।

## मध्य प्रदेश के सागर जिले में सहकारी समिति प्रबंधक रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार, किसान से धान तुलाई के एवज में मांग रहे थे रिश्वत



एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश सागर जिले के गौरझामर में लोकायुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिक सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक को गिरफ्तार किया है सहायक समिति प्रबंधक किसान से धान तुलाई के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। जानकारी के अनुसार, सागर के देवरी विकासखंड के नाहरमऊ गांव के वीरेंद्र रामकिशन साहू (24) ने लोकायुक्त सागर कार्यालय में शिकायत दर्ज करायी थी कि गौरझामर प्राथमिक सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक विनोद कुमार जैन 28 क्विटंल 80 किलो धान तुलाई कराने के एवज में 4 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है. शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने मामले में जांच पडताल शुरू की, जांच में शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को लोकायुक्त टीम कार्रवाई के लिए गौरझामर पहुंची। सहायक समिति प्रबंधन विनोद जैन भी रिश्वत लेने के लिए पहुंचे, जैसे ही फरियादी वीरेन्द्र साहू ने सहायक समिति प्रबंधक विनोद जैन को रिश्वत की राशि दी, तो पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। शिकायत मिलते ही लोकायुक्त ने मामले में जांच पडताल शुरू की, जांच में शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को लोकायुक्त टीम कार्रवाई के लिए गौरझामर पहुंची। सहायक समिति प्रबंधन विनोद जैन भी रिश्वत लेने के लिए पहुंचा, जैसे ही फरियादी वीरेन्द्र साहू ने सहायक समिति प्रबंधक विनोद जैन को रिश्वत की राशि दी, तो पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तर प्रदेश वाराणसी में हिन्दू राष्ट्र जन जागृति आंदोलन में हिन्दुओं की संतप्त मांग

एनसीआर समाचार




उत्तर प्रदेश में हिन्दुओं के लिए अन्यायकारी एवं संविधानद्रोही 'प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट' तत्काल रहित किया जाए। वाराणसी, काशी, मथुरा, भोजशाला आदि हजारों धार्मिक स्थलों के विषय में हिन्दुओं की न्यायपूर्ण मांग दबाने के लिए 'प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991' बनाया गया, जबकि दूसरी ओर 'वक्फ बोर्ड' को कोई भी संपत्ति 'वक्फ संपत्ति' के रूप में घोषित करने का अधिकार दिया गया है। संविधान द्वारा सभी भारतियों को यह अधिकार है कि वे अपनी मांगों के लिए न्यायालय में जा सकते हैं किंतु 'प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991' कानून के कारण वर्ष 1947 से पूर्व हिन्दू मंदिरों पर किसी ने अतिक्रमण किया होगा, तो उसके लिए कोई भी परिवाद न्यायालय में नहीं किया जा सकता।

इस कारण यह कानून संविधान का उल्लंघन करता है। हिन्दुओं के लिए अन्यायकारी एवं संविधान द्रोही इस कानून को त्वरित निरस्त किया जाए तथा लव जिहाद विरोधी अधिनियम पूरे भारत में शीघ्रातीशीघ्र लागू किया जाए, इन मांगों के लिए यहां के शास्त्री घाट, वरूणा पुल पर हिन्दू राष्ट्र जागृति आंदोलन किया गया। इस समय भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी ब्रह्मयानंदजी, काशी विश्वनाथ मंदिर की मुक्ति के लिए गत 32 वर्ष से संघर्ष कर रहे प्रखर हिन्दुत्वनिष्ठ डॉ. सोहनलाल आर्य, पंचचक्र हनुमान चालीसा के संस्थापक राजकुमार पटेल, हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष पांडे, काली महल के आशुतोष पांडेय, हिन्दू महासभा के शुभम पांडेय, शृंगार गौरी की याचिका कर्ता सीता साहू, हिन्दू जनजागृति समिति के उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्य समन्वयक विश्वनाथ कुलकर्णी, राजन केशरी तथा सनातन संस्था की प्राची जुवेकर तथा अन्य मान्यवर एवं हिन्दू संगठन के प्रतिनिधि उपसथित थे।

लव जिहाद के विरूद्ध राष्ट्रीय स्तर पर सख्त कानून बनाया जाए तथा गृह मंत्रालय इसकी जांच के लिए एक स्वतंत्र दल नियुक्त करे। झूठे नाम और पहचान बताकर हिन्दू लड़कियों को धोखे से प्रेमजाल में फंसाकर उनका धर्मपरिवर्तन करने, तथा मना करने पर उनकी हत्या करने जैसी घटनाएं अब नियमित हो गई है। मदरसों अथवा मस्जिदों के द्वारा बहुत बार मुस्लिम युवकों को लव जिहाद के लिए प्रोत्साहन दिया जाता ऐसे सामने आया है। इस समय मांग की गई कि लव जिहाद के लिए विदेशों से मिल रही आर्थिक सहायता, युवतियों की तस्करी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए उनका उपयोग करना; इसकी जांच कर इसके दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही लव जिहाद की घटनाओं में संलिप्त पाए जाने पर मदरसों और मस्जिदों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। आपका नम्र, विश्वनाथ कुलकर्णी उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्य समन्वयक हिन्दू जनजागृति समिति के लिए।

## राजस्थान के विधानसभा क्षेत्र कोटपुतली में जन आक्रोश यात्रा को मिला आमजन का भरपूर समर्थन

एनसीआर समाचार



राजस्थान के कोटपुतली में 16 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी की जन आक्रोश यात्रा कोटपुतली नगर में शुक्रवार को शहर के मुख्य स्थानों पर रही, जिनमें मुख्य रूप से टेलीफोन एक्सीचेंज रोड़ से आदर्श नगर, ढाणी दीपावाली, ढाणी बागवाली, ढाणी झमेलावाली, कृपा की तिबारा, डाबला रोड़, ढाणी कैराला, ढाणी भींवाली, ढाणी शैशावाली, मानसी विहार, चन्द्रदास कॉलोनी, काशीपुरम डाबला रोड़, पुराना आरटीओ आफिस, मैन चौराहा, सर्विस रोड़ बीडीएम अस्पताल, श्याम मंदिर रोड़, ढाणी रावता वाली, सुन्दरपुरा रोड़ तथा आरटीएम के सामने भाजपा कार्यकताओं ने जन सम्पर्क कर कॉग्रेस राज में हो रहे अत्याचार के मामलों को उजागर किया।

यात्रा में भाजपा नेता मुकेश गोयल ने राजस्थान सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि, चारों ओर अंधेरगर्दी, कुशासन और भ्रष्टाचार व्याप्त है। राजस्थान में बेरोजगारी की स्थिति इतनी दयनीय हो गई है कि राजस्थान का शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि, राजस्थान बेरोजगारी के मामले में पिछले चार सालों में देष में प्रथम स्थान पर रहा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री विगत चार वर्षों से केन्द्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं कर रहे है। राज्य में कॉग्रेस सरकार विकास के कार्य केवल कागजों में ही कर रहे है, जमीनी स्तर पर विकास की गति शून्य हो गई है। राजस्थान सरकार की भर्तियों मे हो रहे घोटालों एवं भ्रष्टाचार से प्रदेश की जनता त्रस्त है। राजस्थान का किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। कांग्रेस सरकार के घोषणा पत्र में गांवों में किसानों को आठ घंटे तथा शहरों में 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत है। देष में सबसे मंहगी बिजली, डीजल-पैट्रोल राजस्थान की जनता को मिल रही है। आमजन कांग्रेस के षड़यंत्र को समझ चुकी है, जिसका जवाब आगामी विधानसभा चुनावों में दिया जायेगा।

भाजपा नगर अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला ने जानकारी देते हुए बताया कि, जन आक्रोष यात्रा का कोटपुतली विधानसभा क्षेत्र के नगर मण्डल में शुक्रवार को जन सम्पर्क कार्यक्रम के साथ समापन किया। मण्डल अध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार पर निषाना साधते हुए बताया कि, राजस्थान में महिलाओं पर अत्याचार व बलात्कार के मामले प्रतिदिन बढ रहे है। राजस्थान बलात्कार के मामले मे भी नम्बर -1 पर आ गया है। प्रदेष में गैंगवार के मामलों के चलते राजस्थान आपराधिक गिरोह का अड्डा बन गया है तथा पुलिस संरक्षण में आपराधिक गतिविधियां बढती जा रही है।

यात्रा में भाजपा नेता शंकर कसाना, जिलामंत्री रविन्द्र सिंह शेखावत, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूरणमल सैनी, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरुजी, उप प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र रहीसा, नगर महामंत्री बालकृष्ण सैनी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल रावत, जेपी कोटिया, विस्तारक अनिल सैनी, नगर उपाध्यक्ष शशी मित्तल, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सैनी, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय कुमार आर्य, ओबीसी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष राजाराम कसाना, संजय टेलर, बलेश सैनी, विक्रम कसाना, नगर महामंत्री जितेंद्र शेखावत, सीताराम बंसल, सतीश सैनी, जयराम गुर्जर टापरी, जयसिंह पायला, कपिल शर्मा, राजेश जांगल, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष अमित सैनी, विक्रम सैनी, मनीष सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, लक्ष्य शर्मा आदि ने नगर वासियों से जनसम्पर्क कर कॉग्रेस सरकार के काले कारनामों को उजागर किया।

## मध्य प्रदेश में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह हुआ सम्पन्न

एनसीआर समाचार



मध्य प्रदेश में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति एवं मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने छात्रों का आहान शुरू किया कि, वह अपनी शिक्षा को आम जनों की समस्याओं के निराकरण का माध्यम बनाएं। उन्होंने परिश्रम और पुरुषार्थ से उत्पादन करने का संदेश देते हुए केवल शासकीय नौकरियों के पीछे भागने की प्रवृत्ति से मुक्त रहने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि, यह नाना जी का विश्वविद्यालय है और यहां से पढ़े छात्रों में नाना जी के चिंतन की झलक दिखनी चाहिए। सिकल सेल एनीमिया के निराकरण के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के उल्लेखनीय योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय ने इस दिशा में बहुत ही अच्छा कार्य किया है और मेरी अभिलाषा है कि, क्षेत्र और समाज हित के कार्य प्रकार के विद्यालय के नेतृत्व में संपन्न होते रहे।

दीक्षांत उद्बोधन राज्यसभा सांसद और खेती लब्ध राष्ट्रवादी चिंतक डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने दीक्षा और शिक्षा और दीक्षा को रेखांकित करते हुए कहा कि, शिक्षा तो जीवन भर चलती है। शिक्षा से सीखी गई बातों को समाज और राष्ट्र हित में लगाने की पीड़ा देती है। अन्यथा तो जानकारी और ज्ञान विरोधी और आतंकवादी कारों में लिप्त व्यक्तियों में भी बहुत होता है। चित्रकूट की महिमा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, प्रभु श्रीराम ने इसेसाधारण मानव में साधारण मानव से महामानव की ओर यात्रा का शुभारंभ किया था। उन्होंने वैश्विक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया कि, आने वाली सदी भारत है दीक्षा ले रहे छात्रों के लिए अत्यंत गौरव की आजादी की इस काल में जैसा बन रहा उसका नेतृत्व के हाथों में उन्होंने विश्वास भी किया कि विश्वास व्यक्तियों के बीच शिक्षित होने वाले इस संकल्प व्यापक विस्तार देंगे।

## संपादकीय

# चीन पर बंटी संसद

अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में जो कुछ हुआ, उस पर हमारी संसद में जमकर हंगामा किया गया। विपक्ष ने दोनों सदनों से, अंततः वॉकआउट किया। विपक्षी सांसद न केवल लाल-पीले होते रहे, बल्कि अनर्गल आरोप चस्पां करते रहे कि भारतीय क्षेत्र के इतने गांवों पर चीन ने कब्जा कर लिया है। चीन हमारी सीमा के भीतर इतने किलोमीटर अंदर तक घुस आया है। विपक्ष संयुक्त संसदीय समिति गठित करने का आग्रह कर रहा है, जिसे तवांग क्षेत्र का दौरा करने की अनुमति दी जाए। ओवैसी ने भी तवांग जाने की इजाजत मांगी है, ताकि देखा जा सके कि उस सेक्टर का यथार्थ क्या है? संसद में किसी भी जन-प्रतिनिधि ने हमारे जांबाज सैनिकों के पराक्रम और चीनी सैनिकों को पीट-पीट कर खदेड़ देने के साहस पर तालियां नहीं बजाईं। सैनिकों का अभिनंदन नहीं किया। किसी ने संतोष जाहिर नहीं किया कि तवांग सेक्टर की स्थिति यथावत भारत के पक्ष में है और ऊंची-ऊंची पहाड़ियों पर हमारी सैन्य चौकियां सुरक्षित हैं और हमारा कोई भी सैनिक 'शहीद' नहीं हुआ है। विपक्षी सांसदों को हमारी अपनी सेना के पलटवारों पर कोई भरोसा नहीं है, क्योंकि वे प्रफुल्लित हैं कि तवांग के रूप में 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का एक उपजाऊ मुद्दा उनके हाथ लग गया है और वे प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा को धूल चटाने की सियासत कर सकेंगे। सांसदों को आभास तक नहीं है कि चीनी सेना के मंसूबे और आक्रमण कारगिल सरीखे थे और वे 17,000 फुट ऊंची हमारी चौकियों से सैनिकों को खदेड़ कर उन पर काबिज होना चाहते थे। चीनी सेना ने भोर में 3 बजे के करीब हमला किया। साफ है कि वह पूर्व नियोजित था। चीनी सेना की आक्रामकता कुछ दिन पहले से ही स्पष्ट होने लगी थी, जब उसने ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। बहरहाल चीन के तमाम मंसूबे नाकाम रहे, लेकिन हमारी संसद खुश नहीं है। सांसद यह भी नहीं जानते होंगे कि चीन यह विवाद जिंदा रखना चाहता है, क्योंकि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) परिभाषित नहीं है और चीन उसे नक्शे पर ह्यमार्कह्ण भी करने को तैयार नहीं है। चीन नक्शे के मुद्दे को अनिश्चित और अस्पष्ट रखना चाहता है। अब तो उसने इस सीमा-विवाद पर बात करना ही छोड़ दिया है। यह खुलासा भारत के पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीपी मलिक ने किया है। चीन निरंकुश और विस्तारवादी होता जा रहा है। चूंकि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे को मान्यता दी थी, लिहाजा चीन अरुणाचल को भी दक्षिण तिब्बत का एक भाग मानता है और अरुणाचल पर दावेदारी करता रहा है। क्या ऐसी ऐतिहासिक गलतियों को हम भूल जाएं, जिनके अंजाम हम आज भी झेल रहे हैं? आखिर नेहरू की चीन में इतनी दिलचस्पी क्या और क्यों थी? बेशक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता का मामला बहुत पुराना हो चुका है, लेकिन आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने चीन की सदस्यता की पैरोकारी, बल्कि जिद, की थी। नतीजतन भारत आज भी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने को, एक लंबे अंतराल से, हाथ-पांव मार रहा है।

# बिहार में शराबबंदी के पेंच

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी शराब के बहुत ज्यादा खिलाफ थे। बापू कहते थे कि अंग्रेजों का देश से जाना जितना जरूरी है उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण देश में पूर्ण शराबबंदी है। गांधी जी कहा करते थे यदि मुझे 48 घंटे की भी हुकूमत दे दी जाए तो मैं एक साथ बिना मुआवजा दिए शराब की सारी दुकाने बंद करा दूंगा। उनका कहना था कि शराब शरीर और आत्मा दोनों को मार देती है। देश की आजादी के पहले कांग्रेस पार्टी का जो सदस्यता फॉर्म भरा जाता था उसमें शराब का सेवन न करने का प्रण लेना पड़ता था।

-कुमार कृष्णन-



भारत ही नहीं समूचे विश्व में शराब और नशे की लत बढ़ती जा रही है। शराब और दूसरे नशा न सिर्फ स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है बल्कि देश और समाज के लिए भी हर तरीके से नुकसानदेह हैं। शराब और नशा का क्या दुष्परिणाम होता है यह हम पंजाब को देख कर समझ सकते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक 2000 के दशक में शराब की लत में काफी बढ़ोतरी हुई। आज हर आठ में से एक व्यक्ति में शराब की लत पाई जा रही है। शराब ने न सिर्फ भारत बल्कि वैश्विक स्तर पर अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। चिकित्सकों और समाजविज्ञानियों का दावा है कि दुनिया में 14 करोड़ लोग अवसाद से प्रभावित हैं और वे शराब की वजह से होने वाली बीमारियों से जूझ रहे हैं।

आज पूरी दुनिया में हेपेटाइटिस और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां बढ़ती जा रही है। भारत जैसे विकासशील देश ही नहीं विकसित अमेरिका और यूरोपीय देश भी इसकी चपेट में हैं। यह बात सही है कि किसी बीमारी का कोई एक कारण नहीं होता है कई चीजों के एक होने से कोई बीमारी होती है। लेकिन कुछ मूल कारण होते हैं जिससे ये रोग जन्मते हैं। कैंसर के मूल में जहां तंबाकू बीड़ी सिगरेट और गुटखा का सेवन है वहीं लीवर संबंधी बीमारियों का कारण मद्धपान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकड़ों के अनुसार अल्कोहल की बढ़ती खपत सिर्फ रोग ही नहीं बल्कि कई अन्य समस्याओं का भी कारण है। शराब की वजह से दो सौ प्रकार के रोग होते हैं तो शराब पीकर वाहन चलाने से वैश्विक स्तर पर दुर्घटनाओं में मौतों की बाढ़ आ गई है। शराब के नशे में धुत होकर हत्याबलात्कार और लूट की घटनाओं को हम दिन-प्रतिदन देख-सुन रहे हैं।

शराब पीने वालों में हम भारतीय भी पीछे नहीं हैं। एक आंकड़े के मुताबिक आज भारत के कुल वयस्क लोगों का तीस प्रतिशत शराब पी रहा है जो 2030 तक पचास फीसदी होने का अनुमान है। और एक दूसरे आंकड़े के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लीवर के 10 लाख नए मरीज आ रहे हैं। ऐसे में सिर्फ इलाज के दम पर लीवर को ठीक नहीं किया जा सकता है। नशा को भारतीय समाज में कभी भी अच्छा नहीं माना गया। हमारे देश के महापुरुषों ने समय-समय पर शराब और नशा के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया। महर्षि दयानंद से लेकर अधिकांश समाज सुधारकों ने शराब और नशा को धर्म जीवन औ? समाज के लिए अनुपयोगी बताया। यहां तक की आजादी की लड़ाई में शराबबंदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और कांग्रेस कार्यकताओं का एक महत्वपूर्ण काम था।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी शराब के बहुत ज्यादा खिलाफ थे। बापू कहते थे कि अंग्रेजों का देश से जाना जितना जरूरी है उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण देश में पूर्ण शराबबंदी है। गांधी जी कहा करते थे यदि मुझे 48 घंटे की भी हुकूमत दे दी जाए तो मैं एक साथ बिना मुआवजा दिए शराब की सारी दुकाने बंद करा दूंगा। उनका कहना था कि शराब शरीर और आत्मा दोनों को मार देती है। देश की आजादी के पहले कांग्रेस पार्टी का जो सदस्यता फॉर्म भरा जाता था उसमें शराब का सेवन न करने का प्रण लेना पड़ता था। उस दौरान व्यक्तिगत तौर पर कोई कांग्रेस नेता भले ही शराब का सेवन करता रहा होलेकिन वह शराब के पक्ष में नहीं था। 1956 में संसद के दोनों सदनों में पूर्ण शराबबंदी पर बहस हुई। देश में शराबबंदी की मांग को लेकर जस्टिस टेकचंद के नेतृत्व में एक कमेटी बनी। लेकिन आज तक शराबबंदी नहीं हो सकी।

शराबबंदी के पीछे सरकार का राजस्व कम होने का डर कम सरकार में बैठे आबकारी लॉबी और उसके समर्थक विधायक-सांसदों का निजी घाटा है। यह देश के राजनीति का नैतिक पतन नहीं तो औ? क्या है? हर दल के ढेर सारे सांसद-विधायक शराब व्यवसाय से जुड़े हैं और शराब माफियाओं से चंदा और मदद लेते हैं। राजनातिक पार्टियों को भी शराब माफियाओं से चंदा मिलता है।

अफसोस की बात यह है कि आज तक देश में कोई भी सरकार शराबबंदी पर गंभीर नहीं रही। सांसद-विधायक-मंत्री जिस संविधान की शपथ लेते हैं उसके धारा-47 में बहुत साफ लिखा है कि नशीले पदार्थों पर रोकथाम सरकार की जिम्मेदारी है। संविधान की धारा 51 (ए) में भी कहा गया है कि आजादी की लड़ाई के जो मूल्य हैं उसे हमें संरक्षित करना है। हमारी आजादी की लड़ाई गांधी जी के नेतृत्व में लड़ी गई। गांधी के आंदोलन का एक बहुत बड़ा हिस्सा शराबबंदी थी।

बिहार में पूर्ण शराबबंदी अप्रैल 2016 में लागू कर दी गई थी लेकिन इसके बावजूद जहरीली शराब से मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। सख्ती के बाद भी यह धंधा पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। शराबबंदी के बावजूद बिहार में शराब उपलब्ध है। यह बात दीगर है कि लोगों को दो या तीन गुनी कीमत चुकानी पड़ती है चाहे शराब देशी हो या विदेशी। बिहार में शराब के सेवन पर रोक हैइसके दुष्परिणाम को बताने में समाजसेवी और अन्य लोग विफल रहे हैं। समाजसेवियों की पकड समाज से कम होती जा रही है।

सरकार के लाख दावों के बाद भी समय-समय पर शराब की जब्ती व शराब के साथ गिरफ्तारियां इसके प्रमाण हैं। सरकारी तंत्र भी इस धंधे में अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है।

वैसे नीतीश कुमार के निर्णय के कारण ही राज्य में पंचायत स्तर तक शराब की दुकानें खुल गई थीं। यही वजह रही कि 2005 से 2015 के बीच बिहार में शराब दुकानों की संख्या दोगुनी हो गई थी।

शराबबंदी से पहले बिहार में शराब की करीब छह हजार दुकानें थीं और सरकार को इससे करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपये का राजस्वआता था। अप्रैल2016 को बिहार देश का ऐसा पांचवां राज्य बन गया जहां शराब के सेवन और जमा करने पर प्रतिबंध लग गया। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षणह्ल (एनएफएचएस) झ 2020 की रिपोर्ट के अनुसार ह्यड्राई स्टेटह्ल होने के बावजूद बिहार में महाराष्ट्र से ज्यादा लोग शराब पी रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि बिहार में 15.5 प्रतिशत पुरुष शराब का सेवन करते हैं। महाराष्ट्र में शराब प्रतिबंधित नहीं है लेकिन वहां शराब पीने वाले पुरुषों की तादाद 13.9 फीसदी ही है। अगर शहर और गांव के परिप्रेक्ष्य में देखें तो बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 15.8 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 14 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। बिहार में झारखंड पश्चिम बंगाल उत्तरप्रदेश एवं नेपाल से शराब की बड़ी खेप तस्करी कर लाई जाती है।

दरअसल शराब व्यापारियों के सिंडिकेट को सरकार तोड़ नहीं पा रही है। आज तक किसी बड़ी मछली को नहीं पकड़ा जा सका है। पकड़े गए अधिकतर लोग या तो शराब पीने वाले हैं या फिर इसे लाने के लिए ह्यकैरियरह्ल का काम करने वाले हैं।

# तानाशाही के सामने बहती आजाद हवाएं

-योगेंद्र योगी-

दार्शनिक और वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रवर्तक नोबेल पुरस्कार विजेता नील्स बोर के कथन के मुताबिक ह्यतानाशाही का सबसे जोरदार हथियार है गोपनीयता, लेकिन लोकतंत्र का सबसे असरदार हथियार है खुलापन।ह्ण ईरान, चीन, म्यांमार, थाइलैंड और सूडान में हुए विरोध प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि सूचनाओं के जरिए ई-विलेज बनती दुनिया में कठोर कानून या तानाशाही से आम अवाम की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। ये सभी देश नागरिक अधिकारों के उत्पीड? के लिए बदनाम हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक फांसी देने के मामले में चीन और ईरान दुनिया के शीर्ष देश हैं। चीन ने करीब एक हजार और ईरान ने करीब 314 लोगों को फांसी दी। इन देशों में लोगों के खिलाफ किए जा रहे उत्पीड? से यह भी साबित होता है कि बदले हुए हालात में बंदूकों की नोक पर लंबी अवधि तक मानवाधिकारों को राष्ट्रीय एकता-अखंडता, संस्कृति या धर्म के नाम पर दबाया नहीं जा सकता। यही वजह रही कि आखिरकार ईरान और चीन जैसे कट्टर देशों की सरकार ने भारी खून-खराबे के बाद आंदोलनकारियों के आक्रोश के सामने झुकते हुए उनकी मांगें मंजूर कर ली। इन देशों में सरकार के खिलाफ बोलने, संस्कृति और धर्म के नाम पर फांसी की सजा दिया जाना आम बात है। किंतु इस बार हुए अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले लोगों को जेल या फांसी का डर भी नहीं डरा सका। ईरान ने भारी दबाव में आकर मोरैलिटी पुलिस को भंग कर दिया। इसी तरह चीन भी 70 सालों में पहली बार आंदोलनकारियों के सामने झुकते हुए कोविड में प्रतिबंधों में छूट देने के लिए सहमत हो गया। गौरतलब है कि ईरान में इस्लाम से जुड़े नियमों जैसे कि हिजाब, बुर्का आदि का पालन कराने के लिए मोरैलिटी पुलिस बनाई गई। इसका गठन पूर्व मेहमूदक अहमदीनेजाद के समय में किया गया था जो ईरान के एक कट्टरपंथी नेता और राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाते हैं।

उस दौर में इसका काम हिजाब की संस्कृति को बढ़ाने का था। सफेद और हरे रंग की वैन से चलने वाली इस पुलिस के कर्मचारी कहीं पर भी महिलाओं को टोकते दिख जाते। कई बार इस रोक-टोक ने हिंसा का रूप ले लिया। ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब महिलाओं को उनके हिजाब को लेकर सरेआम बुरी तरह मारा-पीटा गया। जेलों में बंद करके लोगों को यंत्रणाएं दी गई। ऐसा ही मामला बुर्के से चेहरा नहीं ढकने वाली महसा अमीनी का था। अमीनी की मौत से भड़की आक्रोश की चिंगारी ने दावानल का रूप धारण कर लिया। विरोध का यह मुद्दा न सिर्फ ईरान में बल्कि पूरे विश्व में फैल गया। कई देशों की महिलाओं और हस्तियों ने सार्वजनिक तौर पर बाल कटवा कर ईरान का विरोध किया। ईरान ने इस आंदोलन को दबाने के लिए हर तरह के हथकंडों का इस्तेमाल किया। हजारों लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए। प्रदर्शनकारियों पर गोलियां बरसाई गई। ईरान में सुरक्षा बलों के हाथों करीब 380 प्रदर्शनकारी मारे गए। मृतकों में 47 बच्चे भी शामिल हैं। इन देशों के नागरिक अपनी तकलीफों और मानवाधिकारों को लेकर लंबे अर्से से कसमसा रहे हैं। कठोर कानून और निर्दयी शासन तंत्र के खौफ के बावजूद नागरिकों ने सडकों पर उतर कर प्रदर्शन करने का दुस्साहस दिखाया। हालांकि ईरान और चीन की कोशिश यही रही है कि अपने देश के नागरिकों पर चलाए गए दमन चक्र की सूचनाएं किसी भी तरह से देश से बाहर नहीं जाए, ताकि विश्वव्यापी बदनामी से बच सकें।

इन देशों से आ रही सूचनाओं से जाहिर है कि मौजूदा शासन तंत्र से आजिज आ चुके लोगों ने मौत और सजा के भय के बावजूद सडकों पर प्रदर्शन कर सरकारों का जम कर विरोध किया। ईरान की तरह चीन ने भी पहले कोविड प्रतिबंधों के खिलाफ सडकों पर उतरे चीनी नागरिकों पर कानून की आड़ में पुलिस और सैन्य बलों का इस्तेमाल किया, किंतु लंबे समय तक चीन भी अपने नागरिकों की आवाज को दबाने में सफल नहीं हो सका। चीन में कोरोना के मामले बीते दिनों तेजी से बढ़े और सरकार ने अपनी जीरो कोविड पॉलिसी को पूरे देश में सख्ती से लागू किया। सख्त प्रतिबंधों के कारण लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही थी और यही कारण है कि पूरे चीन में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए।

प्रदर्शन की यह आग शंघाई से लेकर बीजिंग और वुहान से शिनजियांग तक फैल गई। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भी विरोध किया। लोगों ने नारे लगाते हुए चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) से सत्ता छोड़ने की मांग की। इसी तरह सूडान की सेना ने प्रधानमंत्री अब्दुल्लाह हमदोक समेत कई नेताओं को गिरफ्तार कर इमरजेंसी घोषित कर दी। इसके बाद से सडकों पर लोग विरोध प्रदर्शन पर उतर आए। लोगों पर सैनिकों ने गोलियां भी दागीं जिसमें 10 लोगों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की सूचना है। म्यांमार की सेना ने अपने ही लोगों पर एयर स्ट्राइक कर आतंक फैला दिया। हवाई हमलों में 80 से ज्यादा लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर सैन्य विमान की ओर से 4 बम गिराए गए थे। म्यांमार की सेना पिछले साल आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट करने के बाद से हजारों लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसके अलावा उस पर 2300 से अधिक आम नागरिकों की हत्या का आरोप भी लगा है। थाइलैंड में भी हालात कुछ दूसरे देशों की तरह ही हैं।

धरना और विरोध पर यहां भी सख्त पाबंदी है। सेना द्वारा 2014 के तख्तापलट में चयनित सरकार को अपदस्थ किए जाने के बाद से थाइलैंड में पहली बार 2019 में चुनाव हुए, पर आम नागरिकों को अभी अपने अधिकारों की मांग करने की छूट नहीं है। बैंकाक में सरकार ने पांच से अधिक लोगों के एक साथ खड़े होने पर रोक लगाई हुई है। ऐसे प्रतिबंधों का असली मकसद अवाम की आवाज को दबाना ही रहा है। दलील यह दी गई कि प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरे की वजह से लगाए गए हैं। एक छात्रनेता के आह्वान पर बैंकॉक की जनता सडकों पर ही उतर आई। प्रदर्शनकारियों ने देश के राजा महा वजीरालोंगकोर्न के साथ ही प्रधानमंत्री प्रयुत चन ओचा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री से गद्दी छोड़ने की मांग की। ईरान और चीन की निरंकुश सरकारों का आंदोलनकारियों के सामने झुकना यह दशार्ता है कि वह दिन दूर नहीं है जब लोकतंत्र की बयार को रोकना इन देशों में नामुमकिन हो जाएगा।

# न्यायालयों में मुकदमों की बाढ़ क्यों

-सनत जैन-

जिला न्यायालय हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में पिछले कुछ वर्षों में मुकदमों की बाढ़ आ गई है। कानून मंत्री किरण रिजीजू ने राज्यसभा में जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 5 करोड़ मुकदमे न्यायालयों में लंबित है। रिजीजू ने न्यायालयों और विभिन्न न्यायिक प्राधिकरण के फैसले को बार-बार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपील कर मुकदमों की संख्या बढ़ने का सबसे बड़ा कारण बताते हुए सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को कुछ सलाह भी दे डाली। जमानत याचिकाओं और छोटे मामलों पर निचली अदालतों के फैसलों पर उच्च अदालतों को सुनवाई नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा अगर किसी प्रकरण में फैसला हो जाता है। तो उसका उच्च अदालत में ट्रायल करना गलत है।

सरकार की मुकदमों की बढ़ती संख्या की चिंता जायज है। लेकिन यह वास्तविक चिंता नहीं है। सरकार कॉलेजियम सिस्टम के स्थान पर अपनी मनमर्जी से जजों की नियुक्ति करना चाहती है। उसके लिए उन्होंने एक भावात्मक एवं जिम्मेदारी वाला पांसा राज्यसभा में फेंका है। निश्चित रूप से उन्होंने संसद के दोनों सदनों से पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को लागू नहीं करने की ओर इशारा किया। सुप्रीम कोर्ट की कालेजियम की अनुशंशा को एक तरह से चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सदन की भावनाओं का सम्मान नहीं किया है।

राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग और कॉलेजियम सिस्टम को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट आमने-सामने हैं। जिसके कारण पिछले कई वर्षों से जजों की नियुक्तियां बहुत विलंब से हो रही है। जिसके कारण हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के पद रिक्त पड़े हुए हैं। सरकार न्यायपालिका पर पूरी तरह से नियंत्रण करना चाहती हैं। यदि यह संभव हो गया तो फिर सरकारों की मनमानी बढ़ेगी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं खतरे में पड़ेंगी इतना तो तय माना जा सकता है। क्योंकि फिर सरकार के ऊपर कोई अंकुश नहीं होगा। मुकदमों की संख्या बढ़ रही है। सरकार को जजों की संख्या भी बढ़ानी होगी। सरकार जजों की संख्या नहीं बढ़ा रही है। मुकदमों की संख्या बढ़ने के क्या कराण हैं? इसको लेकर सरकार ने चुप्पी साध रखी है। शासन एवं प्रशासन के कानूनों एवं प्रशासकीय असंवेदनशीलता और गलत निर्णयों के कारण यदि मुकदमें बढ़ रहे हैं । इस स्थिति में सुधार करने की जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की है।

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से कानून बनाए जा रहे हैं। उनमें संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन करते हुए नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित करते हुए सरकार मनमानी कर रही है। राज्य की विधानसभाओं और केंद्र की लोकसभा और राज्यसभा में जिस तरीके से कानून पास हो रहे हैं। उनके बारे में कोई बहस ही नहीं हो रही है। बहुमत के बल पर भीड़ तंत्र के कानून लागू किए जा रहे हैं। कानूनों में लगातार संशोधन हो रहा है। नियमों को सरकार और उसके प्रशासनिक अधिकारी मनमानी से लागू कर रहे हैं। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में मुकदमों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ती ही चली जा रही है। 60 फीसदी से अधिक मामलों में सरकार ही मुकदमों में पार्टी होती है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरीके से नियम कायदे कानूनों का पालन मनमानी से किया जा रहा है। उसके कारण लोगों को जमानत और अन्य कारणों से बार-बार अदालतों की ओर रुख करना पड़ रहा है। वर्षों तक लोगों को जेलों में रखा जा रहा है। स्वतंत्रता नागरिकों का मौलिक अधिकार है। संविधान ने न्यायपालिका को सर्वोच्च अधिकार दे रखे हैं। न्यायपालिका की जिम्मेदारी है कि वह संविधान मै प्रदत नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करते हुए संविधान के अनुसार सरकार द्वारा बनाए गए नियम और कानूनों की समीक्षा करे। उनके बारे में निर्णय करें। न्यायालय के निर्णय सभी को मानना अनिवार्य किया गया है। संविधान निमार्ताओं ने कार्यपालिका - विधायिका और न्यायपालिका के अलग-अलग कर्तव्यों के साथ न्यायपालिका और सरकार के निर्णयों की क्रियान्वयन करने की जवाबदारी प्रशासन को दे रखी है। जिस तरह से सरकार न्यायालयों में जजों की नियुक्ति पर एकाधिकार करना चाहती हैं। उसके बाद न्यायालयों की स्थिति भी सरकार के किसी विभाग की तरह ही होकर रह जाएगी।

# महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी में बाधाएं

-प्रियंका सौरभ-

जबकि शिक्षा और पोषण में लैंगिक अंतर समय के साथ कम हो रहा है, श्रम बाजार में महिलाओं की वंचित स्थिति बहुत स्पष्ट है। भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी केवल 25 फीसदी है जबकि वैश्विक औसत 60 फीसदी है, विश्व शक्ति बनने के लिए, हम महिलाओं को सेवा से बाहर होने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। आर्थिक कारकों के ऊपर और ऊपर गैर-आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कारक हैं। जब पारिवारिक आय में वृद्धि होती है तो सांस्कृतिक कारकों के कारण महिलाएं परिवार की देखभाल के लिए काम छोड़ देती हैं। पितृसत्ता की गहरी जड़ें इस प्रकार जकड़े है कि घर के बाहर काम करने वाली महिलाओं के बारे में सांस्कृतिक बोझ इतना मजबूत है कि अधिकांश पारंपरिक भारतीय परिवारों में, शादी के लिए ही काम छोड़ना एक आवश्यक पूर्व शर्त है।

चाइल्डकैअर की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं प निर्भर है जिसका एक बड़ा कारक मातृत्व है। कार्यबल में शामिल होने वाली कई महिलाएं बच्चा होने के बाद फिर से शामिल नहीं हो पाती हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि चाइल्डकैअर को मुख्य रूप से महिलाओं की नौकरी के रूप में देखा जाता है। महिलाओं के खिलाफ कार्यस्थल पर पक्षपात आज भी होता है, ऐतिहासिक कानून, जो एक महिला को 26 सप्ताह के सवेतन मातृत्व अवकाश का अधिकार देता है, एक बड़ी बाधा बन रहा है। एक अध्ययन के अनुसार कंपनियों के लिए यह बढ़ी हुई लागत है और यह उन्हें महिलाओं को काम पर रखने से हतोत्साहित कर सकती है। माताओं को इसलिए भी तरजीह नहीं दी जाती क्योंकि परिवार के कारण वे कम आधिकारिक जिम्मेदारियां उठाती नजर आती हैं। मेट्रोपॉलिटन, टियर 1 और टियर 2 शहरों में सुरक्षा प्रमुख मुद्दा है। कार्य स्थल पर सुरक्षा और उत्पीड़न के बारे में स्पष्ट और निहित दोनों तरह की चिंताएँ है। महिलाओं के उच्च शिक्षा स्तर भी उन्हें अवकाश और अन्य गैर-कार्य गतिविधियों को करने की अनुमति देते हैं, जो सभी महिला श्रम बल की भागीदारी को कम करते हैं। जब आय बढ़ती है, तो पुरुष भारतीय महिलाओं को श्रम बल से हटने की अनुमति देते हैं, जिससे काम करने के कलंक (सांस्कृतिक कारक) से बचा जा सकता है।

ऐसी नौकरियों की अपर्याप्त उपलब्धता जो महिलाएं कहती हैं कि वे करना चाहेंगी, जैसे कि नियमित अंशकालिक नौकरियां जो स्थिर आय प्रदान करती हैं और महिलाओं को काम के साथ घरेलू कर्तव्यों को पूरा करने की अनुमति देती हैं। अवैतनिक कार्य/घरेलू कार्य के बारे में सामाजिक मानदंड महिलाओं की गतिशीलता और वैतनिक कार्यों में भागीदारी के खिलाफ हैं। प्रसव और बुजुर्ग माता-पिता या ससुराल वालों की देखभाल बाद के बिंदुओं के लिए होती है, जहां महिलाएं रोजगार पाइपलाइन से बाहर हो जाती हैं। महिलाओं के लिए शिक्षा महिलाओं को सशक्त बनाने और एलएफपीआर की बेहतरी में मदद करती है महिला शिक्षा लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। लंबे समय से महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है। नारी शिक्षा को गति देकर भारत सामाजिक विकास और आर्थिक प्रगति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। बालिकाओं के लिए अनिवार्य शिक्षा और उन्हें उच्च शिक्षा में बनाए रखना। अलग महिला शौचालय जैसे उचित बुनियादी ढांचा प्रदान करना। उन्हें नौकरी से संबंधित कौशल प्रदान करें जो नियोक्ता वास्तव में मांग करते हैं, या जिसका उपयोग वे अपना व्यवसाय शुरू करने में कर सकते हैं। कानूनों का मजबूत प्रवर्तन और बढ़ी हुई पुलिसिंग इस संबंध में मदद कर सकती है।

आंगनबाड़ी, बालवाड़ी का सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें प्रेरित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का बार-बार आना आवश्यक है। देश की महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला मंडलों की मदद ले सकती हैं। लड़कियों और उनके माता-पिता की आकांक्षाओं को बढ़ाये, हमें लड़कियों की छवि और रोल मॉडल देने की जरूरत है जो उनके सपनों का विस्तार करें महिला प्रतिनिधित्व जैसे स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय कानून में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं क्योंकि यह नीति निर्माण में उनकी बात को बढ़ा सकती है। अधिक महिलाओं को श्रम बल में लाने के लिए सुरक्षित कार्यस्थलों का निर्माण करना सबसे आगे होना चाहिए। शिक्षा का बेहतर लक्ष्यीकरण और महामारी के बाद की दुनिया में डिजिटल विभाजन को कम करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# विनिर्माण क्षेत्र को मजबूती देने वाला होगा आगामी बजट

## 25 सालों के लिए रोडमैप तैयार करने में महती भूमिका निभाएगा बजट : सीतारमण



नई दिल्ली। वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने उद्योग संगठन फिक्की की 95वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि अगला बजट भी पहले के बजट की तरह ही होगा जो वर्ष 2047 में भारत में रहने वाले बच्चों के लिए देश को तैयार करने का रोडमैप होगा क्योंकि उस समय बच्चे अधिक विकसित भारत में रहने वाले होंगे।

उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाये जाने के साथ ही सेवा क्षेत्र के नये क्षेत्रों में भी संभावनायें तलाशने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाने की आवश्यकता है और इसके लिए स्टार्टअप ने नवाचार लाने का मार्ग दिखाया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वित्त वर्षों के बजट की तरह ही अगले वित्त वर्ष का आम बजट भी देश के लिए अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार करने वाला होगा। उन्होंने उद्योग जगत से स्टार्टअप के नवाचार को देखने की अपील करते हुये कहा कि विनिर्माण क्षेत्र को सभी क्षेत्रों में काम कर रहे स्टार्टअप से लाभ हो सकता है। श्रीमती सीतारमण ने वैश्विक अनिश्चितता का उल्लेख करते हुये कहा कि इससे उत्पन्न हो रही संभावनाओं पर भारतीय उद्योग को ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संभावित मंदी से पश्चिमी देश प्रभावित हो सकते हैं जिससे न सिर्फ भारत का निर्यात प्रभावित बल्कि इससे निवेश के कई अवसर भी मिलेगा। वित्त मंत्री ने जी-20 का उल्लेख करते हुये कहा कि डिजिटल क्षमताओं में भारत की उपलब्धियां सराहनीय रही है। इसके बल वित्तीय क्षेत्र, भुगतान क्षेत्र, बैंकिंग, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बदलाव देखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार जी-20 के हर मौके पर देश को प्रदर्शित कर रही है।

### उद्योग से स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में गौर करने की अपील

उन्होंने भारतीय उद्योग से स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव में भी गौर करने की अपील की और कहा कि उद्योग यह भी बताये कि जलवायु परिवर्तन से वह किस तरह प्रभावित हो रहा है और इसके कारण बढ़ रही लागत को कम करने का भी सुझाव दे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के नाम पर कुछ देशों द्वारा लगाये जा रहे शुल्क के प्रति भी भारतीय उद्योग को स्वयं को तैयार करना होगा। उन्होंने घरेलू मांग की क्षमताओं का उल्लेख करते हुये कहा कि विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 करोड़ अतिरिक्त मध्यम परिवार और 1.4 करोड़ उच्च आय वाला परिवार शामिल होने वाला है। इससे घरेलू उद्योग के लिए अतिरिक्त मांग बढ़ने वाला है।

## हथकरघा बुनकरों, बुनकर परिवारों की मदद कर रही सरकार

नई दिल्ली। कपड़ा मंत्रालय बुनकरों को उनके उत्पाद की विशिष्ट भौगोलिक पहचान संबंधी जीआई टैग और उन्हें मुक्त व्यापार समझौते एफटीए शामिल करने की दिशा में काम कर रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि यह बात एक मजबूत संदेश देती है कि केंद्र सरकार हमारे बुनकरों और उनके परिवारों का समर्थन कर रही है। श्रीमती सीतारमण राजधानी में विशेष बुनाई-आधारित हथकरघा साड़ी महोत्सव माई साड़ी माई प्राइड का उद्घाटन कर रही थीं। यह आयोजन आजादी के अमृतमहोत्सव कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय ने देश के बुनकरों और भारत की परंपरा को प्रदर्शित करने वाले मध्य दिल्ली में इस तरह का आयोजन कर अनूठा कदम उठाया है। मंत्रालय ने हाथ से बुनी 75 साड़ियां मंगवाई हैं, जिन्हें यहां प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014-2015 में पांच एफ का विजन दिया, फार्म से फाइबर, फैब्रिक से फैशन और विदेश तक। यह विजन कपड़ा मंत्रालय का एक प्रमुख उद्देश्य बन गया है जिसके तहत इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है और बुनकरों को उनके काम को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। स्वतंत्रता के 75 वर्षों के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव में 16 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के 75 हथकरघा बुनकरों द्वारा हथकरघा साड़ियों की प्रदर्शनी-सह-बिक्री की जाएगी। कपड़ा मंत्रालय ने कहा है कि भारत का हथकरघा क्षेत्र 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। हथकरघा साड़ी बुनाई की कला में पारंपरिक मूल्य जुड़े हुए हैं और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट साड़ियों की बुनाई होती है। पैठणी, कोटपाड, कोटा डोरिया, तंगेल, पोचमपल्ली, कांचीपुरम, तिरुवुवनम, जामदानी, शांतिपुरी, चंदेरी, माहेश्वरी, पटोला, मोइरांगफी, बनारसी ब्रोकेड, तनचोई, भागलपुरी सिल्क, बावनबूटी और पश्मीना आदि साड़ियों की विशिष्टता विख्यात है।

### सीएनजी के दाम फिर बढ़े

नई दिल्ली। दिल्ली में सीएनजी की कीमतों में इजाफा हो गया है। दिल्ली में सीएनजी की कीमतें बढ़कर 79.56 रुपए प्रति किलो हो गई हैं। नई दरें 17 दिसंबर 2022 को सुबह 6 बजे से लागू हो जाएंगी। इस तरह सीएनजी की कीमत में 95 पैसे प्रति किलोग्राम का इजाफा हुआ है। दिल्ली एनसीआर में सीएनजी 78.61 रुपए प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। सीएनजी की कीमतों में पिछला बदलाव आठ अक्टूबर को हुआ था।

### चीनी निर्यात कोटा बढ़ाने पर विचार कर सकती है सरकार

नई दिल्ली। सरकार जनवरी में घरेलू उत्पादन का आकलन करने के बाद चालू विपणन वर्ष 2022-23 के लिए चीनी निर्यात कोटा बढ़ाने पर विचार कर सकती है। सरकार ने नवंबर में विपणन वर्ष 2022-23 अक्टूबर-सितंबर के लिए 60 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी। विपणन वर्ष 2021-22 में भारत ने रिकॉर्ड 111 लाख टन चीनी का निर्यात किया। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि मंत्रालय जनवरी में चीनी के घरेलू उत्पादन का आकलन करेगा और फिर तय करेगा कि कोटा बढ़ाया जाए या नहीं।

### पिछले साल भारतीय कंपनियों ने दीं एक करोड़ नौकरियां

नई दिल्ली। पिछले वित्त वर्ष यानी 2021-22 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों ने एक करोड़ लोगों को नौकरी दी है। इनका प्रति कर्मचारी सालाना औसत वेतन सात लाख रहा। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी सीएमआईई ने कहा कि यह सूचीबद्ध गैर सूचीबद्ध,बड़े और छोटे उद्यमों द्वारा दिए जाने वाले वेतन और भत्ते का आधा है। उपक्रमों द्वारा वेतनभोगी कर्मचारियों को दिए जाने वाले औसत वेतन लगभग 300000 रुपए से दोगुना ज्यादा है।

### उच्च कराधान उद्योग को संकट के कगार पर धकेल रहा

नई दिल्ली। प्रीमियम एल्कोबेव सेक्टर की शीर्ष संस्था इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया आईएसडब्ल्यूएआई ने एल्कोबेव इंडस्ट्री के उच्च कराधान पर अपनी चिंता जाहिर की है, जो कि भारतीय एल्कोहॉलिक बेवरेजेज मार्किट के भविष्य के लिए खतरा है। एल्कोबेव उत्पाद की कीमतों में कराधान का बड़ा हिस्सा 67 फीसदी से 80 फीसदी है, जिससे आपूर्तिकर्ताओं तथा ट्रेड के लिए अपने संचालन को बनाए रखना एवं प्रबंधित करने के लिए बेहद कम बचत होती है। उच्च कराधान को लेकर श्रीमती नीता कपूर, सीईओ, आईएसडब्ल्यूएआई ने कहा, भारतीय एल्कोबेव उद्योग एक और मुद्रास्फीति तथा दूसरी तरफ उच्च कराधान के कारण गहरे संकट की स्थिति में है। इसलिए अब तक करों को कम करके या फिर उत्पाद की कीमतों में वृद्धि करके स्थिति को उलटने के लिए त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक भारत एक ऐसी स्थिति का सामना कर सकता है जो कि सुनहरी मुर्गी को मारने वाली कहावत के समान होगी। भारतीय एल्कोबेव उद्योग 1.5 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

# राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर। शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान प्राप्त करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, कैरियर में सुधार करने, जीवन में सही निर्णय लेने, रोजगार कुशल बनाने, सांस्कृतिक मानदंडों और मूल्यों को सीखने और भविष्य बनाने में मदद करती है। यह बात राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने विवि परिसर में 2022-23 में नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, अभिभावकों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने पांच अर्थात मानव, ग्रह, समृद्धि, शांति और साझेदारी के महत्व पर जोर दिया और उल्लेख किया कि ये वे मूल्य हैं जिन्हें हम अपने विद्यार्थियों में विकसित करना चाहते हैं।

प्रो. भालेराव ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु चयन के लिए बधाई दी और आश्वासन दिया कि विश्व विद्यालय में आपके पास कैरियर के सबसे अच्छे अवसर मौजूद होंगे। इससे पहले विद्यार्थियों को विभिन्न स्कूलों के अधिष्ठाताओं तथा अधिकारियों से परिचय कराया गया, जिसके बाद राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम, दीक्षांत समारोह, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा परिसर की वनस्पतियों एवं पक्षियों पर वृत्त चित्र दिखाया गया। नव प्रवेशित छात्रों एवं अभिभावकों को विश्वविद्यालय प्रणाली से अवगत कराने के लिए पाठ्यक्रम परीक्षा, अनुसंधान, छात्र गतिविधियां, छात्रावास प्रशासन, नैक, एनआईआरएफ और एनईपी में विद्यार्थियों की भूमिका, प्लेसमेंट और कैरियर, पूर्व छात्र पोर्टल, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियां, एनएसएस, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियां, स्पर्श प्रकोष्ठ इत्यादि के संबंध में संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर ए3 लॉजिक्स आई प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अखिलेश शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्लेसमेंट और कैरियर के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी अनुराधा मित्तल ने किया।

# पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक द्वारा रतलाम मंडल का वार्षिक निरीक्षण



मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने रतलाम मंडल का वार्षिक निरीक्षण किया। बकानियां भौंरी-उज्जैन खंड के गहन निरीक्षण के दौरान श्री मिश्र ने सीहोर, मक्सी और उज्जैन स्टेशनों पर संरक्षा एवं सुरक्षा मानकों और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। महाप्रबंधक श्री मिश्र ने रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, दाहोद का निरीक्षण किया। उनके साथ प्रमुख विभागाध्यक्ष, रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, रोलिंग स्टॉक कारखाना-दाहोद के मुख्य कारखाना प्रबंधक, मंडल शाखा अधिकारी और रतलाम मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने श्री हिरदाराम नगर और नागदा स्टेशनों के बीच स्थापित छह क्वाड केबल का उद्घाटन किया।

रतलाम मंडल के नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा सीहोर में स्टेशन और रेलवे कॉलोनी का गहन निरीक्षण भी किया गया। श्री मिश्र ने पुलों, समपार फाटकों आदि पर संरक्षा पहलुओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मक्सी स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन के बाहर आरपीएफ बैरक और ओपन एयर जिम तथा एक पार्क का उद्घाटन किया। साथ ही मक्सी से उज्जैन केबिन तक 120 किमी प्रति घंटे की गति का परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। उज्जैन स्टेशन पर श्री मिश्र ने स्वास्थ्य इकाई का निरीक्षण किया एवं देवास में 20 टाइप-2 क्वार्टरों और अकोदिया, कालापीपल, शुजालपुर और कालीसिंध में टूल रूम सह रेस्ट रूम का ई-उद्घाटन किया। दूसरे दिन महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने 9000 एचपी के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग साइट का निरीक्षण किया और रेलवे द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने दाहोद में रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का गहन निरीक्षण किया और वर्कशॉप में एमटीआर इलेक्ट्रिक लोको और ओवरहेड इक्विपमेंट इंस्पेक्शन कार को समर्पित किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक श्री मिश्र ने कारखाना द्वारा किये जा रहे विभिन्न अच्छे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कारखाने की विभिन्न उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए मुख्य कारखाना प्रबंधक, दाहोद द्वारा एक प्रेजेंटेशन भी दिखाई गई। रेलवे अस्पताल, दाहोद के अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की और उनके लिए पुरस्कार घोषित किया।

### पुराने वाहनों का भी भारत श्रृंखला में कराया जा सकेगा पंजीकरण

नई दिल्ली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने नियमित वाहन पंजीकरणों को भारत श्रृंखला के नंबरों में बदलने की अनुमति दे दी है। अभी तक केवल नए वाहनों को ही बीएच श्रृंखला के निशान या चिह्न का विकल्प चुनने की इजाजत थी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि बीएच श्रृंखला पंजीकरण चिह्न नियमों के क्रियान्वयन के दौरान बीएच श्रृंखला पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रतिवेदन मिले हैं। यह कदम बीएच श्रृंखला के दायरे को व्यापक बनाने के उपायों के तहत उठाया गया है। जिन वाहनों पर अभी सामान्य पंजीकरण चिह्न मौजूद है, उनकी बीएच श्रृंखला पंजीकरण चिह्न में बदला जा सकता है। इसके लिए जरूरी कर का भुगतान करना होगा। नागरिकों की सुगमता के लिए नियम में संशोधन का प्रस्ताव किया है।

# स्वर्ण बॉन्ड का निर्गम मूल्य 5409 रुपए प्रति ग्राम तय

## सोमवार को खुलेगा निर्गम

मुंबई। सरकारी स्वर्ण बॉन्ड 2022-23 का अगला निर्गम सोमवार को खुलेगा। पांच दिन तक आवेदन के लिये खुले रहने वाले इस निर्गम का मूल्य 5409 रुपये प्रति ग्राम सोना तय किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बयान के मुताबिक सरकारी स्वर्ण बॉन्ड 2022-23 की श्रृंखला तीन अभिदान के लिये 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक खुलेगी। वहीं चौथी श्रृंखला छह से 10 मार्च तक खुलेगी। भारत सरकार की तरफ से रिजर्व बैंक ये बॉन्ड जारी करेगा। स्वर्ण बॉन्ड की बिक्री अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों लघु वित्त बैंक, भुगतान बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, क्लीयरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, मनोनीत डाकघरों और शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के जरिये की जाएगी। स्वर्ण बॉन्ड की मियाद आठ साल होगी। इसमें पांच साल बाद ब्याज भुगतान की तिथि को समय से पहले भुनाने की सुविधा होगी। बयान के अनुसार इसमें निवेशकों को अंकित मूल्य पर छमाही आधार पर 2.50 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। अभिदान की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए चार किलोग्राम, अविभाजित हिंदू परिवार के लिये चार किलोग्राम और न्यासों तथा समान संस्थाओं के लिये 20 किलोग्राम प्रति वित्त वर्ष है। मूल्यवान धातु की भौतिक मांग में कमी लाने और सोना खरीदने में उपयोग होने वाली घरेलू बचत के हिस्से को वित्तीय बचत के दायरे में लाने के इरादे से सबसे पहले गोल्ड बांड योजना नवंबर 2015 में लाई गई थी।

# होंडा के वाहन 30000 रुपए तक महंगे होंगे

नई दिल्ली। जापान की कार कंपनी होंडा जनवरी से अभी सभी मॉडलों की श्रृंखला के दाम 30000 रुपए तक बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उत्पादन की बढ़ती लागत और आगामी सख्त उत्सर्जन नियमों के अनुरूप अपने उत्पादों को ढालने के लिए उसे यह कदम उठाना पड़ रहा है। कंपनी भारत में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी के जरिये कारोबार करती है। इसके साथ ही होंडा पहले ही अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की घोषणा करने वाली कंपनियों मारुति सुजुकी, हुंडई, टाटा मोटर्स, मर्सिडीज बेंज, ऑडी, रेनो, किआ इंडिया और एमजी मोटर की सूची में शामिल हो गई है। होंडा कार्स इंडिया के उपाध्यक्ष कुणाल बहल ने कहा, कच्चे माल की कीमतों के उत्पादन लागत पर प्रभाव और आगामी नियामकीय जरूरतों का आकलन करने के बाद हमने 23 जनवरी से अपने वाहनों के दाम बढ़ाने का फैसला किया है। भारत चरण-छह उत्सर्जन नियमनों के अनुसार, वाहनों में ऐसा उपकरण लगाने की जरूरत होगी जो वाहन के चलते समय उत्सर्जन का स्तर बताएगा।

# जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक में शनिवार को कई मुद्दों पर होगा विचार

नई दिल्ली। लंबे समय के बाद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की शनिवार को होने वाली 48वीं बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीएसटी परिषद की इस बैठक में गुटखा-पान मसाला पर 38 फीसदी टैक्स लगाने के प्रस्ताव समेत ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और हॉर्स रेसिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जीएसटी परिषद की बैठक से पहले ऑनलाइन गेमिंग और कसीनो पर कराधान के बारे में विचार करने के लिए, गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्री को सौंप दी है। इस मंत्री समूह का गठन जीएसटी परिषद ने मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा के नेतृत्व में किया है।

# सरकार ने कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाया

## डीजल, विमान ईंधन के निर्यात शुल्क में भी कटौती



नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर के साथ-साथ डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगाए जाने वाले शुल्क में कटौती की है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच यह कदम उठाया गया है।

सरकार की ओर से 15 दिसंबर को जारी आदेश में कहा गया है कि ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों द्वारा उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 4,900 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,700 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। कच्चे तेल को परिष्कृत कर पेट्रोल, डीजल और एटीएफ जैसे ईंधन में बदला जाता है।

सरकार ने डीजल के निर्यात पर भी कर आठ रुपये से घटाकर पांच रुपये प्रति लीटर कर दिया है। इसी तरह एटीएफ के निर्यात पर इसे पांच रुपये से घटाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर किया गया है।

कर की नई दरें 16 दिसंबर से प्रभावी हैं। नवंबर से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 14 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसके बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

भारत ने पहली बार एक जुलाई को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। इसके साथ ही यह उन कुछ देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के अत्यधिक लाभ पर कर वसूलते हैं। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर (12 डॉलर प्रति बैरल) और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर (26 डॉलर प्रति बैरल) का निर्यात शुल्क लगाया गया था।

घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन पर 23,250 रुपये प्रति टन (40 डॉलर प्रति बैरल) का अप्रत्याशित लाभ कर लगाया गया था।

पेट्रोल पर निर्यात कर को समाप्त कर दिया गया है। कच्चे तेल की पिछले दो सप्ताह की औसत कीमत के आधार पर कर दरों की प्रत्येक पखवाड़े समीक्षा की जाती है। दिसंबर में भारत का कच्चे तेल के आयात का औसत मूल्य 77.79 डॉलर प्रति बैरल रहा है। यह नवंबर में 87.55 डॉलर प्रति बैरल और अक्टूबर में 91.70 डॉलर प्रति बैरल था।

मॉर्गन स्टेनली ने कहा कि भारत द्वारा अप्रत्याशित लाभ कर में संशोधन उम्मीदों के अनुरूप है।

घरेलू तेल उत्पादन पर अप्रत्याशित लाभ कर 8.3 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 2.8 डॉलर प्रति बैरल रह गया है।

डीजल के निर्यात पर यह 15.7 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 9.6 डॉलर रह गया है। विमान ईंधन पर यह 9.6 से घटकर 2.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और रोसनेफ्ट समर्थित नायरा एनर्जी देश से ईंधन की प्रमुख निर्यातक हैं। रिलायंस गुजरात के जामनगर में देश की सबसे बड़ी सिर्फ निर्यात वाली तेल रिफाइनरी का परिचालन करती है।

# ब्याज की ऊंची दरों से शेयर बाजार धड़ाम



मुंबई, एजेंसी। दुनिया भर में ब्याज की दरें ऊंची रहने से सहमे निवेशकों की बिकवाली से वैश्विक बाजार के एक माह के निचले स्तर तक गिरने के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 461.22 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत लुढ़ककर 61337.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 145.90 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर 18269 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.44 प्रतिशत टूटकर 25,739.21 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत उतरकर 29,516.75 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3662 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2120 में बिकवाली जबकि 1414 में लिवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियां लाल जबकि शेष पांच हरे निशान पर रही।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दरों में बढ़ोतरी के ठीक एक दिन बाद यूरो क्षेत्र, ब्रिटेन, स्विटजरलैंड, डेनमार्क, नॉर्वे, मैक्सिको और ताइवान के केंद्रीय बैंक ने भी महंगाई पर लगाम लगाने का हवाला देते हुए गुरुवार को ब्याज दरें बढ़ा दी। इससे दुनिया के शेयर बाजार आज एक महीने के निचले स्तर तक गिर गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.54, जर्मनी का डैक्स 0.70, जापान का निक्केई 1.87 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.02 प्रतिशत टूट गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.42 प्रतिशत की बढ़त रही।

# सोना 107 रुपये मजबूत, चांदी 120 रुपये टूटी

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 107 रुपये बढ़कर 54,222 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

इससे पिछले सत्र में सोने का भाव 54,115 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 120 रुपये के नुकसान के साथ 68,001 रुपये प्रति किलोग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक, दिलीप परमार ने कहा, घरेलू बाजार में सोने की कीमत को कमजोर रुपये से समर्थन मिला। एशियाई कारोबार में कॉमेक्स (जिंस बाजार) में सोने की कीमतों में तेजी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना लाभ के साथ 1,783.80 डॉलर प्रति औंस पर था।

जबकि चांदी गिरावट के साथ 23.07 डॉलर प्रति औंस पर रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी रिसर्च विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नवनीत दमानी ने कहा, गिरावट के बाद सोने की कीमत में स्थिरता है।

# मेटा ने चीन के 900 और 'साइबररूट' के 40 खातों को बंद किया

नई दिल्ली, एजेंसी। सोशल मीडिया क्षेत्र की कंपनी मेटा ने भारतीय कंपनी साइबररूट रिस्क एडवाइजरी के 40 से अधिक खातों को बंद कर दिया है। यह कंपनी कथित रूप से हाईकिंग-फॉर-हायरड सेवाओं में शामिल है। मेटा की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसके अलावा मेटा ने चीन की एक अज्ञात इकाई के इंस्टाग्राम और फेसबुक पर संचालित करीब 900 फर्जी खातों के नेटवर्क को भी हटा दिया है।

मेटा की त्रैमासिक उद्योग के लिए निगरानीह संबंधित जोखिम पर 15 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि इन खातों के जरिये म्यांमार, भारत, ताइवान, अमेरिका और चीन में सैन्यकर्मियों, लोकतंत्र समर्थकों, सरकारी कर्मचारियों, राजनीतिज्ञों और पत्रकारों सहित अन्य लोगों का ब्योरा (डेटा) जुटाया जा रहा था। मेटा ने कहा है- हमने अपने ऐप्स पर सीधे मालवेयर साझा करने के बजाय यह कदम उठाया है। 'साइबररूट' समूह की गतिविधियां मुख्य रूप से सोशल इंजीनियरिंग और फिशिंग पर केंद्रित थीं। इसके जरिये यह लोगों को बरगलाने का काम कर रहा था। इससे कई बार लोग इंटरनेट में विभिन्न ऑनलाइन खातों पर अपनी जानकारी साझा कर देते हैं।

मेटा के मुताबिक, 'साइबररूट' ने दुनियाभर में लक्षित लोगों का भरोसा जीतने के लिए इन फर्जी खातों का इस्तेमाल किया। इन खातों में पत्रकारों, कारोबार क्षेत्र के कार्यकारियों और मीडिया दिग्गजों के नाम का इस्तेमाल किया गया। साइबररूट ने ऐसे खाते भी सृजित किए जो उनके लक्ष्य में शामिल लोगों के दोस्तों और परिवार के सदस्यों से बहुत मिलते-जुलते थे और उसमें सिर्फ थोड़ा ही बदलाव था। साइबररूट ने दुनियाभर में विभिन्न उद्योगों को लक्ष्य बनाया। इनमें ऑस्ट्रेलिया में कॉस्मेटिक सर्जरी और विधि फर्म, रूस की रियल एस्टेट और निवेश कंपनियां, अमेरिका की निजी इक्विटी और दवा कंपनियां, अंगोला में पर्यावरण और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यकर्ता, ब्रिटेन की जुए से जुड़ी इकाइयां तथा न्यूजीलैंड की खनन कंपनियां शामिल हैं।

## एक नजर

### भाजपा की एक दिवसीय विस्तारित पदाधिकारी बैठक कल कटनी में

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय विस्तारित पदाधिकारी बैठक कल कटनी में आयोजित होगी। पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि बैठक में पार्टी के संपन्न हुए कार्यक्रमों और अभियानों की समीक्षा होगी। वहीं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से पार्टी पदाधिकारी चर्चा करेंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा करेंगे। सबनानी ने बताया कि हाल ही में दिल्ली में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई है, जिसके अनुवर्तन में प्रदेश में एक दिवसीय विस्तारित पदाधिकारियों की बैठक कल कटनी में आयोजित होगी। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा उपस्थित रहेंगे। सबनानी ने बताया कि प्रदेश में संपन्न हुए पार्टी के कार्यक्रमों, सभी मोर्चों के प्रशिक्षण वर्ग और बिरसा मुंडा जयंती से टंट्या मामा बलिदान दिवस तक हुए कार्यक्रम व गौरव यात्रा की समीक्षा होगी। साथ ही आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर संपन्न हो चुके ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण वर्ग की समीक्षा होगी। साथ ही 18 दिसम्बर से प्रारंभ होने वाले नगरीय निकाय जनप्रतिनिधियों के प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा पर चर्चा होगी।

### दीनदयाल मंच के प्रशिक्षण शिविर में आएंगे भाजपा के नेता-चित्तौड़गढ़

**चित्तौड़गढ़, एजेंसी।** राजस्थान में सक्रिय पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच का यहां दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार से होगा जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई नेता यहां उपस्थित रहने के साथ वर्चुअल प्रशिक्षण भी देंगे। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विनोद शुक्ला एवं प्रदेशाध्यक्ष सुरेश झंवर ने आज उक्त जानकारी देते हुए बताया कि यहां स्थित एक रिसोर्ट में प्रदेश की सभी दो सौ विधानसभा सीटों से दो दो कार्यकर्ताओं को इस शिविर में आने के लिए आमन्त्रित किया गया है जो कार्यकर्ता से कैसे राजनेता बने और राजनेता से कैसे जन नेता बने इसके गुर के नेताओं से सीखेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल दस सत्र होंगे जिन्हें पूर्व मंत्री श्रीचंद्र कृपलानी, युनुस खान, दिल्ली के भाजपा नेता अविनाशराय खन्ना एवं स्थानीय सांसद चंद्रप्रकाश जोशी उपस्थित रहकर सम्बोधित करेंगे जबकि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तथा फिल्म अभिनेता कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद करेंगे। उल्लेखनीय है कि मंच में वर्तमान में सभी प्रदेश पदाधिकारियों को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा समर्थक माना जाता है वहीं जितने भी वक्ता आ रहे हैं वे भी वसुंधरा राजे के कट्टर समर्थक माने जाते है।

### तमिलनाडु से मलेशिया को पहली बार 90 हजार अंडे किए गए निर्यात

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के नामक्कल जिले से पहली बार मलेशिया को करीब 90 हजार अंडों का निर्यात किया गया है। मलेशिया पिछले कुछ महीनों से अंडों की कमी का सामना कर रहा था और वहां के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री ने कुआलालंपुर में भारतीय दूतावास से संपर्क भारत से अंडे निर्यात करने की मांग की थी। मलेशिया में चिकन और अंडे मुख्य भोजन का हिस्सा हैं। इसलिए मलेशियाई सरकार द्वारा इसे एक गंभीर खाद्य सुरक्षा मुद्दा माना गया। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) की क्षेत्रीय प्रमुख शोभना कुमार ने बताया कि मलेशियाई मंत्री के अनुरोध के आधार पर, कुआलालंपुर में भारत के उच्चायुक्त ने 12 दिसंबर को केंद्र सरकार को एक पत्र भेजा जिसमें मलेशिया में अंडों की कमी और भारत से अंडे के आयात में उनकी रुचि के बारे में बताया गया। एपीईडीए और एनिमल क्वारंटाइन एंड सर्टिफिकेशन सर्विसेज (एक्यूसीएस) ने प्रमाणन प्रक्रिया में तेजी लाते हुए तमिलनाडु के नामक्कल से मलेशिया को परीक्षण के तौर पर अंडों की पहली खेप भेजी। तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे से 14 दिसंबर करीब 90 हजार अंडे विमान द्वारा भेजे गए थे और विमान कल सुबह मलेशिया पहुंच गया। मलेशियाई लोगों की स्वीकृति के बाद इसके निर्यात जारी रहने के आसार है।

### अमेरिका ने विरोध प्रदर्शनों को दबाने सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया : कैस्टिलो

**लीमा, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो ने कहा है कि अधिकारियों ने गवर्नमेंट पैलेस में अमेरिकी राजदूत की यात्रा के बाद विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सड़कों पर सैनिकों को तैनात किया है क्योंकि वाशिंगटन देश की खनन परियोजनाओं में मुनाफा कमा रहा है। गत सात दिसंबर को महाभियोग के जरिये राष्ट्रपति पद से हटाये गये श्री कैस्टिलो ने कहा, हमवतन, ध्यान दें! गवर्नमेंट पैलेस में अमेरिकी राजदूत की यात्रा न तो मुफ्त में थी और न ही देश के पक्ष में। बैठक में, सैनिकों को सड़कों पर ले जाने और मेरे रक्षाहीन लोगों का नरसंहार करने का आदेश दिया गया था। बीच में अन्य चीजें, मसलन कोंगा, ताई मारिया और अन्य खानों से खनिजों के निष्कर्षण का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा था। श्री कैस्टिलो ने अपने ट्विटर पर प्रकाशित एक हाथ से लिखे नोट में कहा, पेरू का मीडिया न केवल इस बारे में चुप रहेगा बल्कि आसानी से इसका खंडन भी करेगा। गौरतलब है कि सात दिसंबर को पेरू की संसद ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया। प्रधान मंत्री दीना बोलुआर्टे ने महाभियोग मतदान के दो घंटे के भीतर देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। साथ ही जुलाई 2026 तक श्री कैस्टिलो के बाकी कार्यकाल की सेवा करने की कसम खाई। श्री कैस्टिलो ने मतदान से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी।

# तरनतारन ग्रेनेड हमले के छह आरोपित गिरफ्तार

## हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल व मोटरसाइकिल बरामद




**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने विदेश से चलाए जा रहे आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तरनतारन रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमला मामले को एक सप्ताह से भी कम समय में सुलझा लिया है। इस मामले में दो नाबालिगों, जिन्होंने तरनतारन के पुलिस स्टेशन सरहाली की इमारत पर 9 दिसंबर को आतंकवादी हमला किया था, समेत छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को पंजाब पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस आतंकी हमले की साजिश विदेश में रहने वाले वांछित आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लंडा हरीके, सतबीर सिंह उर्फ सत्ता और गुरदेव उर्फ जैसल द्वारा गोइन्दवाल साहिब जेल में बंद अजमीत सिंह की मदद से रची गई थी।

दो नाबालिगों की गिरफ्तारी के अलावा गिरफ्तार किए गए मॉड्यूल के बाकी चार सदस्यों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नंबरदार निवासी नौशहरा पन्नुआ, गुरलाल सिंह उर्फ गहला निवासी चोहला साहिब, सुरलालपाल सिंह उर्फ गुरलाल उर्फ लाली निवासी गांव ठठिया महंत और जोबनप्रीत सिंह उर्फ जोबन निवासी नौशहरा पन्नुआ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गोपी नंबरदार, जो किसी अन्य केस में गिरफ्तार था, उसे नाबालिग होने के कारण जमानत दे दी गई थी। 22 नवंबर को अपनी रिहाई से एक दिन बाद वह 18 साल का हो गया और फिर विदेश-आधारित हैंडलरों के संपर्क में आ गया।

विदेश-आधारित हैंडलरों ने खेप की प्राप्ति और संपर्क स्थापित करने के लिए कटआउट और डैड पत्र बॉक्स (डी.एल.बी.) तकनीकों का प्रयोग किया, जिससे मॉड्यूल के सदस्यों को हैंडलरों द्वारा सीधे तौर पर काम सौंपे जा सकें। यहां तक कि सब-मॉड्यूलों की पहचान भी अन्य सब-मॉड्यूलों से छिपी रही।

पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किए गए आरोपितों से गोली-बारूद समेत दो .32 बोर और एक .30 बोर पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड पी-86 और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है।

गौरतलब है कि हमले को अंजाम देने के लिए सोवियत युग के 70 एमएम बोर के आर.पी.जी.-26 हथियार का प्रयोग किया गया, जिसको 10 दिसंबर को पहले ही बरामद कर लिया गया था। यह आरपीजी-26 हथियार, जिसका प्रयोग अफगानिस्तान में मुजाहिदीन द्वारा किया जाता था, उसे सरहद पार से मंगवाया गया था।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गोपी नंबरदार और गुरलाल गहला दोनों को गुरुवार को पट्टी मोड़ सरहाली से गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से एक .32 बोर पिस्तौल समेत 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने गोपी नंबरदार के खुलासे पर एक हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया है।

डीजीपी ने बताया कि जांच के मुताबिक गोपी को शुरू में लंडा और सत्ता से 8.5 लाख रुपए की फंडिंग और 200 जिंदा कारतूस समेत .30 बोर का पिस्तौल मिला था। 1 दिसंबर, 2022 को गोपी ने गुरलाल गहला और जोबनप्रीत जोबन के साथ तरनतारन के गांव झंडेर से आरपीजी वाली एक अन्य खेप प्राप्त की और इसको तरनतारन के गाँव मरहाना के नजदीक एक जगह पर छिपा दिया।

डीजीपी यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान गोपी नंबरदार और गुरलाल गहला ने खुलासा किया कि लंडा और सत्ता ने दो नाबालिग सदस्यों को पुलिस थाना सरहाली पर हमले को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा था, जिसका उद्देश्य सरहदी राज्य में दहशत पैदा करना था। दोनों ने खुलासा किया कि एक अन्य आरोपित गुरलाल लाली ने पुलिस स्टेशन की इमारत पर हमले से कुछ घंटे पहले गाँव मरहाना में रुके हुए दोनों नाबालिग सदस्यों को लॉजिस्टिक सहायता और एक लाख रुपए मुहैया करवाए।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपित जोबन ने आरपीजी हासिल करने सम्बन्धी गोपी के खुलासे की पुष्टि की और यह भी खुलासा किया कि लंडा और सत्ता के निर्देशों पर उसने गाँव शाहबाजपुर से एक नाबालिग को साथ लेकर गुरदेव उर्फ जैसल के कहने के अनुसार गाँव मरहाना में छोड़ दिया था। डीजीपी के अनुसार पुलिस कई पहलुओं के आधार पर जांच कर रही है।

## चीन ने जापान के सुरक्षा कदमों के बीच अपने पोत प्रशांत क्षेत्र में भेजे

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की नौसैनिक पोतों का एक बेड़ा इस सप्ताह जापान के पास जलडमरूमध्य के रास्ते पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में गया। वहीं बीजिंग ने शुक्रवार को टोक्यो के एक नयी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अपनाने को लेकर आलोचना की। जापान ने चीन से कथित खतरे को देखते हुए यह नयी सुरक्षा रणनीति अपनायी है जिसके तहत उसने अधिक आक्रामक रुख अपनाया है। विध्वंसक पोत ल्हासा और कैफेंग तथा एक टैंकर जहाज दक्षिणी जापान में ओसुमी जलडमरूमध्य से गुजरा, जबकि एक डोंगडियाओ-श्रेणी का निगरानी जहाज ओकिनावा के दक्षिण में मियाको जलडमरूमध्य से गुजरा। सभी जहाज बृहस्पतिवार तक पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में पहुंचे। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जहाजों पर पूरे रास्ते जापानी जहाजों और विमानों द्वारा निगरानी की गई। कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' ने शुक्रवार को अज्ञात विशेषज्ञों का हवाला देते हुए कहा कि इस अभियान ने जापान के हालिया सैन्य कदमों के बीच एक संकेत दिया जो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की इचीन की राष्ट्रीय संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विकास हितों की रक्षा करने की क्षमताओं को प्रदर्शित करेगा। चीन नियमित रूप से जापानी द्वीपों के बीच जलडमरूमध्य के रास्ते युद्धपोत भेजता है, जबकि वह ताइवान जलडमरूमध्य में विदेशी नौसेना के जहाजों की मौजूदगी का विरोध करता है। इन सभी को अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

## पेरू के पूर्व राष्ट्रपति भेजे गए जेल, हिंसा में आठ की मौत



**लीमा, एजेंसी।** पेरू में चल रहा राजनीतिक संकट अब हिंसक हो उठा है। देश में आपातकाल लगाए जाने की घोषणा के बाद अब पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जेल भेज दिया गया है। इस बीच देश में जारी हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

राजनीतिक संकट के बीच सात दिसंबर को तत्कालीन राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को हटा दिया गया था। उनके हटाए जाने के बाद देश में हिंसक घटनाएं बढ़ गई हैं। सड़क पर उतरे कैस्टिलो समर्थक लगातार पुलिस से भिड़ रहे हैं। पुलिस व कैस्टिलो समर्थकों के बीच हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने हिंसा भड़काने के लिए पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जिम्मेदार मानकर गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पेरू के सर्वोच्च न्यायालय ने कैस्टिलो को 18 माह के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। उन पर देश में उन पर देश में विद्रोह भड़काने व साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा।

पेरू के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश कार्लोस चेकले ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जेल भेजने का आदेश जारी किया। उन्हें 18 माह तक न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले पेरू की राजधानी लीमा स्थित अभियोजन कार्यालय ने कोर्ट से मुकदमे के दौरान पेड्रो कैस्टिलो को 18 महीने तक हिरासत में रखने का अनुरोध किया था। कैस्टिलो की गिरफ्तारी के बाद पेरू में अशांति फैल गई थी। उनके समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

इसे देखते हुए कैस्टिलो के स्थान पर राष्ट्रपति बनीं डिना बोलुआर्ते ने देश में 30 दिन के लिए आपातकाल लगा दिया। हड़ताल व आंदोलन के कारण पेरू को रोजाना 2.60 करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पेरू की नई राष्ट्रपति ने आंदोलनकारियों से बातचीत की अपील की है। उन्होंने कहा है कि देश की नई सरकार शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहते हुए देश की जरूरतों और लक्ष्यों का पाना चाहती है।

## चीन से निपटने में भारत की मदद करेगा अमेरिका

### सीनेट से मिली रक्षा विधेयक को मंजूरी



**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत-चीन सीमा विवाद के बीच अमेरिका खुलकर भारत के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी सीनेट ने वर्ष 2023 के लिए 850 अरब डॉलर खर्च वाले रक्षा विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में चीन से निपटने में भारत की मदद करने की बात भी कही गयी है।

अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम भारी बहुमत से पारित किया। विधेयक के पक्ष में 84 वोट पड़े और विरोध में सिर्फ दस सीनेटर रहे। इस विधेयक के साथ ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट को भी पारित किया गया है। इसमें ताइवान की सुरक्षा क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए 10 अरब डॉलर की सुरक्षा सहायता की व्यवस्था की गई है। ताइवान की तरह यूक्रेन की सुरक्षा के लिए भी 80 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया गया है। बाइडन ने यूक्रेन के लिए 50 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया था, जबकि स्वीकृत राशि उससे ज्यादा है।

अमेरिकी सीनेट की सशस्त्र सेना सेवा समिति के अध्यक्ष जैक रीड ने कहा कि दुनिया जितनी खतरनाक आज है, उतनी खतरनाक कभी नहीं दिखी। अमेरिकी रक्षा विधेयक में भारत के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया है, ताकि रूस निर्मित सैन्य उपकरणों पर भारत की निर्भरता को कम किया जा सके। इस विधेयक को आठ दिसंबर को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 350-80 मतों से पारित किया था। सीनेट से मंजूरी के साथ ही अब इसके कानूनी रूप लेने का रास्ता साफ हो गया है। सीनेट से पारित अधिनियम के अनुसार भारत के साथ विस्तारित रक्षा सहयोग के तहत खुफिया सूचनाओं के संग्रहण, ड्रोन आपूर्ति, चौथी और पांचवीं पीढ़ी के विमान, पांचवीं पीढ़ी के वायरलेस संचार सुविधाएं, ठंड के दिनों में कारगर रक्षा उपकरणों की आपूर्ति शामिल हैं। विधेयक में चीन से मिल रही चुनौतियों से निपटने के लिए अरबों डॉलर का प्रावधान किया गया है।

## भारत और नेपाल की सेनाओं ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया

**काठमांडू, एजेंसी।** भारत और नेपाल ने शुक्रवार को 16वां संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास शुरू किया, जिसमें आतंकवाद रोधी सैन्य कौशल के साथ-साथ आपदा प्रबंधन से संबंधित जंगल युद्ध में सैद्धांतिक और व्यावहारिक अनुभव साझा किए जाएंगे। नेपाल-भारत सीमा के पास लुंबिनी जोन के रूपनदेही जिले के सालझंडी में हो रहे सूर्य किरण सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय सेना का एक दल बुधवार को नेपाल पहुंचा था। नेपाल सेना द्वारा जारी एक प्रेस बयान में कहा गया है कि संयुक्त सैन्य अभ्यास में आपदा प्रबंधन और आतंकवाद रोधी प्रथाओं के तहत राहत कार्य एवं चिकित्सा उपचार शामिल है। नेपाल की सेना के अधिकारी बिमा कुमार वागले संयुक्त सैन्य अभ्यास में नेपाल के 334 सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना के कर्नल हिमांशु बहुगुणा 334 सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह सैन्य अभ्यास 29 दिसंबर तक चलेगा। 'सूर्य किरण' अभ्यास प्रतिवर्ष नेपाल और भारत में आयोजित किया जाता है। संयुक्त अभ्यास का 15वां संस्करण भारत के पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया था। नेपाल के सैन्य मुख्यालय के अनुसार, संयुक्त अभ्यास के दौरान सैनिक विद्रोह और आतंकवाद-रोधी सैन्य कौशल और आपदा प्रबंधन से संबंधित जंगल युद्ध के सैद्धांतिक ज्ञान का अभ्यास करेंगे। दोनों देशों के सैन्यकर्मी एक-दूसरे के सैद्धांतिक, व्यावहारिक और विशेष अनुभवों को भी साझा करेंगे। भारत के लिए नेपाल इस क्षेत्र में समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेता अक्सर सदियों पुराने रोटी-बेटी संबंध का उल्लेख करते हैं। भारत और नेपाल 1,850 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं और यह सीमा भारत के पांच राज्यों - सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ लगती है।

# निजी शिक्षण संस्थानों की लगाम कसने के लिए विधेयक ला सकती है राजस्थान सरकार

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार द्वारा बहुप्रतीक्षित 'राजस्थान निजी शैक्षिक नियामक प्राधिकरण विधेयक-2022' विधानसभा के आगामी बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक के तहत राज्य सरकार एक नियामक प्राधिकरण के माध्यम से छात्रों में तनाव सहित विभिन्न मुद्दों को हल करने का प्रयास करेगी।

इस विधेयक के लिए कवायद 2020 में शुरू की गई थी और इसका मसौदा पहले से ही तैयार है। इस विधेयक को कोटा में अत्यधिक तनाव के कारण कोचिंग छात्रों की आत्महत्या के हालिया के मामलों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जाता रहा है।

प्राप्त सूचना के अनुसार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान निजी शिक्षा विनियामक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान करने वाला यह विधेयक निजी शिक्षा संस्थानों और कोचिंग/ट्यूशन केंद्रों द्वारा लगाए गए शिक्षण शुल्क, वार्षिक शुल्क वृद्धि, आवश्यक अध्ययन सामग्री की लागत और अन्य शुल्कों की संरचना को भी विनियमित करेगा। प्रस्तावित प्राधिकरण की अध्यक्षता जाने माने शिक्षाविद करेंगे क्योंकि इसके अध्यक्ष अध्ययन के घंटे तय करने के लिए अलग-अलग प्रावधान करेंगे, नियमित विषय परीक्षाओं के बीच अंतर को ठीक करने के लिए सप्ताह में एक दिन का समय तय करेंगे ताकि छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को किसी अनुचित दबाव से बचा जा सके। मसौदा विधेयक के अनुसार, 'एक 'कैरियर परामर्श सेल' भी बनेगा जो छात्रों को उन विभिन्न संभावित क्षेत्रों के बारे में सूचित करेगा जो वे भविष्य में अपनाए जा सकते हैं ताकि उन्हें अपने भविष्य को लेकर किसी तरह के मानसिक दबाव का सामना न करना पड़े। प्रस्तावित प्राधिकरण कोचिंग/ट्यूशन केंद्रों के फर्जी विज्ञापन, झूठे दावों (किसी परीक्षा विशेष मंम चयनित छात्रों की संख्या, फैकल्टी का नाम और अन्य) के कदाचार पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाएगा। यह फर्जी विज्ञापनबाजी और टॉपर्स के महिमामंडन को हतोत्साहित करने के उपाय भी करेगा ताकि दूसरे बच्चे हतोत्साहित न हों।

मसौदा विधेयक के अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों की मानसिक और शारीरिक भलाई सुनिश्चित करने के लिए यह प्राधिकरण छात्रों के नियमित परामर्श, मनोरंजन और सुरक्षा के लिए नियम बनाएगा। यह हर संस्थान में एक परामर्श और सलाह प्रकोष्ठ की स्थापना को अनिवार्य करेगा।

इसके अनुसार, 'साथ ही छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश जारी किए जाएंगे। निजी शिक्षण संस्थानों के सभी स्तरों पर ह्यअलग-अलग सक्षम' छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए भी विशेष प्रावधान किए जाएंगे।

प्राधिकरण कोचिंग केंद्रों में नामांकित छात्रों और उनके माता-पिता के बीच उच्च स्तर के तनाव के गंभीर मुद्दे का समाधान करना चाहता है। प्राधिकरण छात्रों और अभिभावकों के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन की स्थापना को अनिवार्य करेगा और कोचिंग केंद्रों के लिए एक तर्कसंगत शुल्क संरचना विकसित करने का प्रावधान भी करेगा। विधेयक के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन पर एक करोड़ रुपये से अधिक के जुर्माने का प्रावधान नहीं है, बशर्ते कि दूसरे या बाद के उल्लंघन के लिए अधिकतम जुर्माना 5 करोड़ रुपये हो। विधेयक के अन्य प्रावधानों में सरकार के साथ सभी कोचिंग संस्थानों का अनिवार्य पंजीकरण और उनके खातों की वार्षिक ऑडिटिंग शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विधेयक को विधानसभा के अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। राज्य सरकार ने पिछले माह प्रदेश में संचालित कोचिंग संस्थानों में पढ़ने/रहने वाले विद्यार्थियों को मानसिक सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश जारी किये थे।

## सीसीटीएनएस के जरिए अपराधों की रोकथाम में मध्य प्रदेश को मिला दूसरा स्थान

**भोपाल, एजेंसी।** अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क (सीसीटीएनएस) गृह मंत्रालय व राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) भारत सरकार की जारी सूची में मध्य प्रदेश को अंतर-प्रचलित आपराधिक न्याय प्रणाली (आईसीजेएस) के जरिए मामलों के समाधान में मिली सफलता के लिए दूसरा स्थान मिला है। नई दिल्ली में गुरुवार को नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स एनसीआरबी के कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) पुलिस को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

एडीजी चंचल शेखर ने शुक्रवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सीसीटीएनएस जांच, अपराध की रोकथाम, कानून और व्यवस्था के रखरखाव और अन्य कार्यों जैसे आपातकालीन प्रतिक्रिया, संचार में सुधार और पुलिस कर्मचारियों को मुख्य पुलिस कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में मदद करने के लिए उन्नत उपकरण प्रदान करता है।

इसने अपराध और आपराधिक सूचना डेटाबेस को साझा करने, बेहतर और त्वरित जांच, अपराध की रोकथाम और अपराधियों, संदिग्धों, अभियुक्तों और बार-बार अपराधियों पर नजर रखने के अलावा राज्य, देश और अन्य एजेंसियों में खुफिया जानकारी साझा करने के लिए एक मंच बनाने में भी मदद की है। उन्होंने बताया कि सीसीटीएनएस गृह मंत्रालय, एनसीआरबी, भारत सरकार के तहत ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रभावी पुलिसिंग के लिए एक व्यापक और एकीकृत प्रणाली बनाने की एक परियोजना है।

### पुलिसकर्मियों को मिला सम्मान

मध्य प्रदेश के पुलिस विभाग के इंटरोप्रेबल क्रिमनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) में कार्यरत छतरपुर से उप निरीक्षक ओमशंकर सिंह और पुलिस मुख्यालय में आईसीजेएस टीम के प्रधान आरक्षक दीपेश यादव को सम्मानित किया गया। यह सम्मान विभाग के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला है। एडीजी चंचल शेखर ने बताया कि नेशनल ऑटोमेटेड फिंगर प्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम (नेफिस) के माध्यम से प्रदेश में 87 मामलों को सुलझाया गया है, जिनमें 59 मामले दूसरे राज्यों से जुड़े अपराधियों से संबंधित हैं।

## एक नजर

### एडिलेड इंटरनेशनल 2 में उतरेंगी स्वीयातेक और जाबौर

**एडिलेड, एजेंसी।** एडिलेड इंटरनेशनल 2 में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयातेक और नंबर दो ओंस जाबौर सहित डब्लूटीए टूर की शीर्ष खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। विश्व की नंबर तीन जेसिका पेगुला और डब्लूटीए फाइनल्स चैंपियन केरोलिन गार्सिया भी इस डब्लूटीए 500 इवेंट में उतरेंगी जो 2023 सत्र के दूसरे सप्ताह में खेला जाएगा और नौ जनवरी से शुरू होगा। एडिलेड 2 एडिलेड टेनिस उत्सव का दूसरा चरण है और यह 16 जनवरी से होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले आखिरी डब्लूटीए 500 टूनामेंट है।

### एम्मा रादुकानू ने सेबेस्टियन साक्स को बनाया नया कोच: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पिछले वर्ष की यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानू ने जर्मनी के सेबेस्टियन साक्स को अपना नया कोच नियुक्त किया है। 30 वर्षीय साक्स, जिन्होंने पिछले वर्ष अपने मार्गदर्शन में बेलिंडा बेंसिच को ओलम्पिक स्वर्ण दिलाया था, ने अबु धाबी में रादुकानू के साथ काम करना शुरू कर दिया है। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटिश खिलाड़ी रादुकानू चोट से उबरने के बाद वापसी के बाद एक प्रदर्शनी मैच में विम्बलडन उप विजेता ओंस जाबौर से 5-7 6-3 (10-8) से हार गयी थीं। जर्मन खिलाड़ी का फ्यूचर्स टूर में खिलाड़ी के रूप में संक्षिप्त करियर रहा है लेकिन कोच के रूप में उन्हें काफी कामयाबी मिली है। बेंसिच को दुनिया की शीर्ष 10 खिलाड़ियों में पहुंचाने से पहले वह जूलिया जॉर्जिस के साथ काम कर चुके हैं और उससे पहले विक्टोरिया अजारेंका की टीम का हिस्सा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साक्स 18 महीनों में रादुकानू के पांचवें कोच होंगे। ब्रिटेन की नंबर एक रादुकानू अपने 2023 सत्र की शुरूआत नए वर्ष के पहले सप्ताह में आकलैंड में करेंगी।

### विश्वकप फाइनल से पहले फ्रांस की टीम में 'फ्लू' फैला

**दोहा, एजेंसी।** अर्जेंटीना के खिलाफ फीफा 2022 विश्व कप फाइनल से पहले फ्रांस की टीम में वायरस का प्रकोप जारी है। फॉरवर्ड खिलाड़ी रैंडल कोलो मुआनी ने कहा यह जानकारी दी। टीम के मैनेजर डिडिएर डेसचैम्प्स ने पहले खुलासा किया था कि दो खिलाड़ी- डिफेंडर दयोट उपामेकानो और मिडफील्डर एड्रियन रैबियोट को फ्लू जैसे लक्षणों के कारण टीम से अलग होना पड़ा और वह मोरक्को के खिलाफ नहीं खेल पाये। फ्रांस ने इस सेमीफाइनल मैच को 2-0 से जीत लिया था। मुआनी ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, थोड़ा सा फ्लू है जो फैल रहा है लेकिन इसमे घातक कुछ नहीं है। इस पर इस फ्रैंकफर्ट खिलाड़ी को एक संचार प्रवक्ता ने जल्दी से रोक दिया और कहा, रैंडल एक डॉक्टर नहीं है, हम आपको बाद में समझाएंगे। डेसचैम्प्स ने स्वीकार किया है कि उनके खिलाड़ी काम के भारी बोझ और ठंडे मौसम से प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन वह इस बात पर कायम रहे कि प्रभावित खिलाड़ी लुसैल स्टेडियम में रविवार को होने वाले मैच से वंचित होने का खतरा नहीं है। हाल के दिनों में कतर में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के शुरूआती दिनों में दैनिक अधिकतम तापमान की तुलना में काफी गिर गया है।

# भारत ने जीता तीसरा दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप




**बेंगलुरु, एजेंसी।** आशाओं और उत्साह से भरी भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम ने आज तीसरे दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में बंगलादेश को 120 रन से हराकर यह खिताब जीतने की हैट्रिक पूरी कर ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सुनील रमेश (136 नाबाद) और अजय कुमार रेड्डी (100) के शतकों की बदौलत 277 रन बनाये। इसके जवाब में बंगलादेश 20 ओवर में 157 रन ही बना सकी।

मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजे गये सुनील ने टूनामेंट में लगातार तीसरा शतक जड़ते हुए 63 गेंदों पर 24 चौकों और एक छक्के की मदद से 136 रन बनाये, जबकि कप्तान अजय ने 50 गेंदों पर 18 चौकों की बदौलत 100 रन की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश के लिये सलामी बल्लेबाज सलमान ने 66 गेंदों पर 77 रन बनाये, हालांकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

भारत ने तीसरी बार दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप जीता है, जबकि इससे पहले टीम 2012 और 2017 में भी यह खिताब जीत चुकी है।

# भारत ने पहला टेस्ट जीता




**चटगांव, एजेंसी।** बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसके दम पर भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में जल्दी समेटकर पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन रविवार को यहां 188 रन से बड़ी जीत दर्ज की। भारत को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट लेने की जरूरत थी और उसने 11.2 ओवर में ही बाकी बचे विकेट हासिल कर दिए। बांग्लादेश की टीम ने सुबह छह विकेट पर 272 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसकी पूरी टीम 324 रन पर आउट हो गई। कुलदीप ने बाकी बचे चार विकेटों में से दो विकेट हासिल किए जबकि मोहम्मद सिराज और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिया। कुलदीप ने पहली पारी में पांच विकेट हासिल किए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने तीन विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 113 रन देकर आठ विकेट अपने नाम दर्ज किए जो कि उनका किसी एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कुलदीप ने भारत की जीत के बाद कहा, ह्यह्यमुझे कूकाबुरा गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है क्योंकि इससे मैं एसजी गेंद की तुलना में बेहतर ग्रिप और नियंत्रण बनाता हूं। उन्होंने कहा, जब मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता हूं तो यह काफी चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन इस बीच मैंने सीमित ओवरों के कई मैच खेले। मैं आईपीएल में खेला और भारत ए की तरफ से मैंने लाल गेंद से गेंदबाजी की। इस तरह से मैं लय में था। कुलदीप को बाएं हाथ के स्पिनर पटेल का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन देकर चार विकेट लिए। इस जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

# गाबा टेस्ट के पहले दिन गिरे 15 विकेट




**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने ट्राविस हेड (78 नाबाद) के आक्रामक अर्द्धशतक और स्टीव स्मिथ (36) के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शनिवार को पांच विकेट के नुकसान पर 145 रन बना लिये। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका 152 रन पर ऑलआउट हो गयी और ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में अब सिर्फ सात रन से पीछे है। हेड जब बल्लेबाजी करने उतरे तब ऑस्ट्रेलिया ने 27 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। गेंदबाजों के लिये मददगार विकेट पर हेड ने प्रत्याक्रमण शुरू किया और 23वें ओवर में लुंगी एनगिडी के खिलाफ 15 रन जोड़े। स्मिथ ने संयमपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए हेड का साथ दिया और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 117 रन की साझेदारी हुई। स्मिथ ने 68 गेंदें खेलकर तीन चौकों के साथ 36 रन बनाये, जबकि हेड 77 गेंदों पर 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 78 रन बना चुके हैं। दिन का खेल खत्म होने से पहले दक्षिण अफ्रीका ने स्मिथ और नाइट वॉचमैन के रूप में पिच पर उतरे स्कॉट बोलैंड (एक) को आउट करके मैच में कुछ हद तक वापसी कर ली, हालांकि हेड अब भी विकेट पर मौजूद हैं। इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और प्रोटियाज को 48.2 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिये विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेन ने सर्वाधिक 64 रन बनाये, जबकि टेम्बा बावुमा ने 38 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क और नेथन लायन ने तीन-तीन विकेट लिये जबकि पैट कमिंस और बोलैंड को दो-दो सफलताएं हासिल हुईं।

# 2025 से क्लब विश्व कप में 32-टीम, अगला संस्करण मोरक्को में : इन्फेंटिनो




**दोहा (कतर), एजेंसी।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने शुक्रवार को मोरक्को को फरवरी में होने वाले फीफा क्लब विश्व कप फुटबॉल का मेजबान घोषित किया, जो 2023 की शुरूआत में होने वाला है। साथ ही इस बात की पुष्टि करते हुए कि शासी निकाय 32-टीम क्लब विश्व कप की योजना के साथ आगे बढ़ रहा है।

मोरक्को 1-11 फरवरी तक पुराने प्रारूप के तहत सात टीमों के साथ आयोजन करेगाः सत्तारूढ़ निकाय फीफा के छह संघों से चैंपियंस लीग के विजेता, साथ ही मेजबान राष्ट्र की एक टीम। 2022 विश्व कप के दौरान एटलस लायंस के शानदार प्रदर्शन के बीच इस आयोजन की मेजबानी करने वाले मोरक्को की खबर आई क्योंकि वह टूनामेंट के इतिहास में सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले अफ्रीकी और अरब देश बन गए। मोरक्को ने इससे पहले 2013 और 2014 में फीफा क्लब विश्व कप की मेजबानी की थी।

क्लब विश्व कप को पुरस्कार देने के निर्णय को फीफा परिषद की बैठक में मंजूरी दी गई, जो शुक्रवार को हुई थी, और यूरोपीय चैंपियन के रूप में रियल मैड्रिड सहित सात टीमों को शामिल करेगा। प्रतियोगिता वर्तमान में मुख्य महाद्वीपीय क्लब प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हर साल एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करती है, लेकिन नए संस्करण में दुनिया भर से 32 टीमें शामिल होंगी और हर चार साल में एक बार इसका आयोजन होगा।

प्रतियोगिता वर्तमान में मुख्य महाद्वीपीय क्लब प्रतियोगिताओं के विजेताओं को हर साल एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करती है, लेकिन नए संस्करण में दुनिया भर से 32 टीमें शामिल होंगी और हर चार साल में एक बार होंगी। फीफा विश्व कप के प्रमुख ने कहा, यह हर चार साल में 32 टीमों का क्लब विश्व कप होगा और पहला संस्करण 2025 की गर्मियों में होगा। अंतर्राष्ट्रीय मैच कैलेंडर को भी 2025 से बदल दिया जाएगा, सितंबर के अंत में चार मैचों में फैले एक विस्तारित ब्रेक के साथ और अक्टूबर की शुरूआत में सितंबर और अक्टूबर में दो अलग-अलग विंडो की जगह। नवंबर, मार्च और जून में अन्य विंडो अपरिवर्तित रहेंगी, यह घोषणा की गई।

इन्फैनटिनो ने कहा, स्थान के विवरण पर अभी भी चर्चा करने की आवश्यकता है, लेकिन इस पर सहमति बनी है और फैसला किया गया है कि 32 टीमों का क्लब विश्व कप टूनामेंट इसे विश्व कप की तरह आगे बढ़ाएगा। हमने फैसला किया है कि हर चार साल में 32 टीमों का एक क्लब विश्व कप खेला जाएगा और पहला संस्करण 2025 में गर्मियों में होगा।

उस स्लॉट के दौरान जहां अन्य वर्षों में यह कन्फेडरेशन कप होगा, यह थोड़ा लंबे समय तक होगा क्योंकि इसमें 32 टीमें हैं इसलिए यह थोड़ा लंबा चलेगा लेकिन वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें होंगी जिन्हें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। लेकिन सभी विवरण नियत समय में विकसित किए जाएंगे और हम तय करेंगे कि अगले कुछ हफ्तों या महीनों में सभी हितधारकों के परामर्श से यह कहां होगा।

# विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहे गुरदीप सिंह

**बोगोटा, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के 109 किग्रा से अधिक के भार वर्ग में 21वां स्थान हासिल किया। ग्रुप सी में प्रतिस्पर्धा पेश करते हुए भारत के इस भारोत्तोलक ने 350 किग्रा (145 किग्रा और 205 किग्रा) वजन उठाया जो इस साल के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों में दिखाए गए प्रदर्शन से 40 किग्रा कम है।

भारत ने इस प्रतियोगिता में केवल दो पदक जीते। उसे यह दोनों पदक स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने दिलाई। चानू ने पिछले सप्ताह महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग में दो रजत पदक जीते। इनमें से एक पदक उन्होंने क्लीन एवं जर्क वर्ग में जबकि दूसरा पदक कुल भार में हासिल किया।

महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एवं जर्क तथा कुल भार में अलग अलग पदक दिए जाते हैं। ओलंपिक में केवल कुल भार के लिए पदक दिए जाते हैं।

अन्य भारतीय खिलाड़ियों में चनमबम ऋषिकांत सिंह (61 किग्रा) और राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता एस बिंद्यारानी देवी (59 किग्रा) अपनी-अपनी स्पधाओं में क्रमशः 22वें और 25वें स्थान पर रहे।

# कतर में हर तरफ दिख रहे हैं अर्जेंटीना के प्रशंसक



**दोहा, एजेंसी।** अपने दिग्गज खिलाड़ियों के लिए मशहूर रहे फुटबॉल के दीवाने देश अर्जेंटीना के प्रशंसक लगातार आर्थिक संकट से जूझने के बावजूद अपने देश को 36 साल बाद विश्वकप विजेता बनते हुए देखने के लिए बड़ी कुबार्नी देकर कतर पहुंच रहे हैं।

दोहा की सड़कों पर अर्जेंटीना के प्रशंसकों का जोश और जुनून देखा जा सकता है। वे मुचाचोस नाम के गीत को गा रहे हैं जो कि दक्षिण अमेरिकी देश के इन प्रशंसकों के लिए अनाधिकृत विश्वकप गान बन गया है। अर्जेंटीना रविवार को फाइनल में पिछली बार के चैंपियन फ्रांस का सामना करेगा। कतर की राजधानी में सौक वक्फ बाजार के एक कोने में अर्जेंटीना की आसमानी नीली और सफेद धारीदार जर्सी पहने एक युवा महिला फुटबॉल को अपने पांव से नचा रही थी तो उसके चारों तरफ स्थानीय लोगों और पर्यटकों की भीड़ एकत्रित हो गई। उसके पास अंग्रेजी और अरबी भाषा में हाथ से लिखा बैनर था जिसमें लुसैल स्टेडियम में होने वाले विश्वकप फाइनल का टिकट उपलब्ध कराने की मांग की गई थी।

इस 24 वर्षीय प्रशंसक बेलेन गोडोइ ने कहा, फुटबॉल मेरे लिए सब कुछ है। मैं अपना परिवार छोड़कर यहां आई हूं। मैंने अपनी सारी बचत खर्च कर दी है। मैं वापस ब्यूनसआयर्स लौट जाऊंगी और मैं नहीं जानती कि मैं कैसे अपना किराया चुकता करूंगी। लेकिन मैंने जो जिंदगी जी है, उसे मुझसे कोई नहीं छीन सकता। गोडोइ ने फिर से बिक्री के लिए रखे गए टिकटों को खरीद कर अर्जेंटीना का लगभग हर मैच देखा है। अर्जेंटीना के कई ऐसे प्रशंसक हैं जो अपना बहुमूल्य सामान बेचकर यहां पहुंचे हैं। इनमें 34 वर्षीय क्रिस्टियन मशीनेली भी है जिन्होंने विश्वकप में अर्जेंटीना को खेलते हुए देखने के लिए अपना टोयोटा ट्रक बेच दिया। मशीनेली ने कहा,मैंने इसके लिए अपना ट्रक बेच दिया। मैंने अभी तक वही धनराशि यहां खर्च की है तथा मेरे पास फाइनल का टिकट खरीदने के लिए पर्याप्त धनराशि है। हम अर्जेंटीनी फुटबॉल के दीवाने हैं और इसके लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है कि अर्जेंटीना के कितने प्रशंसक कतर पहुंचे हैं। अर्जेंटीना का समर्थन करने के लिए फुटबॉल प्रेमी केवल स्वदेश से ही यहां नहीं पहुंच रहे हैं बल्कि यूरोप और अमेरिका में रहने वाले उसके प्रशंसक भी कतर पहुंचे हैं।

# एलपीएल ने मुझे कप्तानी को समझने में मदद की है : हसरंगा



**कोलंबो, एजेंसी।** कई पूर्व और विदेशी खिलाड़ियों ने युवा घरेलू खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के लिए लंका प्रीमियर लीग की सराहना की है। साथ ही उनका यह भी मानना है कि यह लीग वानिन्दु हसरंगा जैसे युवा गतिशील खिलाड़ियों और अन्य को अपनी कप्तानी कौशल दिखाने का मौका दे रहा है।

हसरंगा 704 की रेटिंग के साथ आईसीसी मेन्स टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज हैं। उन्होंने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2022 में भी इतिहास रचा है, क्योंकि वह टूनामेंट में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने। हसरंगा लंका प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में भी 17 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। लंका प्रीमियर लीग में, वह कैंडी फाल्कन्स फ्रेंचाइजी के कप्तान हैं। टीम ने खेले गए 6 मैचों में से 5 में जीत हासिल की है और तालिका में शीर्ष पर है। एक कप्तान के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, एक कप्तान के रूप में मुझे हर स्थिति में शांत रहना चाहिए। हर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहिए ताकि खिलाड़ी भी अपना सर्वश्रेष्ठ दें। पिछले दो साल से टीम आखिरी स्थान पर रही है लेकिन इस साल हम तालिका में शीर्ष पर हैं लेकिन अभी आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम इसे कदम दर कदम आगे बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि हम सभी तरह से आगे बढ़ सकते हैं।

श्रीलंका क्रिकेट के पूर्व दिग्गज सनथ जयसूर्या, जो कैंडी फाल्कन्स के टीम मेंटर हैं, ने इस बारे में बात की कि कैसे लीग श्रीलंका के खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने में मदद कर रही है और कैसे यह युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़कर नेतृत्व करने का अवसर प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा, टीम इस सीजन में असाधारण प्रदर्शन कर रही है। इसुरु, वानिंदु जैसे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं। हमारे पास कई युवा खिलाड़ी हैं जिन्होंने प्रभावित किया है। वानिन्दु हर खेल में उन्हें प्रेरित करने वाले नेता रहे हैं। वह युवा खिलाड़ियों की मदद के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं लेकिन साथ ही वह सभी से सीख भी रहे हैं। यह उसके लिए सीखने की प्रक्रिया भी है। वैश्विक मंच पर एक टीम का नेतृत्व करना कभी आसान नहीं होता है लेकिन वह बहुत अच्छा कर रहा है।

कार्लोस ब्रैथवेट, जो टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले (6 मैचों में 15) गेंदबाज हैं, ने अपने कप्तान के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा, ह्विपारीत परिस्थितियों में जब भी मुझे किसी मदद या सलाह की जरूरत होती है तो वानिन्दु हमेशा मौजूद रहते हैं। वह हमेशा सक्रिय रूप से सोचता है जो टीम को जीतने में मदद करता है। उसके पास जीतने की मानसिकता है जो मैदान पर खिलाड़ियों की भावना को बढ़ाती है।

उन्होंने कहा, 'वह इतने सारे युवाओं के लिए एक रोल मॉडल रहे हैं और खिलाड़ी उन्हें देखते हैं। मैं वास्तव में उसके नेतृत्व में खेलने का आनंद लेता हूं और मुझे आशा है कि हम इस संस्करण में सभी तरह से आगे बढ़ेंगे।

# रणजी : महाराष्ट्र ने दिल्ली को नौ विकेट से हराया


**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशाय पालकर के हरफनमौला प्रदर्शन की मदद से महाराष्ट्र ने रणजी ट्राफी ग्रुप बी मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ नौ विकेट से सीधी जीत दर्ज की। पुणे में खेले गये मैच में दिल्ली ने पहली पारी में 191 रन बनाये जिसके जवाब में महाराष्ट्र ने मैन आफ द मैच अशाय (100) और अजीम काजी (124) के शतकों की मदद से पहली पारी में 324 रन बनाकर 133 रन की लीड हासिल की। जवाब में दिल्ली ने दूसरी पारी में 310 रन बनाये और महाराष्ट्र को जीतने के लिये 178 रन का लक्ष्य दिया जिसे महाराष्ट्र के खिलाडियों ने एक विकेट के नुकसान पर 180 रन बना कर हासिल कर लिया। पवन शाह 87 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि कौशल तांबे ने 64 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। अशाय ने दिल्ली की दोनो पारियों में दो दो विकेट झटके। नागालैंड के सोवीमा में एलीट ग्रुप ए के मुकाबले में उत्तराखंड ने बड़ी आसानी से मेजबान नागालैंड को 174 रनों से रौंद दिया। उत्तराखंड ने पहली पारी में 282 रन बनाये जिसके जवाब में मेजबान टीम ने 389 रन बना कर करारा जवाब दिया। दूसरी पारी में उत्तराखंड ने सात विकेट पर 306 रन बनाकर पारी समाप्ति का एलान किया मगर नागालैंड की टीम दूसरी पारी में दयनीय प्रदर्शन करते हुये मात्र 25 रनो पर ढेर हो गयी। उधर मुबंई ने ग्रुप बी के मुकाबले में आंध्र प्रदेश के खिलाफ नौ विकेट से जीत हासिल की।

# बैकलेस ड्रेस में रिया चक्रवर्ती ने दिए ऐसे पोज, नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती आए दिन अपनी बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है जिसमें रिया चक्रवर्ती बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। रिया चक्रवर्ती हर वक्त फैंस के बीच अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती बेहद ही खूबसूरत और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती हमेशा अपने हर अंदाज से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती हुई नजर आती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी एक बार कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती का फैशन सेंस हमेशा से ही कमाल का रहता है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रिया ने ब्लैक कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो सुपर बोल्ड लुक्स देती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

# सेल्फी से सामने आया अक्षय कुमार का नया लुक



बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म सेल्फी अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अक्षय ने अपने लुक की झलक दिखाते हुए फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की है। सोशल मीडिया पर शेयर की गई इस तस्वीर में अभिनेता रंग-बिरंगे फॉक्स फर कोट में पोज देते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने यह तस्वीर साझा करते हुए फिल्म और अपने मंत्र के बारे में जानकारी दी है।अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा करते हुए अभिनेता ने लिखा, आज के लिए मेरा मंत्र झ गर्मी, नमी और फॉक्स फरङ्कसब चलेगा, बस काम कर, काम कर। फिल्म सेल्फी के लिए मस्त नए गाने की शूटिंग कर रहा हूं। आप सभी से 24 फरवरी को सिनेमाघरों में मुलाकात होगी। अभिनेता की इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी कमेंट कर रहे हैं। वरुण धवन ने लिखा, मस्त दिख रहे हो सर। वहीं सनी सिंह ने दिल वाले इमोजी बनाए। फिल्म सेल्फी में अक्षय के साथ इमरान हाशमी, डायना पेंटी और नुसरत भरूचा जैसे सेलेब्स मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। राज मेहता के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में पहली बार अक्षय और इमरान की जोड़ी एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली है। बता दें कि यह फिल्म साल 2019 में आई मलयालम ब्लॉकबस्टर ड्राइविंग लाइसेंस की आधिकारिक रीमेक है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमार और सूरज वेंजारामूडु ने अभिनय किया था। साल 2022 में अक्षय की पांच फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इनमें से चार फिल्में सिनेमाघरों में और एक फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली फिल्में- सम्राट पृथ्वीराज, बच्चन पांडे, रक्षा बंधन और राम सेतु बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुईं। वहीं, ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली फिल्म कठपुतली दर्शकों को पसंद आई। बता दें कि इस फिल्म में अक्षय के साथ रकुल प्रीत सिंह, चंद्रचूर सिंह और सरगुन मेहता थे। सेल्फी के अलावा अगले साल अक्षय की कई फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। अक्षय, महेश मांजरेकर की मराठी फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाते नजर आएंगे। अभिनेता, टाइगर श्रॉफ और गोरखा के साथ बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखाई देने वाले हैं। इसके अलावा अक्षय, ओह माय गॉड 2 को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में अक्षय भगवान शंकर का किरदार निभाने वाले हैं।

# गूगल पर मोस्ट सर्च्ड एशियन अभिनेत्री बनीं कैटरीना कैफ

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ गूगल पर मोस्ट सर्च्ड एशियान अभिनेत्री बाना गयी



हैं। गूगल ने हाल ही में टॉप 10 मोस्ट सर्च्ड एशियन्स की लिस्ट जारी की है। कैटरीना कैफ वर्ष 2022 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाली एशियन अभिनेत्री बन गई हैं।कैटरीना कैफ आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए लिस्ट में टॉप पर हैं। टॉप 10 लिस्ट में कैटरीना सातवें, आलिया आठवें और प्रियंका नवें स्थान पर हैं। लिस्ट में सबसे पहला नंबर दक्षिण कोरियाई बैंड बीटीएस फाइव का है। इस बैंड के फैंस महज कोरिया में नहीं बल्कि दुनिया भर में फैले हुए हैं। दूसरे नंबर पर जंगकुक हैं, जो कि खुद बीटीएस बैंड के ग्रुप मेंबर हैं। तीसरे नंबर पर भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली हैं। चौथे पर जिमिन, पांचवें नंबर पर दिवंगत गायिका लता मंगेशकर और छठे नंबर पर साउथ कोरियन सिंगर लिसा है।

# विवेक अग्निहोत्री ने शुरू की फिल्म द वैक्सीन वॉर की शूटिंग




इस साल अपनी द कश्मीर फाइल्स के साथ भारी सफलता का स्वाद चखने वाले निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने लखनऊ में अपनी अगली परियोजना द वैक्सीन वॉर की शूटिंग शुरू कर दी है। निर्देशक ने अपने फॉलोअर्स के साथ अपडेट साझा करने के लिए अपने सोशल मीडिया का सहारा लिया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के स्क्रिप्ट की एक तस्वीर को शेयर कर कैप्शन दिया, गुड मार्निंग, हम नई चीजों के लिए जीते हैं। नई खुशी। कुछ दिन पहले विवेक ने फिल्म के रिसर्च वर्क की एक झलक शेयर की थी। द वैक्सीन वॉर कोविड 19 महामारी के अनिश्चित समय के दौरान चिकित्सा बिरादरी और वैज्ञानिकों के अंतहीन समर्थन को देखते हुए बनाई गई है। निर्देशक ने पहले साझा किया है कि इस विषय पर शोध करने और दर्शकों के सामने सही तथ्य पेश करने में लगभग एक साल लग गया। फिल्म की कहानी 3200 पन्नों में लिखी गई है और 82 लोगों ने दिन-रात कहानी पर काम किया। कुशल अनुसंधान करने के लिए, टीम ने वास्तविक वैज्ञानिक और टीका विकसित करने वाले लोगों से मुलाकात की।पल्लवी जोशी द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 अगस्त, 2023 को हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़, भोजपुरी, पंजाबी, गुजराती, मराठी और बंगाली सहित 10 से अधिक भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।


# पठान के लिए शाहरुख ने वसूली इतनी मोटी रकम, जॉन से भी कम है दीपिका की फीस



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान साल 2023 में तीन फिल्मों से बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। जिसकी शुरूआत फिल्म पठान से करने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम नजर आएंगे। फैंस इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में पठान का पहला गाना बेशर्म रंग रिलीज हुआ था। जिसमें दीपिका पादुकोण ने अपनी अदाओं से जलवा बिखेरा। हालांकि गाने को लेकर लगातार विवाद हो रहा है। लेकिन इस फिल्म को करने के लिए सभी कलाकारों ने तगड़ी फीस ली है।फिल्म पठान से शाहरुख खान ने लगभग 4 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए एक्टर ने अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखा है। फिल्म के एक्टर ने जीन जान से मेहनत की है। अब जब मेहनत की है तो, किंग खान फीस भी डबल ही लेंगे। जी हां अगर बाकी कलाकारों से तुलना करें तो सबसे ज्यादा शाहरुख खान ने फीस चार्ज की है। रिपोर्ट्स के अनुसार अभिनेता ने पठान के लिए 100 करोड़ रुपये लिए हैं।फिल्म पठान में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त आन स्क्रीन कैमिस्ट्री दिखाई देगी। फैंस इस जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ देखने को मिलेगी। फिल्म के पहले गाने बेशर्म रंग में दोनों की सिजलिंग कैमिस्ट्री देख फैंस और भी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण ने 15 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।इसके अलावा पठान में जॉन अब्राहम भी अपने एक्शन अवतार से एक बार फिर फैंस को एंटरटेन करेंगे।

# आरआरआर ने फिर रचा इतिहास, क्रिटिक चॉइस अवॉर्ड्स में मिले पांच नॉमिनेशन

एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर आए दिन एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। पिछले दिन इसे गोल्डन ग्लोब्स में दो श्रेणियों के लिए नॉमिनेशन मिला और अब इस फिल्म को क्रिटिक चॉइस अवॉर्ड्स 2023 के लिए पांच नॉमिनेशन मिले हैं, जिसके बाद फिल्म की टीम की खुशी का ठिकाना नहीं है। निमार्ताओं ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है।क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स 2023 में भी आरआरआर ने इतिहास रच दिया है। इसे बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट विदेशी भाषा फिल्म, बेस्ट विजुअल अफेक्ट और बेस्ट सॉन्ग (नातु नातु) जैसी पांच श्रेणियों में नॉमिनेट किया गया है। आरआरआर के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर लिखा गया है, एक और दिन और आरआरआर के लिए एक और माइलस्टोन। इस खबर से फिल्म के प्रशंसक सातवें आसमान पर हैं। क्रिटिक्स फिल्म चॉइस अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ कंटेंट और प्रदर्शन को सम्मानित किया जाता है। आरआरआर 1920 के दशक में दो भारतीय क्रांतिकारियों अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम के इर्द-गिर्द बुनी गई है। राम चरण और जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म 24 मार्च को दुनियाभर में तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज हुई थी।



इसमें आलिया भट्ट और अजय देवगन ने भी अहम भूमिका निभाई है। इसने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023 में बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म और बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग की श्रेणी में दो नॉमिनेशन हासिल किए हैं। आरआरआर को अटलांटा फिल्म क्रिटिक्स सर्कल द्वारा बेस्ट इंटरनेशनल पिक्चर के रूप में सम्मानित किया गया है। सैटर्न अवॉर्ड्स 2022 में बेस्ट इंटरनेशनल फिल्म का अवॉर्ड भी यह अपने नाम कर चुकी है। इसने फिलाडेल्फिया फिल्म फेस्टिवल में नैरेटिव ऑडियंस अवार्ड भी जीता था। राजामौली को इसके लिए न्यूयॉर्क फिल्म क्रिटिक्स सर्कल की तरफ से सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से नवाजा गया। आरआरआर 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने वाली तीसरी भारतीय फिल्म भी है। आरआरआर ने रजनीकांत की मुथु को पीछे छोड़ते हुए जापान में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म का रिकॉर्ड बनाया है। यह रिकॉर्ड बीते दो दशकों से मुथु के पास था। इसने जापानी बॉक्स ऑफिस पर 400 मिलियन जापानी येन यानी लगभग 24 करोड़ रुपये कमाए थे, लेकिन आरआरआर यह आंकड़ा पार कर चुकी है। यह फिल्म 21 अक्टूबर को जापान के 44 शहरों और प्रान्तों में 209 स्क्रीन्स और 31 आईएमएक्स स्क्रीन्स पर रिलीज हुई थी। आईएमडीबी की सबसे लोकप्रिय भारतीय फिल्मों की सूची में क्रक्रक्र पहले नंबर पर है। दूसरे नंबर पर द कश्मीर फाइल्स और तीसरे नंबर पर केजीएफः 2 है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।